जैसे ही राष्ट्रीय महिला आयोग में कोई शिकायत प्राप्त होती है (किसी भी तरीके से), उसे पंजीकरण हेतु शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ में भेजा जाता है, जहां उसकी आयोग में प्राप्ति की तिथि, संख्या, प्रेषक का नाम तथा पता, मामला संख्या, श्रेणी तथा राज्य, आदि जैसे ब्योरों को नोट किया जाता है। पंजीकरण शिकायत की प्राप्ति की तिथि के 24 घंटे के भीतर किया जाता है। फिर एक जांच समिति गठित करने की अध्यक्षा की शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना प्रायः संज्ञान में ली गई शिकायतों को क्रम–वार नोट किया और शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ के विभिन्न पराशर्मदाताओं के मध्य वितरित किया जाता है। प्रत्येक परामर्शदाता एक सदस्या के साथ संबद्ध होता है, जो किसी विशेष मामले में निर्णय लेने के लिए अंतिम प्राधिकारी है।

परामर्शदाता शिकायतों की संक्षिप्त प्रसारण रिपोर्ट (बी टी आर) तैयार करते हैं, जिसमें वे राष्ट्रीय महिला आयोग की शक्ति तथा अधिदेश के अनुसार मामले में की जाने वाली कार्रवाई का सुझाव देते हैं। उक्त रिपोर्ट को फिर अनुमोदन हेतु संबंधित सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। संबंधित सदस्य द्वारा अनुमोदित कर दिए जाने के पश्चात परामर्शदाता आदेशों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करता है और शिकायतकर्ता को तदनुसार सूचित किया जाता है। संबंधित प्राधिकारियों से प्राप्त कृत कार्रवाई की रिपोर्ट की एक प्रति शिकायतकर्ता को मुहैया कराई जाती है और उससे कृत कार्रवाई रिपोर्ट पर आयोग को अपनी टिप्पणियां उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाता है। यदि शिकायतकर्ता/आवेदक को कृत कार्रवाई रिपोर्ट पर कोई आपत्ति नहीं होती है तो शिकायत को संबंधित सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है और उनके अनुमोदन से उसे बंद कर दिया जाता है। तथापि यदि शिकायतकर्ता कृत कार्रवाई रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं है तो उसकी टिप्पणियों को मंगवाया जाता है तथा उसके पश्चात उनके मद्देनजर उचित कार्रवाई की जाती है। आयोग की अध्यक्षा एवं सदस्यों द्वारा किसी घटना/घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लेने, संबंधित प्राधिकारियों से कृत कार्रवाई रिपोर्ट मंगवाने, सुनवाई हेतु पक्षों को बुलाने, सुनवाई करने तथा बयानों को दर्ज करने, परामर्श सत्र आयोजित करने तथा समाधान लाने और रिपोर्टों पर सिफारिशें करने के संबंध में निर्णय लिया जाता है। शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ उप–सचिव/संयुक्त सचिव के पर्यवेक्षण में और संबंधित सदस्या के समग्र पर्यवेक्षण तथा दिशानिर्देश में कार्य करता है। अंतिम निर्णय संबंधित सदस्या द्वारा लिया जाता है, जो यह निर्णय करता है कि क्या मामले को बंद कर दिया जाए अथवा और आगे सुनवाई की जाए अथवा संबंधित प्राधिकारियों से और रिपोर्टें प्राप्त की जाएं अथवा आयोग के अनुमोदन से एक जांच समिति के गठन की सिफारिश की जाए। तथापि समिति का गठन केवल अध्यक्षा द्वारा उचित अनुमोदन के पश्चात ही किया जाता है। सामान्यतया शिकायत के अंतिम निपटान के समय सभी मामलों में शिकायतकर्ता को एक पत्र भेजा जाता है, चाहे आयोग द्वारा संज्ञान लिया गया हो अथवा नहीं। शिकायत

एवं जांच प्रकोष्ठ में शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया और विनियमों का ब्योरा "राष्ट्रीय महिला आयोग (प्रक्रिया) विनियम, 2005, भाग–II (शिकायतों पर कार्रवाई करने संबंधी प्रक्रिया)" और शिकायतों को बंद करने की प्रक्रिया, (शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ), 2010" में दिया गया है।

शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ शिकायतकर्ता को उचित राहत प्रदान करने और शिकायतकर्ता की शिकायतों के उचित समाधान को सुनिश्चित करने के लिए प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करता है। मामले के निपटान हेतु निम्नलिखित तरीके अपनाए जा रहे हैं:

- जिन विशिष्ट मामलों में कार्रवाई करने में पुलिस द्वारा उदासीनता बरती गई हो, उनसे संबंधित ब्योरा जांच हेतु संबंधित राज्य सरकारों को भेजा जाता है और उस पर निगरानी रखी जाती है;
- पारिवारिक विवादों/वैवाहिक विवादों को परामर्श के माध्यम से सुलझाया जाता है;
- गंभीर अपराधों हेतु आयोग एक जांच समिति का गठन करता है, जो मौके पर जाकर जांच करती है, विभिन्न साक्षियों से पूछताछ करती है, साक्ष्य एकत्र करती है तथा सिफारिशों के साथ एक रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। ऐसी जांच हिंसा तथा अत्याचार से पीड़िता को तत्काल राहत तथा न्याय दिलवाने में सहायक होती है। आयोग ऐसे मामलों को संबंधित राज्य सरकारों/प्राधिकारियों के समक्ष उठाकर जांच समितियों की सिफारिश के क्रियान्वयन की स्थिति पर निगरानी रखता है;
- कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों में संबंधित संगठन/विभाग को ***विशाखा बनाम राजस्थान सरकार मामले में,*** कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय ***(ए आई आर 1997 उच्चतम न्यायालय 3011)*** के अनुसार एक आंतरिक शिकायत समिति गठित करने के लिए प्रेरित किया जाता है, जो व्यथित महिला कर्मचारी की शिकायत पर जांच करेगी और आयोग को तत्संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जागरूकता उत्पन्न करने के लिए आयोग ने विभिन्न राज्यों से प्रकाशित होने वाले प्रमुख समाचारपत्रों में विज्ञापन भी प्रकाशित किया है जिसमें सरकारी के साथ–साथ निगमित क्षेत्रों में भी "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न" से संबंधित मामलों में जांच करने के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति गठित करने पर बल दिया गया है।

ऐसी शिकायतें, जिन पर आयोग द्वारा सामान्यतः कार्रवाई नहीं की जाती:

निम्नलिखित प्रकृति की शिकायतों/मामलों में आयोग द्वारा सामान्यतः कार्रवाई नहीं की जाती है:

क. ऐसी शिकायतें जो स्पष्टतः पढ़ी न जा सकें या संदिग्ध हों, गुपचुप तरीके से की गई हों या छद्म नाम से की गई हों; या

ख. यदि उठाया गया मुद्दा पक्षों के बीच सिविल विवाद (दीवानी मामले) से संबंधित हो, जैसेकि संविदात्मक अधिकार दायित्व आदि से संबंधित मामले;

ग. यदि उठाया गया मुद्दा सेवा मामलों से संबंधित हो, जिनमें महिला अधिकारों की वंचना शामिल न हो;

घ. यदि उठाया गया मुद्दा श्रम/औद्योगिक विवादों से संबंधित हो, जिनमें महिला अधिकारों की वंचना शामिल न हो;

ड. यदि मामला किसी न्यायालय/अधिकरण के समक्ष न्यायाधीन हो;

च. राष्ट्रीय महिला आयोग ऐसे किसी भी मामले में जांच नहीं करेगा, जो किसी राज्य महिला आयोग या तत्समय प्रवृत्त किसी भी कानून के अंतर्गत विधिवत गठित किसी अन्य आयोग में लंबित हो;

छ. यदि मामले पर राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा पहले ही निर्णय दिया जा चुका हो;

ज. यदि मामला किसी अन्य आधार पर राष्ट्रीय महिला आयोग की परिधि से बाहर हो;

ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण प्रणाली

राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायतों के पंजीकरण की ऑनलाइन प्रणाली शिकायतों को जल्द और आसानी से पंजीकृत कराए जाने की दृष्टि से स्थापित की गई है। इस सुविधा से, आयोग के वेबसाइट www.nic.in के जरिए और आयोग के ई–मेल अर्थात ncw@nic.in के जरिए शिकायतें पंजीकृत कराई जा सकती हैं। अब भारत के या विश्व के किसी भी भाग से कोई भी व्यक्ति इस वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। कथित शिकायत को एक पंजीकरण नम्बर दिया जाता है और किसी परामर्शदाता विशेष के नाम चढ़ा दी जाती है। तत्पश्चात इसका निपटान उसी प्रक्रिया से किया जाता है जो डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से या अन्यथा प्राप्त शिकायत के बारे में अपनाई जाती है। यदि शिकायतकर्ता अपने मामले की प्रगति के बारे में जानना चाहे तो उसे केवल वेबसाइट पर लॉग–इन करना होता है और अपने मामले की संख्या और संगत पासवर्ड टाइप करने के बाद वह अपने मामले में हुई कार्यवाही तथा प्रगति के बारे में जान सकता है।

शीर्ष, जिनके अंतर्गत शिकायतों का पंजीकरण किया जाता है:

आयोग में प्राप्त और पंजीकृत शिकायतों को मुख्य रूप से निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत रखा जा सकता है:

(1) तेजाब से हमला
(2) हत्या का प्रयास
(3) बलात्कार का प्रयास
(4) द्वि–विवाह/व्यभिचार
(5) बालकों की अभिरक्षा
(6) साइबर अपराध
(7) परित्याग
(8) तलाक
(9) घरेलू हिंसा/वैवाहिक विवाद
(10) दहेज हत्या
(11) दहेज उत्पीड़न
(12) बालिका शिशु हत्या/भ्रूणहत्या
(13) कार्यस्थल पर उत्पीड़न
(14) दहेज हेतु उत्पीड़न/निर्दयतापूर्ण व्यवहार
(15) अपहरण/भगा ले जाना
(16) भरण–पोषण
(17) विविध
(18) महिला के साथ छेड़छाड़ करना/उसे तंग करना
(19) हत्या
(20) अनधिदेशित
(21) अनिवासी भारतीयों से विवाह
(22) पुलिस की उदासीनता
(23) पुलिस द्वारा उत्पीड़न
(24) संपत्ति (विधवा की संपत्ति, माता–पिता की संपत्ति, स्त्रीधन)
(25) बलात्कार
(26) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न
(27) आश्रय/पुनर्वास

वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान पंजीकृत शिकायतें (श्रेणी–वार और राज्य–वार)

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान आयोग को **15985** शिकायतें/मामले प्राप्त हुए और उनका पंजीकरण किया गया। वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान आयोग को प्राप्त हुई शिकायतों/मामलों का श्रेणी–वार और राज्य–वार विवरण अनुलग्नक **क–II** और **क–III** में दिया गया है, जहां शिकायतों को 27 श्रेणियों/शीर्षों के अंतर्गत पंजीकृत किया गया है।

वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान आयोग को प्राप्त शिकायतों/मामलों का श्रेणी–वार वर्गीकरण अनुलग्नकः **क–II** में दिया गया है। यह ज्ञात होता है कि राष्ट्रीय महिला आयोग को प्राप्त सर्वाधिक **2234** शिकायतें पुलिस की उदासीनता से संबंधित हैं, जिसके बाद घरेलू हिंसा/वैवाहिक विवाद से संबंधित **2155** शिकायतें और दहेज उत्पीड़न से संबंधित **1339** शिकायतें आयोग को प्राप्त हुई थीं। दहेज मृत्यु के मामलों की संख्या **521**, महिलाओं के साथ छेड़छाड़/तंग करने के मामलों की संख्या **461,** अपहरण/भगा ले जाने के मामलों की संख्या **174**, पुलिस उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की संख्या **516** थी। बलात्कार के प्रयास से संबंधित शिकायतों की संख्या **249** तथा बलात्कार से संबंधित मामलों की संख्या **543** थीं। कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों की संख्या **65** थी जबकि कार्यस्थल पर उत्पीड़न के मामलों की संख्या **401** थी। द्विविवाह/व्यभिचार के मामलों की संख्या **107** तथा संपत्ति (विधवा संपत्ति, माता–पिता की संपत्ति, स्त्रीधन, आदि) से संबंधित शिकायतों की संख्या **764** थी। तलाक के मामलों से संबंधित शिकायतों की संख्या **02** और तथा परित्याग से संबंधित मामलों की संख्या **02** थी। तेजाब से हमलों के **04** मामले और विविध प्रकार के **6376** मामले दर्ज किए गए।

ऊपर से अवरोही क्रम में दस श्रेणियों की सूची, जिनमें शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त हुई हैं, नीचे दशाई गई है :

क्र. सं.	श्रेणी*	शिकायतों की संख्या
1.	पुलिस की उदासीनता	2234
2.	घरेलू हिंसा/वैवाहिक विवाद	2155
3.	दहेज उत्पीड़न	1339
4.	संपत्ति (विधवा की संपत्ति, माता–पिता की संपत्ति, स्त्रीधन, आदि)	764
5.	बलात्कार	543
6.	दहेज हत्या	521
7.	पुलिस द्वारा उत्पीड़न	516
8.	महिलाओं के साथ छेडछाड़ करना/तंग करना	461
9.	कार्यस्थल पर उत्पीड़न	401
10.	बलात्कार का प्रयास	249

***टिप्पणी:** उपर्युक्त सारणी में विविध/अनधिदेशित श्रेणियों के अंतर्गत पंजीकृत शिकायतों को शामिल नहीं किया गया है।

वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान आयोग को प्राप्त राज्य–वार शिकायतों/मामलों को अनुलग्नकः **क–III** में दर्शाया गया है। आयोग को उत्तर प्रदेश से **8644** शिकायतें/मामले जबकि दिल्ली से **2094** शिकायतें, राजस्थान से **1339** शिकायतें प्राप्त हुईं जिससे राजस्थान इस मामले में तीसरे स्थान पर है, आयोग को प्राप्त हुई शिकायतों के मामले में हरियाणा चौथे स्थान पर और मध्य प्रदेश पांचवें स्थान पर है, जहां से आयोग को क्रमश' **710** और **674** शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

वर्ष 2009–10 के दौरान ऊपर से अवरोही क्रम में दस श्रेणियों की सूची, जिनमें शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त हुई हैं, नीचे दशाई गई हैः

क्र. सं.	राज्य का नाम	शिकायतों की संख्या
1.	उत्तर प्रदेश	8644
2.	दिल्ली	2094
3.	राजस्थान	1339
4.	हरियाणा	710
5	मध्य प्रदेश	674
6.	बिहार	465

क्र. सं.	राज्य का नाम	शिकायतों की संख्या
7.	महाराष्ट्र	409
8.	उत्तराखंड	304
9.	पंजाब और झारखंड	प्रत्येक 209
10.	तमिलनाडु	158

अतः यह स्पष्ट है कि राष्ट्रीय महिला आयोग विपदाग्रस्त महिलाओं तथा साथ ही समाज को भी अत्यधिक महत्त्वपूर्ण सेवा प्रदान कर रहा है। शिकायतों के निपटान में आयोग द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया/प्रणाली से शिकायतों के निपटान में अनेक सफलताएं मिली हैं, जिनमें से कुछ चुनिंदा सफल मामलों का विवरण नीचे दिया गया है:

आयोग द्वारा निपटाए गए चुनिंदा सफल मामले

1. 66–वर्षीय एक महिला श्रीमती एक्स ने राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष यह गुहार लगाई कि उसका जनकल्याण ट्रस्ट, आनंद निकेतन वृद्ध सेवाश्रम, नोएडा, उ.प्र. के सचिव द्वारा शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया गया है और तत्पश्चात उसे आश्रम से बाहर फेंक दिया गया है। उसने आयोग को यह भी बताया कि उसे भोजन देने से मना कर दिया गया और उसे बार–बार वृद्धाश्रम को छोड़ने के लिए बाध्य किया गया। उसने ट्रस्ट के समक्ष अपना विरोध प्रस्तुत करते हुए कहा कि वह वृद्धाश्रम से तभी जाएगी यदि उसे उसके 1,00,000/– रुपए, जिसे उसने ट्रस्ट में दानस्वरूप जमा कराया था, लौटा दिए जाएं। तथापि ट्रस्ट के लोगों ने उसे यह कहते हुए उक्त राशि लौटाने से इनकार कर दिया कि वह राशि दानस्वरूप थी और अप्रतिदेय थी। शिकायतकर्ता ने इस स्थिति से अत्यधिक क्षुब्ध और व्यथित होकर अपनी धनराशि की वापसी के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले पर कार्रवाई करते हुए, शिकायतकर्ता और सचिव, जनकल्याण ट्रस्ट, आनंद निकेतन वृद्धाश्रम, नोएडा को आयोग के कार्यालय में बुलाकर उनके साथ बैठक की। विस्तृत सुनवाई के पश्चात ट्रस्टीज शिकायतकर्ता को 60,000/– रुपए लौटाने पर सहमत हुए क्योंकि वे विवाद को उपयुक्त रूप में सुलझा लेना चाहते थे। परिणामस्वरूप श्रीमती एक्स को ट्रस्ट द्वारा जारी चैक के माध्यम से 60,000/– रुपए लौटा दिए गए, जिसके पश्चात उसने अपनी सभी वस्तुओं के साथ ट्रस्ट के कमरे को खाली कर दिया।

2. राष्ट्रीय महिला आयोग को बीएसएफ कार्मिकों द्वारा चार महिलाओं पर कथित शारीरिक हमलों के संबंध में माननीय अध्यक्षा, मेघालय राज्य महिला आयोग, शिलांग से एक शिकायत प्राप्त हुई। राष्ट्रीय महिला आयोग इस मामले पर कार्रवाई करते हुए, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली और महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, शिलांग को इस मामले पर उपयुक्त कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए उनसे कृत कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत करने के लिए कहा। तत्पश्चात आयोग को महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली से इस मामले में कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें यह सूचित किया गया है कि मामले की जांच करने के लिए महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, शिलांग द्वारा एक जांच न्यायालय गठित करने का आदेश जारी किया गया है। कृत कार्रवाई रिपोर्ट से यह भी ज्ञात हुआ कि संबंधित पक्षों के बीच मामले पर पारस्परिक समझौता हो गया है और कोर्ट में "समझौता विलेख" प्रस्तुत किया गया है, जिसके पश्चात कार्यवाही बंद कर दी गई है क्योंकि पिनुरस्ला पुलिस थाने में दर्ज मामले की सभी धाराएं समाधेय या समझौतायोग्य थीं।

3. राष्ट्रीय महिला आयोग को जिला गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली श्रीमती एक्स से एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें उन्होंने यह कहा कि उनके पति स्व. श्री एक्स ब्रुकबांड कंपनी, कोलकाता में काम कर रहे थे। उन्होंने यह आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा उन्हें उनके मृतक पति की पेंशन/बकाया राशि का

भुगतान नहीं किया जा रहा है और एक अंतिम सहारे के रूप में उसने सहायता हेतु राष्ट्रीय महिला आयोग की शरण ली है। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा मामले पर कार्रवाई करते हुए, उस महिला के पति के नियोक्ता अर्थात हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड से इस संबंध में कृत कार्रवाई रिपोर्ट की मांग की गई। इस संबंध में आयोग को हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, मुबई से एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें यह सूचित किया गया है कि मृतक की पत्नी अर्थात शिकायतकर्ता के पक्ष में अनुग्रही भुगतान जारी कर दिया गया है।

4. राष्ट्रीय महिला आयोग को पूर्वी दिल्ली की निवासी श्रीमती एक्स से एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें उसने अपने पति पर उसके साथ उत्पीड़न/विश्वास भंग करने/निर्दयतापूर्ण व्यवहार करने/धोखाधड़ी करने/द्विविवाह करने का आरोप लगाया। उसने कहा कि उसके पति ने उसका परित्याग कर दिया है और उसे अपने पति के पता–ठिकाना के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। अत्यधिक व्यथित होकर उसने सहायता और हस्तक्षेप के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग की शरण ली है। इस संबंध में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा कार्रवाई करते हुए, शिकायतकर्ता के पति के पता–ठिकाना के बारे में जानकारी हासिल करने की कोशिश की गई जिसके पश्चात शिकायतकर्ता का पति आयोग के समक्ष उपस्थित हुआ। दोनों पक्षों को सलाह दी गई कि वे अपने वैवाहिक जीवन को बर्बाद होने से बचाएं। परिणामस्वरूप वे अपनी एकमात्र अल्पवयस्क पुत्री के भविष्य को देखते हुए, अपने मतभेदों का आपस में मिलजुलकर समाधान करने पर सहमत हो गए।

5. राष्ट्रीय महिला आयोग को पूर्वी जिला, दिल्ली की निवासी श्रीमती वाई से एक शिकायत प्राप्त हुई जिसमें उसने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर उसके साथ उत्पीड़न/अत्याचार/घरेलू हिंसा करने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले में कार्रवाई की और दोनों पक्षों अर्थात शिकायतकर्ता और उसके पति को आयोग में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बुलाया गया। इसके पश्चात दोनों पक्ष आयोग के समक्ष उपस्थित हुए और उनके साथ परामर्श बैठक आयोजित की गई जिसमें शिकायतकर्ता के पति ने अपना दोष स्वीकार किया और आयोग को लिखित में यह आश्वासन दिया कि भविष्य में वह अपनी पत्नी का उचित ध्यान रखेगा।

6. राष्ट्रीय महिला आयोग को उड़ीसा की स्थायी निवासी श्रीमती जेड से एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें उसने यह आरोप लगाया कि उसकी बहन श्रीमती वाई की उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा अधिक दहेज की मांग के चलते निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई है। उसने यह कहा कि उसकी बहन से उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग विवाह के तुरंत बाद ही दहेज की मांग और उसका उत्पीड़न करने लगे थे और जब वह उनके दिनानुदिन बढ़ती जा रही दहेज की मांग को पूरा नहीं कर पाई तो उसकी गुजरात के आनंद जिले में निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई। शिकायतकर्ता ने यह आरोप लगाया कि पुलिस इस मामले में त्वरित कार्रवाई नहीं कर रही है और यहां तक कि इस मामले में नियुक्त जांच अधिकारी द्वारा मृतका के पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर आरोपित भारतीय दंड संहिता की धारा 304(बी) अर्थात "दहेज हत्या" की धारा हटाने की बात कही जा रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए, पुलिस महानिदेशक, गांधीनगर, गुजरात, जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर, आनंद और पुलिस अधीक्षक, आनंद से कृत कार्रवाई रिपोर्ट की मांग की, जिसमें उनसे यह अनुरोध किया गया कि वे संबंधित मामले में उपयुक्त कार्रवाई शुरू करें। तत्पश्चात आयोग को गुजरात पुलिस से कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें यह सूचित किया गया कि इस मामले की फिर से जांच की गई है, जिसके पश्चात संबंधित न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल

कर दिया गया है तथा जांच के दौरान आईपीसी की धारा 304–बी हटाई नहीं गई है।

7. नई दिल्ली–18 की निवासी श्रीमती जे ने राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने यह आरोप लगाया कि वह जिस स्कूल में कार्य करती है, वहां के चेयरमैन द्वारा उसका "यौन उत्पीड़न/कार्यस्थल पर उत्पीड़न" किया गया है। उसने यह आरोप लगाया कि उक्त अपराधी द्वारा कोई न कोई बहाना बनाकर उसका उत्पीड़न किया गया है/उसे यातना दी गई है। उसने यह भी कहा कि जब उस अपराधकर्ता को यह ज्ञात हुआ कि पीड़िता ने उसके विरुद्ध राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है तो उसके साथ और अधिक उत्पीड़क व्यवहार करना शुरू कर दिया है। यहां तक कि उसे बिना किसी ठोस आधार के सेवा से निलंबित कर दिया गया/उसकी सेवा समाप्त कर दी गई। आयोग ने इस मामले पर विचार किया और निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और उस स्कूल की प्रबंध समिति के अध्यक्ष से कृत कार्रवाई रिपोर्टों की मांग की। तत्पश्चात आयोग को शिक्षा निदेशालय से कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें यह सूचित किया गया कि इस मामले में जांच करने के लिए एक जांच समिति गठित की गई थी जिसने अपने निष्कर्षों और सिफारिशों के साथ निदेशालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर निदेशालय ने स्कूल के प्रबंधन को निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता को फिर से नौकरी पर रख लिया जाए और समिति द्वारा दोषी पाए गए कथित अपराधी के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की जाए। बाद में, आयोग को यह सूचना प्राप्त हुई कि शिकायतकर्ता को नौकरी पर फिर से रख लिया गया है और अपराधकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई भी शुरू की गई है।

8. मुजफ्फरपुर, बिहार की एक महिला ने राष्ट्रीय महिला आयोग से यह शिकायत की कि उसके माता–पिता उसका इस कारण उत्पीड़न कर रहे हैं कि उसने अपनी पसंद से शादी कर ली है। उसके माता–पिता, उसके पति और उसके ससुराल पक्ष के लोगों को अपहरण के झूठे मामले में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। उसने राष्ट्रीय महिला आयोग से अपने वैवाहिक जीवन की रक्षा हेतु प्रार्थना करते हुए, शिकायत की। आयोग ने मामले पर कार्रवाई करते हुए, मुजफ्फरपुर रेंज, बिहार के पुलिस महानिरीक्षक को शिकायतकर्ता के बयान की एक प्रति और उसके आयु प्रमाण–पत्र के साथ एक पत्र भेजा। आयोग ने पुलिस से भी बात की और यह बताया कि वह महिला स्वयं आयोग के कार्यालय में उपस्थित हुई थीं और अपने विवाह के संबंध में बताया था तथा आयु के संबंध में उसने प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया था। उसके पश्चात पुलिस ने उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज नहीं की।

9. एक महिला ने राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष यह शिकायत की कि श्री वाई नामक एक व्यक्ति ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का चिकित्सक होने का झूठा दावा करते हुए, उसके पुत्र को गलत दवाइयां लेने की सलाह दी, जिसके कारण उसके पुत्र का गुर्दा काम करना बंद कर चुका है। इस नकली डॉक्टर के विरुद्ध हरिनगर पुलिस थाना, पश्चिमी जिला, नई दिल्ली में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिस मामले में श्री वाई ने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था। हालांकि उसे न्यायालय द्वारा जमानत देने से मना कर दिया गया था, किंतु पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया। आयोग ने इस मामले पर कार्रवाई करते हुए, हरिनगर थाने के थानाध्यक्ष को उक्त शिकायत पर विस्तृत कृत कार्रवाई रिपोर्ट के साथ व्यक्तिगत सुनवाई के लिए आयोग के समक्ष उपस्थित होने का नोटिस भेजा गया। हरिनगर थाने के थानाध्यक्ष ने आयोग के समक्ष उपस्थित होकर एक कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें यह कहा गया कि कथित अभियुक्त को

गिरफ्तार कर लिया गया था और उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था तथा न्यायालय ने उसे दो दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। तत्पश्चात आयोग के हस्तक्षेप पर उसकी कंपनी ने अभियुक्त औषधि प्रतिनिधि को सेवा से निकाल दिया।

10. एक महिला शिकायतकर्ता ने यह शिकायत की कि उसकी ससुराल पक्ष के लोग उसे शारीरिक और मानसिक यातना दे रहे हैं और उसका पति भी उसके साथ वैवाहिक संबंध को जारी रखने का इच्छुक नहीं है जिसके कारण वह उसकी कोई देखभाल नहीं करता। उसने आयोग से अपील की कि उसे उसका स्त्रीधन वापस दिलवा दिया जाए। आयोग ने इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, दोनों पक्षों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए आयोग के कार्यालय में बुलाया। आयोग के कार्यालय में हुई 5–6 सुनवाइयों के पश्चात दोनों पक्ष उपयुक्त हल पर पहुंच गए जिसके अनुसार पति–पत्नी के बीच तलाक के लिए पारस्परिक सहमति हुई और उस महिला के ससुराल पक्ष के लोगों ने आयोग के कार्यालय में ही उसे उसका स्त्रीधन लौटा दिया।

11. दिल्ली की रहने वाली एक महिला शिकायतकर्ता ने राष्ट्रीय महिला आयोग के समक्ष पहुंचकर यह शिकायत की कि उसके पति और ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उसका शारीरिक/मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं/उसके साथ निमर्म व्यवहार कर रहे हैं और धमकी दे रहे हैं। उसे यह कहा गया है कि यदि वह अपने मायके से भरपूर दहेज लेकर नहीं आती है तो उसका पति उससे सभी संबंध तोड़ लेगा और किसी दूसरी लड़की से विवाह कर लेगा। उसने आयोग से यह अपील की कि उसे उसका स्त्रीधन वापस दिलवाया जाए और साथ ही दोषियों को दंडित किया जाए और उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। आयोग ने दोनों पक्षों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए आयोग के कार्यालय में बुलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हरिद्वार को भी एक नोटिस भेजा गया ताकि सुनवाई हेतु प्रतिपक्ष के लोगों की आयोग के कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। आयोग के कार्यालय में चली चार सुनवाइयों के पश्चात दोनों पक्ष एक उपयुक्त हल पर पहुंच गए जिसके पश्चात उस महिला के ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे उसका स्त्रीधन तथा मुआवजे के रूप में 2 लाख रुपए की राशि लौटा दी। इसके साथ ही दोनों पक्ष प्राधिकारियों के समक्ष लंबित सभी मामलों को वापस लेने पर सहमत हो गए।

12. उत्तर प्रदेश की रहने वाली एक महिला ने आयोग के समक्ष यह शिकायत की कि उसकी पुत्री के पति और ससुराल पक्ष के लोग उससे दहेज की मांग करते हैं/उसका उत्पीड़न करते हैं/मानसिक और शारीरिक यातना देते हैं/निर्ममतापूर्ण व्यवहार करते हैं। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसकी पुत्री के ससुराल पक्ष के लोग उसके परिवार के लोगों को उसकी पुत्री से मिलने नहीं दे रहे हैं और इस मामले में पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उसने आयोग से यह अपील की कि उसे उसकी पुत्री से मिलवाया जाए। आयोग ने बिजनौर, उत्तर प्रदेश के पुलिस अधीक्षक को यह नोटिस भेजा कि वे विस्तृत कृत कार्रवाई रिपोर्ट के साथ आयोग में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उपस्थित हों। तत्पश्चात आयोग के हस्तक्षेप पर पुलिस ने पति और ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली।

13. एक शिकायतकर्ता ने आयोग में यह शिकायत की कि दहेज की मांग पूरी न कर पाने के कारण उसकी पुत्री की उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने हत्या कर दी है। पुलिस ने उसकी पुत्री के पति, सास और ससुर को तो गिरफ्तार किया, किंतु उसके देवर को गिरफ्तार नहीं किया क्योंकि प्राथमिकी से उसका नाम हटा लिया गया था। शिकायतकर्ता ने कहा कि हालांकि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी,

किंतु केवल तीन अभियुक्तों अर्थात महिला के पति, ससुर और सास को ही गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में आयोग ने कार्रवाई करते हुए, संबंधित पुलिस अधिकारियों को आयोग के कार्यालय में सुनवाई हेतु बुलाया तथा महिला के देवर को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

14. आयोग को एक महिला से इस आशय की शिकायत प्राप्त हुई कि उस महिला का वरिष्ठ अधिकारी उसका कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न करता है। जब उसने इस संबंध में मानव संसाधन प्रभाग के अध्यक्ष को शिकायत की तो प्राधिकारियों द्वारा उसके साथ उपयुक्त व्यवहार नहीं किया गया, जिसके कारण उसने नौकरी छोड़ने की सोची। तथापि कंपनी ने शिकायतकर्ता को उसके मूल दस्तावेज लौटाने से इनकार कर दिया। आयोग ने उस कंपनी के मानव संसाधन प्रभाग के प्रबंधक को आयोग के कार्यालय में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए उपस्थित होने के लिए पत्र लिखा। कंपनी के मानव संसाधन प्रभाग का प्रबंधक आयोग के कार्यालय में उपस्थित हुआ और बाद में शिकायतकर्ता को उसके मूल दस्तावेज लौटा दिए गए। आयोग अब यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायत की जांच कर रहा है और कंपनी के मानव संसाधन प्रभाग के प्रबंधक को शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत यौन उत्पीड़न की शिकायत के संबंध में कृत कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10(1) और 10(4) के अंतर्गत की गई जांच

राष्ट्रीय महिला आयोग शिकायतों की जांच करता है तथा महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने और महिलाओं के हितों की रक्षा करने के लिए अधिनियमित कानूनों को क्रियान्वित न करने से संबंधित मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर भी कार्रवाई करता है। इस संबंध में कुछ चुनिंदा मामलों का वर्णन नीचे किया गया हैः

1. भोपाल सामूहिक बलात्कार मामलाः

राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धाराओं के अंतर्गत राष्ट्रीय महिला आयोग ने मध्य प्रदेश के भोपाल जिले में एक चलती कार में एक विवाहित महिला (लगभग 25 वर्ष की आयु की) के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के मामले में जांच करने के लिए एक जांच समिति गठित की। इस समिति में तीन सदस्य थे जिन्होंने इस मामले में जांच करने के लिए भोपाल का दौरा किया।

जांच समिति ने घटना के संबंध में जांच करने के लिए दिनांक 24.06.2010 को घटना स्थल का दौरा किया। समिति ने कथित घटना के संबंध में जानकारी एकत्र करने के लिए पीड़ित महिला सहित सभी संबंधितों से भेंट की। इस मामले को भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं 376 (जी), 506 के अंतर्गत दर्ज किया गया। समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। रिपोर्ट आयोग और राज्य सरकार को भेज दी गई है।

2. सूरत सामूहिक बलात्कार मामलाः

आयोग ने गुजरात के सूरत जिले में एक छात्रा (जिसकी आयु लगभग 17 वर्ष थी) के कथित सामूहिक बलात्कार की घटना पर स्वतःसंज्ञान लेकर कार्रवाई की। इस संबंध में आयोग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के उपबंध के अंतर्गत घटना की जांच करने और मामले की पड़ताल करने के लिए एक जांच समिति गठित की गई।

तीन सदस्यीय समिति ने 15.06.2009 को सूरत का दौरा किया, जहां उन्होंने मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों, पीड़िता के परिवार के सदस्यों (पीड़िता को अत्यधिक मानसिक आघात पहुंचा था और वह घोर मानसिक पीड़ा से गुजर रही थी जिसके कारण वह किसी से मिलने की स्थिति में नहीं थी) से मुलाकात की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। खतोदरा पुलिस थाना, सूरत में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 363, 366, 376 (4), 502 (2), 114 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया।

3. मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में महिलाओं का कौमार्य परीक्षण/चिकित्सीय परीक्षणः

आयोग ने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में महिलाओं पर किए जा रहे कौमार्य परीक्षणों/चिकित्सीय परीक्षणों के संबंध में समाचारपत्र में प्रकाशित रिपोर्टों पर स्वतः संज्ञान लिया। इस संबंध में आयोग की एक तीन–सदस्यीय जांच समिति गठित की गई, जिसने शहडोल जिले का दौरा किया और साथ ही समिति के सदस्य 16 जुलाई, 2009 को भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित कैम्प में भी गए। समिति के सदस्यों ने सभी संबंधित अधिकारियों और पीड़िताओं से भेंट की और उनके बयान लिए। जांच समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है । इस रिपोर्ट को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली को भी भेजा गया।

4. राजस्थान की आदिवासी लड़कियों का गुजरात में अनैतिक दुर्व्यापारः

आदिवासी लड़कियों का राजस्थान से गुजरात में अनैतिक दुर्व्यापार {दक्षिण राजस्थान (उदयपुर और डूंगरपुर जिले) से काम के लिए गुजरात के बनासकांठा और साबरकांठा जिले में ले जाई गई आदिवासी लड़कियों की कथित रहस्यपूर्ण मृत्यु की घटना के बारे में)}।

दक्षिण राजस्थान मजदूर यूनियन (डीआरएमयू), डूंगरपुर और प्रयास सेंटर फॉर लेबर रिसर्च एंड एक्शन, उदयपुर, राजस्थान द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने उदयपुर और डूंगरपुर में स्थित दक्षिण राजस्थान आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों और नवयुवतियों की मृत्यु की घटना पर स्वतः संज्ञान लिया। शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि बच्चों और नवयुवतियों को बहुत अधिक संख्या में उत्तरी गुजरात में बीटी कपास (जी एम) फार्मों में पर–परागण (क्रॉस पॉलिनेशन) कार्य कराने के लिए, जिसमें अत्यधिक श्रम की आवश्यकता होती है और जो कुल मिलाकर एक मौसमी कार्य है, प्रतिवर्ष जुलाई और सितंबर के महीनों में ले जाया जाता है।

गठित की गई जांच समिति में 6 सदस्य शामिल किए गए थे। जांच समिति ने राजस्थान के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और पीड़ितों के माता–पिता सहित सभी संबंधितों से भेंट की। इस संबंध में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट को उसकी सिफारिशों के दृष्टिगत उपयुक्त कार्रवाई हेतु राजस्थान और गुजरात की सरकारों को अग्रेषित किया गया।

5. बुंदेलखंड क्षेत्र, झांसी में सूखे की मार से बचने के लिए कर्ज के बोझ से दबे किसानों द्वारा कथित रूप से अपनी पत्नियों को बेच देने की घटनाः

बुंदेलखंड क्षेत्र, झांसी में सूखे की मार से बचने के लिए कर्ज के बोझ से दबे किसानों द्वारा कथित रूप से अपनी पत्नियों को बेच देने की घटना के संबंध में गठित जांच समिति की 10.09.2009 को प्रस्तुत की गई प्रारंभिक रिपोर्ट

राष्ट्रीय महिला आयोग ने सीएनएन–आईबीएन चैनल पर 07.09.2009 को "वूमेन ऑन सेल" और "बुंदेलखंड क्षेत्र, उत्तर प्रदेश में सूखे की मार से बचने के लिए कर्ज के बोझ से दबे परिवार अपनी पत्नियों को बेच रहे हैं" – शीर्षक से प्रसारित समाचारों पर स्वतः संज्ञान लिया। आयोग द्वारा इस मामले में जांच करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के उपबंध के अंतर्गत उसी दिन एक जांच समिति गठित कर दी गई। इस जांच समिति ने 19.09.2009 को बुंदेलखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस समिति में चार सदस्य शामिल थे।

6. उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में पुलिस द्वारा महिलाओं को पीटे जाने/उनका उत्पीड़न किए जाने से संबंधित आरोपः

राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धाराओं 10(1) और 10(4) के साथ पठित धारा 8(1) के अंतर्गत प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस घटना का स्वतः संज्ञान लिया जिसमें उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के अमेठी क्षेत्र में महिलाओं को कथित रूप से पुलिस द्वारा पीटा गया था और उनका उत्पीड़न किया गया था। परिणामस्वरूप एक द्वि–सदस्यीय

समिति गठित की गई, जिसने इस मामले में जांच करने के लिए 30.07.2009 को अमेठी का दौरा किया।

7. शाइनी सूरज आहूजा का मामलाः

राष्ट्रीय महिला आयोग ने समाचारपत्र में छपी खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए, फिल्म अभिनेता शाइनी आहूजा द्वारा अपनी नौकरानी का बलात्कार करने की घटना की जांच करने के लिए एक जांच समिति गठित की। इस समिति में तीन सदस्य शामिल किए गए थे। समिति ने 18.06.2009 को बलात्कार वाली जगह का दौरा किया और पीड़िता तथा उसके परिवार के सदस्यों और साथ ही, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी मुलाकात की। यह मामला ओशिवाड़ा पुलिस थाना, मुंबई में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376, 346, 506 के अंतर्गत दर्ज किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया और मामला अदालत में चल रहा है।

8. "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न" के कथित आरोप के संबंध में एयर इंडिया की एयर होस्टेस सुश्री कोमल सिंह का मामलाः

एयर इंडिया की कर्मचारी सुश्री कोमल सिंह का एयर इंडिया के पायलट (पायलटों) (उड़ान सं. आईसी–884) द्वारा यौन उत्पीड़न/छेड़छाड़ करने/यौन आक्रमण करने के कथित आरोप के संबंध में जांच करने के लिए आयोग द्वारा एक जांच समिति गठित की गई।

इस समिति में 6 सदस्य शामिल थे। जांच समिति ने 12.10.2009 को पूरी स्थिति के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए एयर इंडिया के कार्यालय और जिस स्थान पर घटना घटित हुई थी, उस स्थान का भी दौरा किया तथा कथित घटना के संबंध में पता लगाने के लिए एयर इंडिया के अधिकारियों तथा अभियुक्त और पीड़िता तथा उन सभी व्यक्तियों जो इसमें अंतर्निहित थे, से बयान लिया। आयोग को समिति द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, यौन उत्पीड़न का आरोप तथ्यपरक नहीं पाया गया। समिति की रिपोर्ट नागर विमानन मंत्रालय, नई दिल्ली और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को सिफारिशों के दृष्टिगत उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए भेज दी गई है।

9. सुश्री रुचिका गिरहोत्रा, चंडीगढ़ः

राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया में छपी खबरों पर स्वतः संज्ञात लेते हुए, हरियाणा कैडर के पूर्व आईपीएस अधिकारी श्री एस पी एस राठौर द्वारा किए गए उत्पीड़न के कारण आत्महत्या करने वाली पंचकूला, हरियाणा की सुश्री रुचिका गिरहोत्रा के मामले में अपनी जांच की है।

10. उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में लड़कियों का अपहरणः

राष्ट्रीय महिला आयोग ने 11.09.2009 को नई दुनिया में छपी रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें यह कहा गया था कि आजमगढ़, उत्तर प्रदेश से लड़कियों को मध्य–पूर्व के देशों में भेजने के लिए उनका अपहरण किया जा रहा है/उन्हें भगा कर ले जाया जा रहा है और राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के अधीन एक जांच समिति गठित की। इस समिति में चार सदस्य शामिल थे। समिति ने 15 सितंबर, 2009 को आजमगढ़ का दौरा किया। समिति ने आयोग को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

11. नई दिल्ली में एक 23 वर्ष की लड़की को चार व्यक्तियों द्वारा उसके घर से भगा ले जाना और 42 दिनों से भी अधिक समय तक उसके साथ बलात्कार करनाः

राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिनांक 29 सितंबर, 2009 को एशियन एज में प्रकाशित समाचार के आधार पर दिल्ली में हुए एक सामूहिक बलात्कार की घटना पर स्वतः संज्ञान लिया जिसके पश्चात आयोग ने दिल्ली के पुलिस आयुक्त से इस मामले में कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा।

इस मामले की जांच एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को सौंपी गई तथा दिल्ली के तिलकनगर पुलिस थाने में भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं 376, 366, 344 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। अभियुक्त को 03.10.2009 को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके दो दिन पश्चात 06.10.2009 को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

4 प्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ

प्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ भारत और विदेशों से प्राप्त ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करता है जिनमें भारतीय महिलाओं द्वारा विदेश में रहने वाले व्यक्तियों से विवाह किया गया है और जिनमें महिलाओं के अधिकारों की वंचना अंतर्निहित हो अथवा महिलाओं के साथ घोर अन्याय से संबंधित कोई मामला शामिल हो। बहुत सारी भारतीय महिलाओं का उनके पतियों जो प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्ति होते हैं, द्वारा परित्याग कर दिया जाता है। भोली–भाली पत्नियों को भारत में एक गलत आश्वासन देकर छोड़ दिया जाता है कि उसे उसके पति द्वारा बाद में ले जाया जाएगा या पति के देश में उसे पहुंचा दिया जाएगा तथा ऐसी महिलाएं अनेक मामलों में निर्दयता, मानसिक यातना, शारीरिक और यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं। कुछ अन्य अनेक मामलों में, पति पहले से ही विवाहित या दूसरे देश में आश्रयप्राप्त या गैर–कानूनी तौर पर रह रहा होता है। हाल में ही यह मामला काफी चिंताजनक स्तर तक बढ़ गया है तथा इन मामलों में विदेशों में रह रही ऐसी पत्नियां किसी स्थानीय सहायता के अभाव में स्वयं को असहाय पाती हैं। भारत सरकार द्वारा प्रवासी भारतीय कार्य मंत्रालय के दिनांक 28 अप्रैल, 2009 के पत्र द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग को प्रवासी भारतीयों से संबंधित मामलों को देखने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समन्वयक एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। इस दिशा में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग के परिसर में 24 सितंबर, 2009 को प्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ का औपचारिक रूप में उद्घाटन किया गया, जिसमें यूनिफेम के क्षेत्रीय कार्यक्रम निदेशक और दक्षिण–पूर्वी एशियाई उप–क्षेत्र कार्यालय की सुश्री ऐनी एफ. स्टेनहैमर ने भाग लिया।

प्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ के कार्य

प्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ के मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्य हैं:

(क) यह प्रवासी भारतीय पतियों द्वारा परित्यक्त भारतीय महिलाओं से संबंधित सभी शिकायतों को प्राप्त करने और उन पर कार्यवाही करने के लिए एक समन्वयक एजेंसी है।

(ख) यह संबंधित पक्षों के बीच सामंजस्य स्थापित करने, उन्हें समझाने–बुझाने तथा शिकायतकर्ता को संबंधित विषयों पर सलाह देने सहित शिकायतकर्ता को सभी संभव सहायता उपलब्ध कराता है।

(ग) व्यापक क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सहायता उपलब्ध कराने के लिए भारत और विदेशों में कार्य कर रहे गैर–सरकारी संगठनों और सामुदायिक संगठनों के साथ कार्य करना, उनके साथ सामंजस्य स्थापित करना ताकि शिकायतकर्ताओं को आसान पहुंच उपलब्ध कराई जा सके और उन्हें सहायता सेवाएं प्रदान की जा सकें।

(घ) यह राज्य सरकारों, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारतीय दूतावासों और मिशनों, संबंधित मंत्रालयों आदि जैसे विभिन्न सरकारी एजेंसियों/संगठनों के बीच समन्वित राय विकसित करने का प्रयास करता है।

(ड.) यह पीड़ित महिला को कानूनी मुकदमों में सहायता तथा शिकायतकर्ता से संबंधित अन्य मुद्दों/मामलों में सहायता उपलब्ध कराता है।

(च) यह पंजीकृत मामलों का डेटा बैंक रिकार्ड रखता है।

(छ) यह राज्य सरकारों और अन्य प्राधिकरणों से दर्ज कराई गई शिकायतों और उन पर की गई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्टें प्राप्त करता है।

(ज) अनिवासी भारतीयों के साथ विवाहों से संबंधित किसी नीति या मामले के संबंध में सरकार को सलाह और अपनी अनुशंसा प्रदान करता है।

(झ) जब कभी आवश्यक हो, इस मामले से संबंधित विभिन्न कानूनी पहलुओं का विश्लेषण करता है और इस विषय पर सरकार को सलाह देता है।

(ञ) यह भारत और विदेशों में प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं/गैर–सरकारी संगठनों को शामिल करके परामर्शदात्री समिति का पैनल गठित करता है जो इस प्रकोष्ठ के कार्यकरण, दर्ज कराए गए मामलों और नीतिगत मुद्दों की आवधिक रूप से समीक्षा करेगा।

(ट) आम जनता के बीच इस मुद्दे पर जागरूकता अभियान चलाना। इस प्रयोजनार्थ प्रकोष्ठ द्वारा सभी उपलब्ध मीडिया सेवाएं उपयोग में लाई जाएंगी।

(ठ) दोहरी नागरिकता से संबंधित शिकायतों, नए विधानों को अधिनियमित करने या अंतरराष्ट्रीय समझौतों, अन्य देशों के विवाह कानूनों आदि से संबंधित शिकायतों के मामलों जैसे संबद्ध क्षेत्रों में अनुसंधान और अध्ययन को प्रोत्साहन/समर्थन प्रदान करना।

(ड) राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के अनुरूप अपनी स्वयं की प्रक्रियाओं को विनियमित करना।

(ढ) आयोग/केंद्र सरकार द्वारा इसे सौंपे गए अन्य किसी भी कार्य को करना।

शिकायतों को प्राप्त करना और उनका पंजीकरण

प्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ भारत और विदेश दोनों स्थानों पर रहने वाली भारतीय महिलाओं से शिकायतें प्राप्त करता है। वर्ष 2009 में इसे संस्थापित किए जाने के बाद से 31 मार्च, 2010 तक लगभग 200 मामले प्राप्त हुए हैं। शिकायतें डाक द्वारा, ऑन–लाइन और ई–मेल द्वारा प्राप्त होती हैं। ऑन–लाइन शिकायत पंजीकरण की प्रणाली शिकायतों के त्वरित और आसानी से पंजीकरण के लिए एक सुविधा के रूप में शुरू की गई है, जिसमें आयोग की वेबसाइट अर्थात www.ncw.nic.in के जरिए और साथ ही अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ के ई–मेल पते nri-ncw @nic.in के जरिए शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप शिकायतें अत्यधिक शीघ्रतापूर्वक पंजीकृत कराई जाने लगी हैं और शिकायतकर्ताओं को बिना किसी कठिनाई के बहुत कम मूल्य पर उनकी शिकायतों के संबंध में प्राप्ति सूचना भी उपलब्ध करा दी जाती है। भारत/विश्व के किसी भी भाग से कोई भी व्यक्ति उक्त वेबसाइट पर अपना/अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। यदि शिकायतकर्ता अपने मामले में हुई प्रगति के बारे में जानकारी हासिल करना चाहे तो वह केवल इस वेबसाइट पर जाकर अपना मामला नंबर और संबंधित पासवर्ड टाइप करके उसके मामले में की गई कार्रवाई से संबंधित ब्योरा और साथ ही मामले में हुई प्रगति के बारे में जान सकता है।

शिकायत की जांच

प्रवासी भारतीयों से विवाह के अधिकांश मामलों में शिकायतकर्ता द्वारा उसके खिलाफ चलाई जा रही एकतरफा तलाक की कार्रवाई के कारण पीड़ित होने, भारत में केवल इसलिए अकेले रह जाने क्योंकि उसका पासपोर्ट उसके पति या ससुराल पक्ष की अभिरक्षा में होता है, विदेश में मामले को चलाने में उसके समक्ष वित्तीय कठिनाइयां होने, प्रतिपक्षी व्यक्ति को भारत में मुकदमा लड़ने के लिए बुलाने में विफलता, विदेशों में रह रहे प्रतिपक्ष को भारत के न्यायालयों द्वारा जारी समन या जारी किए गए आदेशों या निर्णयों को उस पर लागू कराने में असफलता आदि से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं।

शिकायत दर्ज कराए जाने के पश्चात शिकायत के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की जाती है ताकि उसकी सत्यता सुनिश्चित की जा सके और संबंधित पक्षों से, यदि आवश्यक समझा जाए, तो अन्य अतिरिक्त जानकारी हासिल की जा सके। प्रतिपक्ष को उत्तर देने के लिए नोटिस भेजा जाता है, संबंधित पुलिस थानों, जिनमें शिकायत या प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, से कृत कार्रवाई रिपोर्ट मंगाई जाती है। जिन मामलों में ऐसा प्रतीत होता है कि कार्रवाई दूतावासों और कांसुलेटों द्वारा की जानी है, उनमें उन्हें उपयुक्त कार्रवाई हेतु पत्र भेजे जाते हैं। व्यथित महिला को परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनमें उसे कानून की स्थिति और उसे उपलब्ध विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी जाती है।

प्रवासी भारतीयों से संबंधित मामलों में संगत कानूनों और अभिसमयों (कन्वेन्शनों) से संबंधित अनुसंधान कार्य किया जाता है ताकि यह ज्ञात किया जा सके कि भारत में संबंधित मामले का समाधान करने में विभिन्न देशों में लागू कानूनों की क्या भूमिका हो सकती है। भारत ने तीन देशों के साथ सिविल मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं जबकि 22 देशों के साथ भारत ने आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौतों का अनिवासी भारतीयों से विवाह के संबंध में उत्पन्न समस्याओं पर प्रभाव क्या होगा, इस संबंध में विस्तृत अनुसंधान किए जाने की आवश्यकता है।

प्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ की उपलब्धता

प्रवासी भारतीय प्रकोष्ठ से संबंधित प्रमुख बातें और इस प्रकोष्ठ की उपलब्धियां निम्नवत हैं:

(1) शिकायतों पर संबंधित दूतावासों, कांसुलेटों/मंत्रालयों और सार्वजनिक प्राधिकरणों के साथ समन्वय करते हुए कार्यवाही की जाती है और इस संबंध में ये सभी भी अपनी प्रतिक्रियाएं अवगत कराते हैं।

(2) भारतीय न्यायालयों द्वारा जारी गिरफ्तार किए जाने के आदेशों से संबंधित वारंट के निष्पादन हेतु विधि एवं न्याय मंत्रालय से संपर्क किया जा रहा है।

(3) प्रवासी भारतीयों/भारतीय मूल के व्यक्तियों के साथ विवाह करने वाली महिलाओं को दोहरा पासपोर्ट जारी करने की संभावना से संबंधित मामले को विदेश मंत्रालय और विधि एवं न्याय मंत्रालय के समक्ष उठाया गया। तथापि विद्यमान पासपोर्ट अधिनियम, 1967 के अंतर्गत ऐसा संभव नहीं है, विदेश मंत्रालय ने निम्नलिखित आश्वासन दिए हैं:

(i) यदि कोई पत्नी उत्पीड़न की शिकार है और उसका उसके पति द्वारा त्याग कर दिया गया है, तथा उसके पास अपना पासपोर्ट नहीं है और यदि उसे जारी किया गया मूल पासपोर्ट वैध हो, जो उसके पति द्वारा जब्त कर लिया गया हो, तो वह महिला इस संबंध में पासपोर्ट कार्यालय को आवेदन कर सकती है तथा यदि उस महिला के पास उसके पुराने पासपोर्ट का कोई रिकार्ड या उसकी फोटोप्रति न हो तो उसके द्वारा आवेदन में उपलब्ध कराए गए पासपोर्ट संबंधी विवरणों का मूल पासपोर्ट जारी करने वाले प्राधिकारी से सत्यापन के पश्चात उस महिला को नया पासपोर्ट जारी कर दिया जाएगा।

(ii) यदि महिला के पास पुराने पासपोर्ट की फोटोप्रति और रिकार्ड हो तो व्यवस्था में मौजूद पुराने पासपोर्ट को रद्द करने के पश्चात उसे यथाशीघ्र नया पासपोर्ट जारी कर दिया जाएगा। ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराना आवश्यक नहीं है।

(iii) यदि वह महिला आश्रित वीज़ा पर हो और वीज़ा रद्द कर दिया गया हो, तो ऐसे मामले को संबंधित देश के साथ उठाया जाएगा।

(iv) यदि गैर–जमानती वारंट जारी किया गया हो, तो जिस व्यक्ति के विरुद्ध ऐसा गैर–जमानती वारंट जारी किया गया हो, उसके पासपोर्ट को पुनः जारी करने के लिए पासपोर्ट प्राधिकारी को सीधे आवेदन किया जा सकता है क्योंकि पासपोर्ट पुनः जारी करना पासपोर्ट कार्यालय का विवेकाधिकार है।

(4) संबंधित शिकायतों के मामले में की गई कार्रवाई या कार्रवाई न करने के कारणों के संबंध में पुलिस प्राधिकारियों से प्राप्त कृत कार्रवाई रिपोर्ट।

(5) विधि और न्याय मंत्रालय ने **"किए जाने वाले"** और **"नहीं किए जाने वाले"** कार्यों को दर्शाने वाली विवरणिका की लगभग 100 प्रतियां उपलब्ध कराई हैं जिसे सभी राज्य सरकारों को भेजा जाएगा।

(6) पंजीकृत मामलों का एक डेटा बैंक रिकार्ड रखना ताकि भविष्य में संदर्भ और दिशानिर्देश प्राप्त हो सकें।

5 विधिक प्रकोष्ठ

राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 के अंतर्गत आयोग को प्रदत्त अधिदेश के अनुसरण में आयोग ने वर्ष 2009–10 के दौरान अनेक कानूनों की समीक्षा की। आयोग द्वारा महिलाओं के हितों को प्रभावित करने वाले नए कानूनों/नीतियों के अधिनियमन और साथ ही मौजूदा कानूनों में संशोधन के संबंध में की गई सिफारिशों का नीचे संक्षेप में उल्लेख किया गया है:

संबंधित अवधि के दौरान कानूनों की समीक्षा

1. **बलात्कार पीड़िताओं के लिए राहत एवं पुनर्वास की स्कीम, 2008:**

राष्ट्रीय महिला आयोग ने उपर्युक्त स्कीम दिल्ली डोमेस्टिक वूमेंस फोरम बनाम भारत संघ और अन्य के मामले (रिट याचिका संख्या 362/93) में भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसरण में तैयार की है। इस स्कीम के अंतर्गत पीड़िता को कानूनी सलाह और उसके पुनर्वास के लिए आर्थिक प्रतिपूर्ति प्राप्त करने का प्रावधान किया गया है। पीड़िता के पुनर्वास में उसे परामर्श, चिकित्सीय सुविधा और कानूनी सहायता तथा आश्रय स्थल उपलब्ध कराना शामिल है। इस मामले पर विचार–विमर्श करने के लिए 25 जुलाई, 2009 को इस स्कीम पर एक राष्ट्रीय परामर्श सत्र आयोजित किया गया। इस परामर्श सत्र के दौरान की गई सिफारिशों के आलोक में इस स्कीम का मसौदा फिर से तैयार किया गया और उसे मंत्रालय को भेजा गया **(अनुलग्नक–IV)।**

2. **स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 में संशोधन:**

राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर–सरकारी संगठनों और अधिवक्ताओं से परामर्श करके स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 में संशोधन के संबंध में सिफारिशें तैयार की हैं। ये सिफारिशें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेज दी गई हैं। इन सिफारिशों से संबंधित मुख्य–मुख्य बातों का उललेख **सिफारिशों से संबंधित अध्याय** में किया गया है।

3. **परित्यक्त/तलाकशुदा महिलाओं के किरायेदारी अधिकार : राज्यों के किराया अधिनियम में संशोधन:**

प्रगति नामक एक गैर–सरकारी संगठन के लिए और उसकी ओर से माननीय अध्यक्षा को संबोधित दिनांक 09.06.2009 का एक ज्ञापन आयोग को भेजा गया। संबंधित मामला मुख्य रूप से ऐसी महिलाओं के किरायेदारी अधिकारों से संबंधित था जो परित्यक्त/तलाकशुदा हैं और जिनके पति ने किराये पर कोई परिसर लिया था। उक्त ज्ञापन के द्वारा; **बी पी अचला आनंद बनाम एस अप्पी रेड्डी के मामले (आई एल आर 2005 कर्नाटक 1721) में** भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के आलोक में आयोग द्वारा हस्तक्षेप किए जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त निर्णय द्वारा माननीय न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग किया और परित्यक्त एवं तलाकशुदा महिलाओं के किरायेदारी अधिकारों की आवश्यकता के बारे में उल्लेख किया तथा यह राय व्यक्त की कि भारत के सभी राज्य किराया अधिनियम में इस आशय का संशोधन करें।

कर्नाटक विधान मंडल ने माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार किराया अधिनियम में आवश्यक संशोधन करने के लिए विधानसभा के समक्ष एक संशोधन विधेयक प्रस्तुत किया है। उक्त संशोधन में इस अधिनियम की परिधि में निम्नलिखित परिवर्तनों को शामिल करने का प्रस्ताव है।

संशोधन उक्त निर्णय के अनुरूप प्रतीत होता है। **कर्नाटक किराया (संशोधन) विधेयक, 2008** में मद संख्या (ii) के पश्चात खण्ड (एन) में धारा 3 में संशोधन करते हुए, निम्नलिखित बातें शामिल की जानी हैं, अर्थातः–

(iii) किरायेदार की परित्यक्त पत्नी जो पति के वैवाहिक गृह या उसके द्वारा किराये पर लिए गए परिसर में निवास करती रही है या निवास करने के लिए पात्र है; और

(iv) किसी किरायेदार की तलाकशुदा पत्नी जिसके पास तलाकनामा हो, जिसमें वैवाहिक गृह या किराये पर लिए गए परिसर में निवास करने के अधिकार को तलाक का आदेश जारी करने की एक शर्त के रूप में शामिल किया गया हो।

आज की स्थिति के अनुसार, विभिन्न राज्यों के किराया अधिनियम हालांकि विधवा महिलाओं के किरायेदारी अधिकारों के संबंध में मुखर हैं, किंतु ये सभी परित्यक्त या तलाकशुदा महिलाओं जिन्हें इसी प्रकार के संरक्षण की समान रूप से आवश्यकता है, के ऐसे अधिकार के संबंध में मूक हैं .....। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा संविधान के अनुच्छेद 142 में दिए गए प्रावधानों को लागू करते हुए जारी किए गए दिशानिर्देश भारत के सभी राज्यों के लिए बाध्यकारी हैं ताकि ऐसी महिलाओं के साथ "पूर्ण न्याय" हो।

तथापि ये मामले राज्यों की विधायी शक्तियों के अधीन होने के कारण राज्य सरकार के साथ उठाए जाने चाहिए ताकि यदि उपयुक्त समझा जाए तो राज्य द्वारा किराया नियंत्रण अधिनियम में आवश्यक संशोधन किया जाए।

तदनुसार, आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य मंत्रियों को किरायेदारी अधिकारों से संबंधित किराया अधिनियमों में संशोधन करने के लिए पत्र लिखा है क्योंकि ऐसा करना परित्यक्त/तलाकशुदा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में किया गया एक उपाय होगा।

4. घरेलू कर्मचारी कल्याण और सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2010

घरेलू कर्मचारियों के रूप में कार्य रही महिलाओं और बच्चों के शोषण से संबंधित मामले प्रायः और नियमित रूप से सामने आते रहते हैं। चूंकि इन्हें कोई अधिकार या इनकी मदद करने के लिए कोई नियम नहीं हैं, अतः अधिकांश घरेलू कर्मचारी गुलामों के समान जीवन जीने के लिए बाध्य हैं। यह भी एक ज्ञात तथ्य है कि अनेक महिलाओं और बच्चों का स्थापन एजेंसियों द्वारा अनैतिक व्यापार और शोषण किया जाता है और ये एजेंसियां बिना किसी प्रतिबंध और विनियम के स्वच्छंद रूप में अपना कार्य करती हैं। पिछले कुछ दशकों में घरेलू कर्मचारियों की मांग काफी बढ़ी है जिसके कारण लाखों महिलाओं और बच्चों (बालक और बालिकाओं, दोनों) का अनैतिक व्यापार हुआ है और उनका अन्य रूपों में शोषण किया गया है तथा इस बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए अनेक राज्यों के महानगरों में घरेलू कर्मचारी उपलब्ध कराने के लिए हजारों स्थापन एजेंसियां खुल गई हैं जिनके द्वारा इन घरेलू कर्मचारियों के रूप में काम मांगने के लिए आने वाली महिलाओं और बच्चों का अनेक प्रकार से शोषण और अनैतिक व्यापार किया जाता है तथा बावजूद इसके ये एजेंसियां किसी भी प्रकार के कानूनी नियंत्रण की परिधि से बाहर रहती हैं।

किसी भी कानूनी संरक्षण की अनुपस्थिति में महिलाओं और बच्चों का घोर शोषण हो रहा है जिसमें घरेलू कर्मचारियों को उनके पूर्ण वेतन से वंचित रखना, प्रतिदिन 16 से 18 घंटे तक काम कराना, उचित भोजन और रहने/सोने का उचित इंतजाम न होना, उनके परिवार के सदस्यों से उन्हें बलपूर्वक अलग–थलग रखना, उनके साथ बंधुआ मजदूर जैसा बर्ताव करना, एजेंट द्वारा उन्हें नियोजक तक पहुंचाने के दौरान, एजेंसी के कार्यालय में और नियोजक के घरों में कार्यस्थल पर उनका यौन शोषण करना शामिल है। इनके शोषण की सूची अनंत है और इस संबंध में मीडिया में रिपोर्टें प्रायः आती रहती हैं।

बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत घरेलू कार्य में बाल श्रमिकों के निषेध पर हाल में जारी की गई अधिसूचना जैसे कानूनी उपायों को इस अधिनियम में किसी क्रियान्वयन तंत्र की अनुपस्थिति के कारण लागू नहीं किया जा सकता। हाल ही में, कुछ राज्य सरकारों ने अपी अलग–अलग पहलें की हैं, जैसेकि घरेलू कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन के संबंध में जारी की गई अधिसूचना की परिधि में लाना। किंतु केंद्र सरकार द्वारा निर्मित एक ऐसा कानून जो सभी घरेलू कर्मचारियों तक पहुंचने में सक्षम हो, की अनुपस्थिति में राज्य स्तर पर किए गए किसी भी उपाय से घरेलू कर्मचारियों को वस्तुतः कोई लाभ नहीं पहुंच सकता।

घरेलू कर्मचारी भारतीय अर्थव्यवस्था के सेवा क्षेत्र का एक महत्त्वपूर्ण संघटक है और यह कार्य क्षेत्र विशेष रूप से महिलाओं को परिवार के आर्थिक बोझ को वहन करने में साझेदारी करने में सक्षम बनाकर अर्थव्यवस्था पर एक वृद्धिकारी प्रभाव डालता है। घरेलू कर्मचारियों के पंजीकरण सहित उनके कार्य की दशाओं को उपयुक्त बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए एक **व्यापक केंद्रीय कानून** द्वारा ही उनके शोषण का अंत सुनिश्चित किया जा सकता है।

घरेलू कर्मचारियों में बहुत अधिक संख्या में महिलाएं शामिल हैं और इनकी कार्यदशाओं और रहने की स्थितियों में जनहित में सुधार लाने और रोजगार की नियमितता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। स्थापन एजेंसियों को विनियमित किया जाना अनिवार्य है ताकि संविधान में प्रदत्त नीति–निर्देशक सिद्धांतों और संविधान की सातवीं अनुसूची में निहित सूची III की प्रविष्टियों 22, 23 और 24 के संदर्भ में संसद द्वारा एक कानून बनाकर संविधान के विशेषकर संगत उपबंध अनुच्छेद 39, 41, 42, 43 और 43क को लागू किया जा सके। इस विधेयक का प्रारूप **सिफारिश संबंधी अध्याय** में दिया गया है।

5. आपराधिक कानून संशोधन विधेयक, 2010 के संबंध में राष्ट्रीय महिला आयोग की रायः

गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए दंड विधि संशोधन विधेयक में बलात्कार से संबंधित कानूनों में संशोधन की बात निहित है। बलात्कार और किसी भी अन्य प्रकार का यौन आक्रमण संबंधित पक्ष के लिए अपमानजनक, उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने और उसके व्यक्तित्व पर चोट पहुंचाने का एक कृत्य है। बलात्कार के संबंध में पूर्व प्रचलित इस धारणा तक ही सीमित होना कि इसका आशय शिश्न/योनि के वेधन से संबद्ध है तथा शिश्न/योनि वेधन से भिन्न यौन हिंसा को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 377 या 354 के अंतर्गत एक छोटा अपराध मानना और उसे भारतीय दण्ड संहिता की धारा 375/376 के अंतर्गत यौन अपराध नहीं मानना अत्यधिक अवरोधक है। यह ज्ञात हुआ है कि कुछ अपराध जैसेकि शिश्न/योनि वेधन के अतिरिक्त अवयस्क बालिकाओं के साथ यौनाचार करना, जिसका कोई भी इतर रूप हो सकता है और जिसमें कुछ ऐसी वस्तुओं का प्रयोग भी किया जा सकता है जिसके कारण पीड़ित पक्ष के ऊपर प्रतिकूल प्रभाव पड़े, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 375/376 के अंतर्गत परंपरागत रूप में समझे जाने वाले शिश्न/योनि वेधन के कारण संबंधित पक्ष पर होने वाले आघात की तुलना में किसी भी रूप में कम नहीं होता।

इस मत को साक्षी बनाम भारत संघ के मामले में रिट याचिका (आपराधिक) संख्या 1997 का 33 में उच्चतम न्यायालय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि "याचिकाकर्ताओं द्वारा दिए गए सुझाव न्याय के हित और समाज के व्यापक हित में हैं। बच्चों के साथ कुकर्म और बलात्कार के मामलों में काफी चिंताजनक दर से वृद्धि हो रही है और इस संबंध में किसी उपयुक्त कानून को लागू करने की तत्काल आवश्यकता है। हमें आशा और विश्वास है कि संसद याचिकाकर्ता द्वारा विशेष तौर पर उल्लिखित बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करेगी

और इस संबंध में यथासंभव शीघ्र एक उपयुक्त कानून निर्मित करेगी।

विद्यमान कानूनों के अंतर्गत, महिलाओं द्वारा झेले जा रहे सभी प्रकार के यौन आक्रमणों की न तो परिभाषा दी गई है और न ही उनके संबंध में कोई उल्लेख किया गया है। बलात्कार की केवल एकमात्र परिभाषा योनि के भीतर शिश्न का वेधन ही है जबकि शरीर के किसी अन्य अंग द्वारा या किसी अन्य वस्तु द्वारा महिला की योनि में वेधन कभी भी यौन आक्रमण की परिधि में नहीं आता। कानून में इन कमियों को ध्यान में रखते हुए, उच्चतम न्यायालय ने साक्षी बनाम भारत संघ के मामले में यह सुझाव दिया कि इससे संबंधित कानून में विधायिका द्वारा अपेक्षित परिवर्तनों का समावेश किया जाए।

तदनंतर, शीर्ष न्यायलय ने विधि आयोग को कानून की जांच करने और परिवर्तनों के संबंध में सुझाव देने का निदेश दिया। विधि आयोग ने भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत बलात्कार और यौन आक्रमण से संबंधित संपूर्ण कानून की जांच की और अपनी 172वीं रिपोर्ट में इस विषयक कानून में पूर्णरूपेण बदलाव का सुझाव दिया। इसी बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी यौन आक्रमण से संबंधित एक विधेयक का प्रारूप अलग से तैयार किया जो विधि आयोग की रिपोर्ट के अनुरूप ही था किंतु इसमें कुछ अतिरिक्त उपबंधों का उल्लेख किया गया।

विधि कार्य विभाग ने इन सिफारिशों के आधार पर कुछ संशोधनों सहित दंड विधि संशोधन विधेयक नामक एक विधेयक का प्रारूप तैयार किया। इस विधेयक में यौन आक्रमण की कुछ नई श्रेणियों की पहचान की गई है और उन्हें भारतीय दण्ड संहिता की धारा 375/376 में समेकित किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की सिफारिशों के आधार पर प्रस्तावित संशोधनों की मुख्य–मुख्य बातें निम्नवत हैं:

1. 375 और 376 की नई धाराएं प्रतिस्थापित करना, जिनमें अब धारा 375 को यौन आक्रमण के रूप में परिभाषित करने का प्रस्ताव है और इसमें विभिन्न प्रकार के यौन आक्रमणों को शामिल किया जाना है।

2. तथापि, जैसाकि गृह मंत्रालय को पहले लिखा जा चुका है, विधेयक के प्रारूप में कुछ महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया जा सकता है, जिन्हें कुल मिलाकर राज्यों द्वारा भी स्वीकार किया जा चुका है।

   (क) धारा 304ख (1): 304ख(1) में, शब्दों "शीघ्र पहले" का अनिवार्यतः लोप कर दिया जाए और उनके स्थान पर "पहले किसी भी समय" शब्दों को प्रतिस्थापित किया जाए। धारा 304ख (2) के अंतर्गत न्यूनतम कारावास की अवधि 7 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष कर दी जाए। धारा 304ख (2) में, शब्दों "आजीवन कारावास" के पश्चात शब्दों "या मृत्युपर्यंत" शब्दों को शामिल किया जाए।

   (ख) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354: एक अतिरिक्त धारा 354(क) शामिल की जाए जिसमें इन शब्दों का उल्लेख हो– "जो कोई भी किसी महिला को सार्वजनिक स्थल पर निर्वस्त्र करता हो या किसी महिला को निर्वस्त्र करने का प्रयास करता हो अथवा ऐसा करने के लिए दुष्प्रेरित करता हो, उसे कम से कम एक वर्ष के कारावास की सजा, जो 7 वर्ष तक के सश्रम कारावास की सजा के रूप में विस्तारित की जा सकती है, द्वारा दण्डित किया जाएगा" – इस विधेयक में वैवाहिक संबंधों के अंतर्गत हुए बलात्कार को शामिल नहीं किया गया है।

3. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354 में संशोधन किए जाने और दाण्डिक उपबंधों को कठोर किए जाने की आवश्यकता है, वर्तमान में संबंधित उपबंध के अंतर्गत ऐसा अपराध जमानती और संज्ञेय की श्रेणी में रखा गया है। तथापि आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों ने इस उपबंध को संज्ञेय और गैर–जमानती करार दिया है।

6. मुंबई में घरेलू नौकरानी के साथ कथित बलात्कार पर राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट

भूमिका :

पीड़िता जिसकी आयु लगभग 18 वर्ष है, घरेलू नौकरानी के रूप में कार्य करती है और आनंद नारायण सोसायटी, बिल्डिंग संख्या 4, प्रथम तल, फ्लैट नं. 408, मनवेलपाड़ा रोड, यिरार (पूर्वी), जिला थाने, मुंबई में निवास करती है। पीड़िता मूल रूप से जिला रायगढ़ की रहने वाली है और अभियुक्त शाइनी आहूजा, निवासी फ्लैट सं.390, 7वां तल, एम ब्लॉक, तारापुर टावर, न्यू लिंक रोड, अंधेरी पश्चिम, मुंबई–53 के घर में मई, 2009 से घरेलू नौकरानी के रूप में कार्य कर रही थी। उसने पुलिस में यह शिकायत की कि उसका 14.06.2009 को शाइनी आहूजा द्वारा बलात्कार किया गया।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे प्रदत्त अधिदेश के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए, इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया और बलात्कार की कथित घटना की जांच करने के लिए एक जांच समिति गठित की। इस समिति में निम्नलिखित शामिल थेः

1. **डॉ. गिरिजा व्यास,** अध्यक्षा, राष्ट्रीय महिला आयोग – जांच समिति की अध्यक्षा
2. **सुश्री यास्मीन अब्रार,** सदस्या, राष्ट्रीय महिला आयोग – जांच समिति की सदस्या
3. **श्री योगेश मेहता,** विधि अधिकारी, राष्ट्रीय महिला आयोग – जांच समिति के सदस्य

इस समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित थेः

(क) घटना और संबंधित प्राधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जांच करना।

(ख) संबंधित पुलिस अधिकारियों, पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों आदि से भेंट करना।

(ग) उपचारात्मक उपायों और ऐसी घटनाओं से निपटने की कार्यनीतियों के संबंध में सिफारिशें करना।

यह समिति 18.06.2009 को मुंबई गई और समिति के सदस्यों द्वारा निम्नलिखित के साथ विस्तृत विचार–विमर्श किया गयाः

1. पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों
2. जांचकर्ता अधिकारियों
3. पुलिस आयुक्त और मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों
4. अभियुक्त की पत्नी श्रीमती अनुपमा आहूजा
5. श्री महेश भट्ट, फिल्म निर्माता और निर्देशक

निष्कर्षः

1. ओशिवाड़ा पुलिस थाना, मुंबई में सी आर संख्या 188/09 द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376, 346, 506 के अंतर्गत एक मामला दर्ज कर लिया गया।
2. मामला दिनांक 14.06.2009 को लगभग 19.55 बजे दर्ज किया गया है जबकि यह सूचित किया गया कि अपराध दिनांक 14.06.2009 को 15.00 बजे से 17.00 बजे के बीच घटित हुआ।
3. मामला पीड़िता के बयान के आधार पर दर्ज किया गया ।
4. अभियुक्त शाइनी आहूजा को दिनांक 15.06.2009 को 04.15 बजे गिरफ्तार किया गया।
5. पुलिस ने पीड़िता के वस्त्रों को अपने कब्जे में ले लिया है, अपराध के स्थान का पंचनामा भी किया गया है और साथ ही अभियुक्त के कपड़े भी जब्त कर लिए गए।
6. पुलिस द्वारा पीड़िता की चिकित्सीय जांच भी करवाई गई; और चिकित्सीय रिपोर्ट से यह ज्ञात हुआ कि पीड़िता के साथ जोर जबर्दस्ती करके बलात्कार हुआ है।
7. अभियुक्त को भी चिकित्सीय जांच के लिए भेजा गया और वह 02.07.2009 तक न्यायिक हिरासत में रहा।

8. उस समय केमिकल एनालाइजर और डीएनए जांच की रिपोर्ट अपेक्षित थी।

9. समिति ने पीड़िता से भेंट की, जो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अत्यधिक मानसिक आघात से गुजर रही थी। उसने समिति के सदस्यों के समक्ष भी वही बात कही जो उसने पुलिस के समक्ष कही थी। समिति के सदस्यों ने शाइनी आहूजा की पत्नी से भी मुलाकात की, जिसने इस बात पर बल दिया कि उसका पति निर्दोष है और दावा किया कि उसके पति को फंसाया गया है। उसने अध्यक्षा से अनुरोध किया कि संबंधित नौकरानी के पूर्ववृत्त और उसके पता–ठिकाने के बारे में पूरी जांच–पड़ताल की जाए।

10. समिति ने पुलिस आयुक्त, मुंबई पुलिस और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात की। पुलिस ने समिति को आश्वासन दिया कि वे लोग उचित जांच और पीड़िता को संरक्षण प्रदान करने के लिए हरसंभव कदम उठा रहे थे। अध्यक्षा ने महाराष्ट्र के माननीय मुख्य मंत्री से भी मुलाकात की, जिन्होंने पीड़िता को राहत और पुनर्वास के साथ–साथ हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

11. इस बैठक के दौरान प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशक श्री महेश भट्ट भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी मामले से फिल्म उद्योग के नाम पर कलंक नहीं लगना चाहिए और इस मामले में तेजी से जांच–पड़ताल की जाए ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके।

सिफारिशें:

1. समिति का यह सुविचारित मत है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 164 के अंतर्गत पीड़िता का बयान तत्काल दर्ज किया जाए। हालांकि मुंबई पुलिस ने आश्वासन दिया कि उनके द्वारा यह कार्रवाई की जाएगी।

2. इस मामले से मौजूदा कानून में कमी प्रकट होती है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 के अंतर्गत बलात्कार हेतु दण्ड का उपबंध है और इसमें किसी पुलिस अधिकारी द्वारा बलात्कार किए जाने {धारा 376 (2)}, सरकारी सेवक द्वारा उसकी अभिरक्षा में स्थित महिला के साथ संभोग (धारा 376ख), जेल, रिमांड गृह आदि के अधीक्षक द्वारा अभिरक्षा में स्थित महिला के साथ संभोग (धारा 376ग) और किसी अस्पताल के प्रबंधक वर्ग या कर्मचारियों में से किसी के द्वारा भी अस्पताल में भर्ती महिला के साथ संभोग (धारा 376घ) जैसी स्थितियों को बलात्कार की परिधि में शामिल किया गया है।

किंतु इस परिभाषा में किसी नियोक्ता द्वारा संविदा आधार पर रखे गए कर्मचारी सहित अपने किसी कर्मचारी के साथ बलात्कार या संभोग को शामिल नहीं किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने धारा 37, 376 और अन्य उपबंधों में संशोधन की बात करते हुए बलात्कार कानूनों और विधेयक के प्रारूप में सिफारिशें की हैं तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 जो विशेषकर ऐसे व्यक्ति द्वारा किए गए यौन आक्रमण से संबंधित है जो शिकायतकर्ता के लिए विश्वास के पद पर या प्राधिकारी के रूप में है, में संशोधन की सिफारिश करते हुए ऐसे अपराधी को कम से कम 10 वर्ष के कारावास जो आजीवन कारावास तक विस्तारित किया जा सकता है और जिसमें जुर्माना भी शामिल है, आरोपित करने की मांग की है।

आयोग ने यह सिफारिश की है कि केंद्र सरकार द्वारा इन प्रस्तावित संशोधनों पर विचार किया जाए ताकि बलात्कार से संबंधित कानूनों को और अधिक कठोर बनाया जा सके।

3. राज्य सरकार "बलात्कार संकट" प्रकोष्ठ गठित करने पर विचार कर सकती है, जैसाकि वर्तमान में राष्ट्रीय

राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा क्रियान्वित किया गया है। यह प्रकोष्ठ बलात्कार से संबंधित मामलों का इस संबंध में रिपोर्ट किए जाने से लेकर न्यायालय में विचारण के पश्चात निष्कर्ष प्राप्त होने और पीड़िता के पुनर्वास तक की स्थितियों में उत्पन्न परिस्थिति का समन्वय करता है और उस पर निगरानी रखता है।

4. राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि अभियुक्त को पीड़िता की उपस्थिति में उसकी पहचान किए जाने के समय को छोड़कर, अन्य किसी भी समय न लाया जाए और यह प्रयास किया जाए कि ऐसे मामले को न्यायालय द्वारा बार–बार सुनवाई करके शीघ्रातिशीघ्र और अधिमानतः एक माह के भीतर निपटा दिया जाए।

5. राज्य सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि पीड़िता को एक वकील की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और उसे किसी भी प्रकार से दबाव में आने से बचाया जाए और गैर–सरकारी संगठनों की सहायता भी प्राप्त की जाए ताकि पीड़िता को सरकारी खर्च पर उचित चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध हो सके।

6. महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री ने यह आश्वासन दिया कि इस मामले पर एक फास्ट ट्रैक न्यायालय द्वारा विचार किया जाएगा। जांच पूर्णतः और उपयुक्त रूप से की जाएगी ताकि इसमें किसी भी प्रकार की कोई कमी न रह जाए।

7. जिस प्रकार से मीडिया के कुछ वर्गों द्वारा इस मामले को "ब्रेकिंग न्यूज के रूप में" प्रस्तुत किया गया और घटना के संबंध में समाचारों को बढ़ा–चढ़ाकर प्रस्तुत किया गया, उस पर रोक लगाए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा उपयुक्त दिशानिर्देश जारी किए जाने चाहिए।

6 अनुसंधान एवं अध्ययन प्रकोष्ठ

राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10(1)(ज) के अंतर्गत, आयोग संवर्धन और शिक्षा संबंधी अनुसंधान का कार्य करता है जिससे सभी क्षेत्रों में महिलाओं के यथोचित प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के लिए सुझाव दिए जा सकें और उन कारकों की पहचान की जा सके जो उनके विकास में रुकावट के लिए जिम्मेवार हैं। इस संबंध में आयोग ने अनेक सेमिनार, जन सुनवाइयां, कार्यशालाएं और अनुसंधान अध्ययन प्रायोजित किए हैं ताकि महिला–पुरुष समानता और महिलाओं के सशक्तीकरण से संबंधित मुद्दों के उच्च प्राथमिकता वाले विषयों पर सुसंगत जानकारी प्राप्त की जा सके।

वर्ष 2009–10 के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं से संबंधित समस्याओं और उनके अधिकारों की रक्षा के बारे में जागरुकता पैदा करने से संबंधित विभिन्न विषयों पर कार्यक्रमों को प्रायोजित किया। पिछड़े और अविकसित ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां अधिकांश लोग अशिक्षित और रूढ़िवादी हैं, महिलाओं से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता पैदा करने पर विशेष जोर दिया गया। कुल 29 जागरूकता कार्यक्रम तथा महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 280 विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्लॉक और जिला स्तर पर 3 जन सुनवाई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया और 8 पारिवारिक महिला लोक अदालतें आयोजित की गईं। इसके अलावा राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य स्तरों पर 52 सम्मेलन, गोष्ठियां और कार्यशालाएं आयोजित की गईं तथा 20 अनुसंधान अध्ययन कार्यक्रम भी प्रायोजित किए गए जिनका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और महिलाओं से संबधित मुद्दों और समस्याओं पर जनता को संवेदित करना था। वर्ष 2009–10 के दौरान जिन संगठनों को जागरूकता कार्यक्रम, जन सुनवाई, सेमिनार/कार्यशालाएं और अनुसंधान अध्ययन आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता की मंजूरी प्रदान की गई, उनसे संबंधित ब्योरा क्रमशः **अनुलग्नक**–VII, VIII, IX और X में दिया गया है।

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम (एल ए पी) और पारिवारिक महिला लोक अदालत (पी एम एल ए)

आयोग ने वर्ष 2009–10 के दौरान 280 विधिक जागरूकता कार्यक्रमों (एलएपी) और 8 पारिवारिक महिला लोक अदालतों (पीएमएलए) को अनुमोदन प्रदान किया है। अनुमोदित किए गए विधिक जागरूकता कार्यक्रमों और पारिवारिक महिला लोक अदालतों की राज्य–वार संख्या नीचे दी गई सारणी में दर्शाई गई है। जिन गैर–सरकारी संगठनों को वर्ष 2009–10 के दौरान विधिक जागरूकता कार्यक्रम और पारिवारिक महिला लोक अदालत और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता मंजूर की गई, उनकी सूची क्रमशः अनुलग्नक–V, अनुलग्नक–VI और अनुलग्नक–VII में दी गई है।

क्रम सं.	राज्य	आयोजित किए गए विधिक जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या	आयोजित की गई पारिवारिक महिला लोक अदालतों की कुल संख्या
1.	असम	22	–
2.	आंध्र प्रदेश	08	–
3.	अरुणाचल प्रदेश	02	–

क्रम सं.	राज्य	आयोजित किए गए विधिक जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या	आयोजित की गई पारिवारिक महिला लोक अदालतों की कुल संख्या
4.	बिहार	12	–
5.	छत्तीसगढ़	02	–
6.	दिल्ली	17	–
7.	गुजरात	01	–
8.	हरियाणा	45	–
9.	हिमाचल प्रदेश	04	–
10.	जम्मू एवं कश्मीर	02	–
11.	झारखंड	02	–
12.	कर्नाटक	02	–
13.	मध्य प्रदेश	10	–
14.	महाराष्ट्र	04	–
15.	मेघालय	04	–
16.	मणिपुर	07	–
17.	उड़ीसा	12	–
18.	राजस्थान	36	–
19.	तमिलनाडु	18	–
20.	त्रिपुरा	01	–
21.	उत्तर प्रदेश	59	08
22.	उत्तराखंड	03	–
23.	पश्चिम बंगाल	08	–
	कुल	**280**	**08**

"घर बचाओ परिवार बचाओ" परियोजना

राष्ट्रीय महिला आयोग ने मई, 2008 में दिल्ली पुलिस के सहयोग से एक पायलट परियोजना भी शुरू की है। **"घर बचाओ परिवार बचाओ"** नामक इस परियोजना का उद्देश्य पुलिस थाना के स्तर पर पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को संवेदनशील बनाना है ताकि वह महिलाओं से संबंधित मामलों में प्रभावी रूप से कार्रवाई कर सके। दिल्ली में महाराष्ट्र की तर्ज पर महिलाओं और बच्चों के लिए तीन विशेष प्रकोष्ठ स्थापित करने के लिए परियोजना का चरण–2 मार्च 2009 में शुरू किया गया। इन प्रकोष्ठों के प्रमुख कार्य महिलाओं के साथ हुए हिंसात्मक व्यवहारों, आपराधिक शिकायतों के प्राप्त होने पर पुलिस सहायता का प्रावधान, परिवार सेवा एजेंसियों को संदर्भ भेजने तथा महिलाओं के साथ हिंसा के मामले में परामर्श उपलब्ध कराने, कानूनी सहायता उपलब्ध कराने और जागरूकता उत्पन्न करने से संबंधित मामले होंगे। इस परियोजना का वित्तपोषण राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा किया जा रहा है, जो टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसिज (टी आई एस एस) के सहयोग से यह कार्य कर रहा है। यह दत्तकग्रहण पर भी बल देता है।

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित जागरूकता कार्यक्रम

1. वूमेन वेल्फेयर एंड एजूकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी, जिला सोनीपत (हरियाणा) द्वारा "हरियाणा राज्य के विशेष संदर्भ में भारत में नेतृत्व का एक नया आयाम सृजित करते हुए पंचायतों में महिलाओं की भूमिका" विषय पर आयोजित दो–दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम।
2. सन्मति सोशल समिति, उत्तरी राज मोहल्ला, इंदौर (मध्य प्रदेश) द्वारा "पंचायत की महिला सदस्यों/सरपंचों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित करना।
3. मासूम सोसाइटी फॉर सोशल सर्विसेज, कबूतरों का चौक, जोधपुर (राजस्थान) द्वारा "राजस्थान के गांवों

में "महिला साक्षरता का प्रभाव" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

4. पल्स वेल्फेयर सोसाइटी, जिला संबलपुर (उड़ीसा) द्वारा "जिला संबलपुर, उड़ीसा में महिलाओं की शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

5. विग्नन एजूकेशनल सोसाइटी, जिला वारंगल (आंध्र प्रदेश) द्वारा "आंध्र प्रदेश के वारंगल जिले में निःशक्तता की शिकार महिलाएं" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

6. वेंकटेश बहु–उद्देश्यीय शिक्षण प्रसारक मण्डल, लातूर (महाराष्ट्र) द्वारा "तालुक–अउसा, जिला लातूर, महाराष्ट्र में पंचायत में महिलाओं की भूमिका" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

7. विद्या कला संस्थान, इंदिरा नगर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) द्वारा "महिला अधिकारों" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

8. ग्रासरूट, माओखर, मेन रोड, सेंग खासी हाल के सामने, शिलांग (मेघालय) द्वारा "परंपरागत बुनकरों" के विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

9. ज्ञान सुधा एजूकेशन सोसाइटी, आंध्र प्रदेश द्वारा "प्रजनन एवं मातृ स्वास्थ्य सेवा सुविधा" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

10. कुमरशा रूरल डेवलपमेंट सोसाटी, जिला वर्धमान (पश्चिम बंगाल) द्वारा "पश्चिम बंगल के वर्धमान जिले में बाल विवाह" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

11. मासूम सोसाइटी फॉर सोशल सर्विसेज, जोधपुर (राजस्थान) द्वारा "जोधपुर में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

12. वूमेन डेवलपमेंट एंड एजूकेशनल सोसाइटी, जिला सोनीपत (हरियाणा) द्वारा "नेतृत्व के नए आयाम सृजित करते हुए भारत में पंचायतों में महिलाओं की भूमिका" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

13. महिला शिशु स्वास्थ्य एवं उत्थान समिति, गांव अहिरका (हरियाणा) द्वारा "कार्यस्थल पर महिलाओं से संबंधित मुद्दे और चुनौतियां" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

14. वात्सल्य समिति, हाथरस (उत्तर प्रदेश) द्वारा "बागपत में उत्पीड़न के संबंध में महिलाओं हेतु जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम का आयोजन"।

15. तरंगिणी सोशल सर्विस सोसाइटी (आंध्र प्रदेश) द्वारा "आंध्र प्रदेश में महिला एवं बालिकाओं के साथ छेड़छाड़" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

16. मानव कल्याण विद्यापीठ संस्थान, जयपुर (राजस्थान) द्वारा "महिलाओं के साथ हिंसा" विषय पर आयोजित कार्यशाला।

17. मॉडर्न शिक्षा विकास समिति, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) द्वारा "पीतल उद्योग में कार्य कर रहे श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य संबंधी खतरे" विषय पर मुरादाबाद में आयोजित एक–दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम।

18. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ यूथ वेल्फेयर, शिवाजी नगर, नागपुर द्वारा "गैर–सरकारी संगठनों, घरेलू और लिंग आधारित हिंसा के शिकार व्यक्तियों के संगठनों के प्रतिनिधियों के लिए कार्यशाला का आयोजन।

19. एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन सोसियो–इकोनमिक एक्टिविटी (एडीएआरएसए), जिला सुंदरगढ़ (उड़ीसा) द्वारा सुंदरगढ़ जिले में जनजातीय समुदाय की महिला कृषकों का उत्पीड़न" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

20. जागरूक महिला संस्थान "परचम", सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा "बालिका भ्रूणहत्या" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

21. श्री सागस महाराज शिक्षण एवं सामाजिक विकास समिति, विकास नगर, नीमच (मध्य प्रदेश) द्वारा "बनछारा समुदाय में व्याप्त सामाजिक बुराइयां : चर्चा और समाधान" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

22. लक्ष्मी महिला एवं सामाजिक विकास समिति, कल्याण भवन, जिला बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) द्वारा "शराब का सेवन और घरेलू हिंसा" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

23. एजूकेशन एंड रीजनल डेवलपमेंट सोसाइटी, 2/77, मेधा कोइल स्ट्रीट, संगाउ (ग्राम), विल्लापुरा, तमिलनाडु द्वारा "बाल विवाह और इसके दुष्परिणाम" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

24. सेवा संघ, कनतालफुल्ली, पी.ओ. कखना, ब्लॉक फाल्टा, जिला चौबीस परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा "पश्चिम बंगाल में घरेलू हिंसा" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

25. सांत्वनम सोशल सर्विस एजूकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट, चेम्बरा, माहे, पांडिचेरी द्वारा "महिला सशक्तीकरण" पर सेमिनार का आयोजन।

26. लीविंग वाटर फॉर डाइंग सोल्स इन इंडिया, क्रिश्चियन चेरिटेबल ट्रस्ट, द्वारका पुरी, नई दिल्ली द्वारा "नई दिल्ली की झुग्गी–झोपड़ी बस्तियों (जेजे कालोनियों) में बालिका भ्रूणहत्या" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

27. अखिल मानव सेवा परिसर, नई दिल्ली द्वारा "बालिका शिशुओं का महत्त्व – लिंग–आधारित चयनात्मक गर्भपात कराना" विषय पर दो–दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।

28. नवराजीव फाउंडेशन एंड रिसर्च सेंटर सोसाइटी, जयपुर (राजस्थान) द्वारा "महिला सशक्तीकरण – बाड़मेर, राजस्थान में ग्रामीण महिलाओं के लिए आजीविका के धारणीय साधनों को बढ़ावा देना" विषय पर आयोजित कार्यशाला।

29. नेताजी मेमोरियल क्लब, केंद्रपाड़ा, उड़ीसा द्वारा "उड़ीसा के केंद्रपाड़ा जिले में कृषि कार्य में लगी महिलाओं का प्रौद्योगिकीय सशक्तीकरण" विषय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम।

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित जन सुनवाई कार्यक्रम

1. संजीवनी सोसाइटी, उदयपुर (राजस्थान) द्वारा आयोजित "दलित महिलाओं" के लिए जन सुनवाई कार्यक्रम।

2. श्री महाराणा प्रताप शिक्षा विकास समिति (उत्तर प्रदेश) द्वारा "ग्रामीण महिलाओं हेतु स्वास्थ्य एवं आजीविका के साधनों का विकास" विषय पर आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम।

3. अरावली इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च, जयपुर (राजस्थान) द्वारा "ग्रामीण महिलाओं पर अत्याचार" विषय पर आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम।

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय सेमिनार, क्षेत्र स्तरीय सेमिनार, राष्ट्र स्तरीय सेमिनार/कार्यशालाएं

राज्य स्तरीय सेमिनार/कार्यशाला

1. राजनीति विज्ञान विभाग, डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय (असम) द्वारा "पूर्वोत्तर भारत में लिंग, शांति और संघर्ष से संबंधित मुद्दों" पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

2. जागृति जनकल्याण समिति, बिहार द्वारा "भारत में घटता हुआ लिंग अनुपात (बालिका भ्रूणहत्या के कारणों)" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

3. सर्वोदय समग्र विकास एवं संचार संस्थान, बांसवाड़ा (राजस्थान) द्वारा "जिला बांसवाड़ा में माता के गर्भ में लिंग चयन/लिंग निर्धारण की समस्याएं" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला।

4. पंडित गोविंद वल्लभ पंत इंस्टिट्यूट ऑफ स्ट्डीज इन रूरल डेवलपमेंट, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) द्वारा मातृ स्वास्थ्य सेवाएंः भारत के लिए एक चुनौती" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

5. मणिपुर राज्य महिला आयोग (मणिपुर) द्वारा "मणिपुर में सशत्र संघर्ष का महिलाओं और बच्चों पर प्रभाव" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

6. जनकल्याण युवक संघ, जिला बोलंगीर (उड़ीसा) द्वारा "ईंट के भट्ठों और भवन निर्माण स्थलों पर कार्य करने वाली महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न की समस्या" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

7. प्रधानाचार्य का कार्यालय, मध्य प्रदेश शासन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चित्तौड़गढ़, राजस्थान द्वारा "स्व–सहायता समूहों के माध्यम से महिला सशक्तीकरण" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

8. न्यू विज़न क्रिएटिव सोसाइटी, असम द्वारा "असम में महिलाओं और बालिकाओं का अपहरण" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

9. उत्थान शोध संस्थान, गोविंद नगर, उदयपुर (राजस्थान) द्वारा दक्षिण राजस्थान में "स्व–शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं के क्षमता निर्माण हेतु प्रबंध विकास कार्यक्रम" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

10. सहारा समाजसेवी संस्था, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश द्वारा थियोग, हिमाचल प्रदेश में "अधिकारों और नीतियों के संबंध में ग्रामीण महिलाओं में जागरूकता" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

11. सेंटर फॉर वूमेन स्ट्डीज, डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय (असम) द्वारा "महिलाओं के मानवाधिकारः पूर्वोत्तर का संदर्भ" विषय पर आयोजित सेमिनार।

12. आम्रपाली हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प विकास स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड, पटना (बिहार) द्वारा "पटना में राजनीति में महिलाओं की भूमिका" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

13. द्रोपदी ट्रस्ट, नई दिल्ली द्वारा "लैंगिक समानता और संवेदीकरण हेतु जनसंचार के माध्यमों और विभिन्न संचार चैनलों के अग्र सक्रिय और प्रभावी उपयोग की नीति" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

14. मैत्री, जे–92, ए आर डी कांम्पलेक्स, आरके पुरम, नई दिल्ली द्वारा "घरेलू हिंसा और परिवारों के स्वास्थ्य और उसके कल्याण पर इसका प्रभाव" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

15. न्यू मिलेनियम इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी सेंटर, नई दिल्ली द्वारा अंबाला में "दुर्व्यापार की शिकार घरेलू महिलाएं" विषय पर आयोजित सेमिनार।

16. ऑल इंडिया कोणार्क एजूकेशन एंड वेल्फेयर सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा "कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न" विषय पर आयोजित सेमिनार।

17. ग्रामीण महिला विकास समिति, झज्जर (हरियाणा) द्वारा "एचआईवी/एड्स के संबंध में जागरूकता एवं निवारण" विषय पर आयोजित सेमिनार।

18. वीएएमआईटी एजूकेशनल ट्रस्ट, शिमला (हिमाचल प्रदेश) द्वारा "पंचायती राज संस्थाओं, स्व–सेवा समूहों और सूक्ष्म ऋण स्कीमों में महिलाओं की भूमिका" विषय पर आयोजित सेमिनार।

19. परिक्रमा महिला समिति, जबलपुर (मध्य प्रदेश) द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और समाज के कमजोर वर्गों का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण" विषय पर आयोजित सम्मेलन।

20. आरके एचआईवी/एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर, मुंबई द्वारा "भारत में मातृ मृत्यु दरः उसका सामाजिक–सांस्कृतिक परिदृश्य और भारतीय संदर्भ में पूर्वानुमान" विषय पर आयोजित सेमिनार।

21. पुद्दुचेरी महिला आयोग, नतेशन नगर, पुद्दुचेरी द्वारा "परामर्श की कला" विषय पर सरकारी पालिटेक्निक शिक्षकों के लिए आयोजित सेमिनार।

22. रूरल डेवलपमेंट एंड वेल्फेयर सोसाइटी, जयपुर (राजस्थान) द्वारा अजमेर, राजस्थान में "महिला बीड़ी श्रमिकों के लिए नीतियों और स्कीमों की समीक्षा" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

23. अखण्ड, पी.ओ. सिद्धी आश्रम, अगरतला (त्रिपुरा) द्वारा पश्चिमी त्रिपुरा जिले के अगरतला में "महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं और उसे रोकने के लिए बनाए गए कानून" विषय पर आयोजित सेमिनार।

24. संतराम वर्मा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक सेवा समिति (उत्तर प्रदेश) द्वारा "महिला अधिकार" विषय पर आयोजित सेमिनार।

25. चौधरी चरणसिंह ग्रामोद्योग संस्थान, हाथरस (उत्तर प्रदेश) द्वारा गांव मंडल में "घरेलू हिंसा अधिनियम – महिलाओं का संरक्षण" विषय पर आयोजित सेमिनार।

26. महिला जागृति समिति, सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) द्वारा "बालिका भ्रूणहत्या" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

27. समाहर्ता कार्यालय, सवाई माधोपुर, राजस्थान द्वारा "बाल विवाह और महिला संरक्षण अधिनियम" विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला।

28. पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय, मेघालय द्वारा "कानूनी अधिकार" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

29. पुद्दुचेरी महिला आयोग, पुद्दुचेरी द्वारा "परामर्श की कला" विषय पर पुद्दुचेरी के विभिन्न सरकारी विभागों के कल्याण अधिकारियों हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला।

30. मानव जागृति समिति, सी–8/293, यमुना विहार, दिल्ली द्वारा "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में लगातार घट रहा लिंग अनुपात (बालिका भ्रूणहत्या के कारण)" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यशाला।

31. ह्युमन राइट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा "महिलाओं के साथ छेड़छाड़, तंग करने, यौन दुराचार जैसे अपराध और उनसे निपटने के लिए उपलब्ध कानून" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

32. एसबीएस फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा "अनिवासी भारतीयों के साथ विवाहों में महिलाओं का उत्पीड़न से संरक्षण" विषय पर आयोजित सेमिनार।

33. पूजा वेल्फेयर सोसाइटी, जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर द्वारा अभिनव थियेटर, जम्मू में "भारत में महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा पर रोक लगाने में मीडिया की भूमिका" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

34. एसपीईईएस, जमशेदपुर, झारखंड द्वारा जिला जमशेदपुर, झारखंड में "वन्यभूमि पर जनजातीय महिलाओं के अधिकार" विषय पर आयोजित सेमिनार।

35. परिक्रमा महिला समिति, जबलपुर (मध्य प्रदेश) द्वारा "जनजातीय महिलाएं और राजनीति में उनकी भागीदारी" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

36. पंकज बहु–उद्देश्यीय शिक्षण संस्थान, भंडारा (महाराष्ट्र) द्वारा जिला भंडारा (महाराष्ट्र) में "गैर–सरकारी संगठनों और पुलिस अधिकारियों के लिए परामर्श" विषय पर आयोजित सेमिनार।

37. श्री रोकेदेश्वर शिक्षण प्रसारक मण्डल, नांदेड–वाघला, महाराष्ट्र द्वारा "बाल विवाह निषेध" विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार।

38. जीजामाता बहु–उद्देश्यीय महिला मंडल, सावरी, लातूर, महाराष्ट्र द्वारा "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न" विषय पर आयोजित सेमिनार।

39. प्रिया, भुवनेश्वर, उड़ीसा द्वारा "जनजातीय जिलों में वन्यभूमि पर जनजातीय महिलाओं के अधिकार" विषय पर आयोजित सेमिनार।

40. पुष्पांजलि कल्चरल एसोसिएशन, बोलंगीर, उड़ीसा द्वारा जिला बोलंगीर, उड़ीसा में राज्य स्तरीय सेमिनार।

41. शिवरचरण माथुर विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान द्वारा निर्वाचित महिला सरपंचों की "लैंगिक समानता और विकास" विषय पर सोच के संबंध में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला।

42. पब्लिक वेल्फेयर सोसाइटी, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश द्वारा जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में "एचआईवी/एड्स के संबंध में जागरूकता और निवारण" विषय पर आयोजित सेमिनार।

43. श्री माता प्रसाद स्मारक सेवा संस्थान, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश द्वारा इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश में "घटता हुआ लिंग अनुपात – बालिका भ्रूणहत्या" विषय पर आयोजित सेमिनार।

44. महिला प्रबोधिनी फाउंडेशन, मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश द्वारा महाशक्ति महिला सम्मेलन के दौरान "महिला अधिकार और सशक्तीकरण" विषय पर आयोजित सेमिनार।

45. समाज सेवा समिति, रायबरेली, उत्तर प्रदेश द्वारा "घटता हुआ लिंग अनुपात, मुस्लिम महिलाओं की स्थिति, बाल विवाह और इसके दुष्परिणाम, हस्तशिल्प, कसीदाकारी में महिलाओं की दशा, हथकरघा बुनाई क्षेत्र में महिलाओं की भूमिकां" विषय पर आयोजित सेमिनार।

क्षेत्र स्तरीय सेमिनार

1. नोबल सोशल एंड एजूकेशनल सोसाइटी (आंध्र प्रदेश) द्वारा "आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल में गर्भधारण–पूर्व और प्रसव–पूर्व नैदानिक तकनीक (पीसी एंड पीएंडडीटी) अधिनियम, 1994 का कार्यान्वयन और कार्यकरण" विषय पर आयोजित क्षेत्रीय सेमिनार।

2. राजनीति विज्ञान विभाग, मगध महिला महाविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, पटना (बिहार) द्वारा "महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा और अत्याचार" विषय पर दो–दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार।

राष्ट्र स्तरीय सेमिनार/सम्मेलन

1. अखिल भारत रचनात्मक समाज, गांधी आश्रम, दिल्ली द्वारा रजत जयंती समारोहों के आयोजन के दौरान "महिलाओं के अधिकार" विषय पर आयोजित एक–दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार।

2. अकादमी ऑफ ग्रासरूट्स स्ट्डीज एंड रिसर्च ऑफ इंडिया ('अग्रसरी'), तिरुपति (आंध्र प्रदेश) द्वारा "भारत में आधार स्तरीय आयोजना और स्थानीय प्रशासनिक संस्थाः वर्ष 1992 के बाद से नीतिगत पहल और लोगों की भागीदारी" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संभाषण।

3. विधि संकाय, कश्मीर विश्वविद्यालय, हजरतबल (जम्मू एवं कश्मीर) द्वारा अपराध–विज्ञान पर तीन–दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन।

4. ऑल इंडिया फाउंडेशन फॉर पीस एंड डिजास्टर मैनेजमेंट, नई दिल्ली द्वारा "महिला, पर्यावरण शिक्षा और जलवायु परिवर्तन" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन।

5. यूजीसी सेंटर फॉर वूमेन स्ट्डीज, उदयपुर, राजस्थान द्वारा "लैंगिक असमानता और कार्य की बदलती दशाएं तथा स्वास्थ्य" विषय पर आयोजित सम्मेलन।

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित अनुसंधान अध्ययन

1. महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, उत्तर प्रदेश द्वारा "पूर्वी उत्तर प्रदेश की जेलों में महिला कैदियों और उनके बच्चों की दशा" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

2. सुश्री प्रियंका भारद्वाज, 1–3/100, सेक्टर–16, रोहिणी, दिल्ली द्वारा "हिमाचल प्रदेश में अकेली रह रहीं

महिलाओं की स्थिति" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

3. नोबल सोशल एंड एजूकेशनल सोसाइटी, 303, अखिल अपार्टमेंट्स, आईएस महल थियेटर, तिरुपति, आंध्र प्रदेश द्वारा "आंध्र प्रदेश में किसानों द्वारा आत्महत्या तथा महिलाओं और परिवार के अन्य सदस्यों पर इसका प्रभाव" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

4. शक्तिवाहिनी, एच–11, द्वितीय तल, हडसन लाइंस, किंग्वजे कैम्प, नई दिल्ली द्वारा "हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में ऑनर किलिंग" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

5. डॉ. डेज़ी बोरा तालुकदार, निदेशक, सेंटर फॉर वूमेन स्टडीज, डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय, डिब्रूगढ़, असम द्वारा "विस्थापन के कारण महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव, प्राकृतिक एवं विकास प्रेरित विस्थापन के विशेष संदर्भ में: असम के डिब्रूगढ़ जिले से संबंधित एक अध्ययन" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

6. प्रो. विजयलक्ष्मी चौहान, निदेशक, यूजीसी सेंटर फॉर वूमेन स्ट्डीज, एम एल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर, राजस्थान द्वारा "उदयपुर और चित्तौड़गढ़ प्रमंडल में लिंग–आधारित भेदभाव के सामाजिक–मनोवैज्ञानिक पहलू" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

7. ऑल इंडिया फाउंडेशन फॉर पीस एंड डिजास्टर मैनेजमेंट, 2, शिवम अपार्टमेंट, दिल्ली द्वारा "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के जरिए आपदा से निपटने के लिए तैयारी में महिलाओं की भूमिका" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

8. श्रीमती एस.के. मारक, अध्यक्षा, मेघालय महिला राज्य आयोग, लोअर लाचुमियर, शिलांग द्वारा "मेघालय में महिलाओं के साथ अपराध" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

9. श्रीमती पूनम, सचिव, नव राजीव गांधी फाउंडेशन एंड रिसर्च सोसाइटी, 25, श्याम विहार, चौरदिया पेट्रोल पंप के पीछे, सांगानेर, 302029, राजस्थान द्वारा "राजस्थान राज्य के जयपुर जिले में घटना हुआ लिंग अनुपात" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

10. फादर ए. पैथ्रोस, अध्यक्ष, रूरल एजूकेशन वर्किंग सोसाइटी (आरईडब्ल्यूएस), नंबर 1128, ए, प्रथम तल, पहली गली, तेंड्रल नगर, वेंगिक्कल, तिरुवन्नामलाई–600044, तमिलनाडु द्वारा "तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई जिले में बालिका भ्रूणहत्या (घटते हुए लिंग अनुपात का कारण)" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

11. अरावली इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च, 297, टैगोर नगर, यशोधा पथ, अजमेर रोड, जयपुर–302024, राजस्थान द्वारा "राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम और राजस्थान राज्य में ग्रामीण महिलाओं पर इसके प्रभाव" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

12. सेंटर फॉर सोशल रिसर्च, 2, नेल्सन मंडेला मार्ग, नई दिल्ली द्वारा "महिलाओं द्वारा अपनी कोख किराये पर देना – नैतिक या वाणिज्यिक पहलू" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

13. सुश्री शिवाणी भारद्वाज, कार्यक्रम निदेशक, साथी ऑल फॉर पार्टनरशिप्स, मयूर विहार, फेस–1, नई दिल्ली द्वारा "संसाधनों में समानता के सिद्धांत को लागू करने में लैंगिक आधार पर भेदभाव" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

14. एहसास फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा "राजस्थान में विशेषकर कसीदाकारी, वस्त्र निर्माण, बांधनू साड़ियों की रंगाई जैसे हस्तशिल्प के क्षेत्र में कार्य कर रही महिलाओं की स्थिति और उनके कार्य की दशाओं" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

15. एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट इनिशिएटिव, नई दिल्ली द्वारा "भारतीय किसानों में आत्महत्या की प्रवृत्तिः ग्रामीण महिलाओं पर विपति, अकिंचन, वैधव्य और सरकारी राहत पैकेजों के प्रभाव" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

16. रूरल आर्गनाइजेशन फॉर अवेयरनेस एंड डेवलपमेंट, रोहतक, हरियाणा द्वारा "हरियाणा राज्य के रोहतक जिले में पंचायतों में कार्यरत महिलाएं" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

17. डॉ. एल एन दधीच, उदयपुर, राजस्थान द्वारा "दक्षिण राजस्थान में जनजातीय महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक सशक्तीकरण हेतु कार्य" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

18. लोक सेवा संस्थान, उत्तर प्रदेश द्वारा "झारखंड और मध्य प्रदेश में महिला विभाग द्वारा निर्मित स्व–सेवा समूहों के जरिए जनजातीय महिलाओं का सशक्तीकरण" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

19. रूरल एजूकेशन एंड वेल्फेयर सोसायटी, जयपुर, राजस्थान द्वारा "सवाई माधोपुर में ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में भागीदारी और निर्णयन की प्रक्रिया में समान भूमिका" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

20. शिवचरण माथुर विश्वविालय, उदयपुर, राजस्थान द्वारा "राजस्थान में महिला काश्तकारों की भूमिका और उनकी स्थिति" विषय पर आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

वर्ष 2009–10 के दौरान निम्नलिखित अनुसंधान अध्ययन पूरे किए गएः

किए गए अनुसंधान अध्ययनों का सारांश निम्नवत हैः

मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर के संबंध में बिहार के 5 जिलों – पटना, नालंदा, खगड़िया, सहरसा और रोहतास में चुनिंदा गांवों में अम्बपाली हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प विकास स्वावलंबी सहकारी समिति, पटना द्वारा आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

अध्ययन के उद्देश्यः

अध्ययन का उद्देश्य पांच चुनिंदा जिलों में से प्रत्येक जिले के तीन गांवों और कुल पंद्रह गांवों और पांच शहरी क्षेत्रों में सुविधाओं के संबंध में जागरूकता, उपलब्धता और उपयोग और साथ ही, सामाजिक प्रवृत्तिमूलक कारकों के संदर्भ में मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु की घटनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करना और विश्लेषण करना था। मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित थेः

- बिहार के 5 जिलों के चुनिंदा गांवों और शहरी क्षेत्रों में प्रसव–पूर्व सुविधा, बच्चे को जन्म देने से संबंधित अभिलक्षण, पोषण, गर्भनिरोधक उपायों और मातृ मृत्यु दर के अन्य प्रसव–पूर्व कारकों के संबंध में प्राथमिक सूचना एकत्र करना।
- शिशु को पोषण उपलब्ध कराने, टीकाकरण, बाल्यावस्था में होने वाले रोगों के उपचार, ओआरएस पैकेजों के उपयोग के संबंध में जानकारी और गंभीर रूप से बीमार बच्चों की देखभाल तथा शिशु मृत्यु दर के अन्य कारकों के संबंध में प्राथमिक सूचना एकत्र करना।
- पांच जिलों के चयनित गांवों में जहां तक मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं का संबंध है, उनमें सामाजिक अवसंरचना और स्वास्थ्य सुविधा की सुपुर्दगी प्रणाली, जनशक्ति, उपकरणों और औषधियों की उपलब्धता, अंतःवर्गीय समन्वयन, निगरानी और मूल्यांकन करना।
- प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर आम लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के दृष्टिगत की जाने वाली कार्रवाई से संबंधित उपायों के बारे में सिफारिशें सुझाई गईं।

क्रियाविधिः

- आंकड़ा संग्रहण हेतु मुख्य रूप से परिमाणात्मक – विधि प्रश्नावली अनुसूची का प्रयोग किया गया।

- अनुसंधान से संबंधित प्रश्नों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए मातृ शिशु कल्याण सर्वेक्षण (जच्चा–बच्चा कल्याण प्रश्नावली/साक्षात्कार अनुसूची) तैयार की गई। इसमें संबंधित जानकारियों की समीक्षा और प्रायोगिक क्षेत्रीय कार्य के आधार पर अभिज्ञात शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर के विभिन्न पहलुओं और कारकों को शामिल किया गया।
- प्रश्नावली को अंतिम रूप देने से पहले समुदाय के लोगों, स्वास्थ्य व्यावसायिकों और गैर–सरकारी संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ विचार–विमर्श भी किया गया।

निष्कर्ष:

- ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी अस्पतालों में प्रसव सेवाओं के अपेक्षा से कम स्तर पर कार्य करने, एंबुलेंसों की कमी और संदर्भ सेवाओं के उपयुक्त रूप में उपलब्ध न होने से गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं के प्राथमिक स्वास्थ्य की देखभाल की सुविधा इन चयनित क्षेत्रों में अधिकतर ऐसी महिलाओं और बच्चों को उपलब्ध नहीं थी जिन्हें इनकी सर्वाधिक आवश्यकता थी।
- गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए इन क्षेत्रों में कोई उचित अस्पताल या सुश्रुसा गृह उपलब्ध नहीं है।
- चयनित क्षेत्रों में प्रसव–पूर्व देखभाल की सुविधा, माताओं के लिए आयरन और फोलिक एसिड की उपलब्धता, माताओं को अपने नवजात बच्चों को स्तनपान कराने से संबंधित जानकारी देने, नवजात शिशु की ऊंचाई और उसके वजन को मापने, ओआरएस का प्रयोग करने आदि से संबंधित सुविधाएं लगभग अनुपलब्ध थीं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच अनिवार्य प्रसव–पूर्व अपेक्षाओं को उपयोग में लाने के संदर्भ में अत्यधिक अंतर था।
- हमारे द्वारा चयनित क्षेत्रों में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए कुशल एवं प्रशिक्षित दाइयों का नितांत अभाव देखा गया जिनकी मातृ मृत्यु दर में कमी लाने में अत्यधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। परंपरागत रूप से कार्य करने वाली दाइयां प्रसव के समय उत्पन्न होने वाली जटिलताओं का सामना करने में प्रायः विफल होती हैं।
- कृषि जीवनशैली में महिलाओं को बहुत अधिक कार्य करना पड़ता है जिसके कारण गर्भावस्था के दौरान उनका स्वास्थ्य सही नहीं रह पाता और जिससे नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
- सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पहलू भी गर्भवती महिलाओं या नवयुवतियों को स्वास्थ्य केंद्रों में जाने से बाधित करते हैं।
- समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव के कारण भी महिलाएं अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने के लिए आवश्यक सुविधाओं और जानकारियों से वंचित हैं।
- प्रसव–पूर्व जांच की आवश्यकता के प्रति दृढ़ प्रतिज्ञ न होना, विशेषकर नई पीढ़ी पर अपना नियंत्रण रखने वाले पुरानी पीढ़ी के लोगों में प्रसव–पूर्व देखभाल सेवाओं के प्रति जागरूकता का अभाव होना जिसके कारण वे नई पीढ़ी की अपनी बहुओं या लड़कियों को इस प्रकार की सेवा/सुविधा से वंचित रखते हैं।
- समुदाय में माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लाभों और ऐसा न करने पर होने वाली हानियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।
- समुदाय को गर्भनिरोधक विधियों के प्रयोग से होने वाले लाभ–हानियों के बारे में तथा महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न कारकों और उनके प्रभावों के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। यहां तक कि नई विकसित की गई आपातस्थिति में प्रयोग में लाई जाने वाली गर्भनिरोधक गोलियों के संबंध में विस्तृत जानकारी और उससे होने वाले

प्रभावों के बारे में भी उन्हें जानकारी उपलब्ध कराई जानी है। काफी कम आयु में गर्भपात कराने से होने वाले खतरों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है। गर्भनिरोधक के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम में पर्याप्त निजता बनाए रखने की आवश्यकता है क्योंकि नवयुवतियां आरंभ में ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने में संकोच करती हैं।

- प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में एंबुलेंस, उपकरण, आपातकालीन उपयोग हेतु औषधियों और अन्य उपयोगी वस्तुओं के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्रक अवसंरचना और अनिवार्य स्वास्थ्य आवश्यकताओं के बीच पर्याप्त अंतर है।
- ग्रामीण स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों के बीच तालमेल की कमी पाई गई; अर्थात पंचायत स्तर पर उपलब्ध विभिन्न सुविधाएं समन्वित नहीं हैं। समन्वित बाल विकास स्कीम (आईसीडीएस) और आंगनवाड़ी के कर्मचारियों, स्वच्छता अभियानों, पेय जल, विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों के बीच समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभिवृत्ति परिवर्तन और प्रसव–पूर्व सुविधाओं के उपयोग के संबंध में एक सकारात्मक वातावरण सृजित हो सके।
- महिला सशक्तीकरण और साक्षरता कार्यक्रम का स्तर काफी निम्न पाया गया है जिसका लोगों की अभिवृत्ति पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा और माता और शिशु के स्वास्थ्य की अवहेलना भी बढ़ेगी।

इस अध्ययन कार्यक्रम द्वारा की गई सिफारिशों का उल्लेख सिफारिश वाले अध्याय में किया गया है।

2. उड़ीसा में जनजातीय महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और उनके स्वास्थ्य की स्थिति के आकलन हेतु अनुसंधान अध्ययन – सद्ज्योतिका, अपर्णा नगर, चौलियागंज, पी ओ नया बाजार, कटक (उड़ीसा) द्वारा आयोजित अध्ययन कार्यक्रम

अध्ययन के उद्देश्यः

- उड़ीसा राज्य में जनजातीय महिलाओं की उनके सामाजिक और सजातीय संघटन, आयु, वैवाहिक स्थिति, पारिवारिक संरचना, शिक्षा, कौशल, व्यवसाय, रोजगार, आय, परिसंपत्तियों का स्वामित्व आदि के संदर्भ में सामाजिक, आर्थिक, व्यावसायिक और स्वास्थ्य संबंधी रूपरेखा तैयार करना।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और उनका उपयोग करने में उड़ीसा की जनजातीय समुदाय की महिलाओं द्वारा झेली जा रही समस्याओं की पहचान करना।
- महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास पर विशेष बल देते हुए जनजातीय विकास हेतु चालू कार्यक्रमों की समीक्षा करना।
- विभिन्न चालू निर्धनता उन्मूलन, आय सृजन, सामुदायिक विकास और संबद्ध जनजातीय विकास कार्यक्रमों में जनजातीय महिलाओं की भागीदारी के स्तर का आकलन करना।
- राजनीतिक, सामाजिक और पंचायती राज संस्थाओं में जनजातीय महिलाओं की भागीदारी के स्तर का आकलन करना।
- संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में विभिन्न नौकरियों में जनजातीय महिलाओं के रोजगार पैटर्न का अध्ययन करना।
- व्यापक व्यवसाय में जनजातीय महिलाओं द्वारा कार्यबल के रूप में कार्य करने के संदर्भ में उनकी आय संरचना और उनके शैक्षणिक स्तर और प्रशिक्षण के स्तर का अध्ययन करना।
- उड़ीसा में स्व–सहायता समूहों के माध्यम से इन संस्थाओं द्वारा दी जा रही सूक्ष्म ऋण सहायता तक जनजातीय महिलाओं की पहुंच का अध्ययन करना।
- उड़ीसा में जनजातीय महिलाओं के स्वास्थ्य की स्थिति और उनके द्वारा जन्म दिए गए बच्चों की संख्या के बारे में अध्ययन करना।

- जनजातीय महिलाओं के लिए परिवार कल्याण सुविधाओं की उपलब्धता और उन सुविधाओं तक उनकी पहुंच और उनके द्वारा इन सुविधाओं के उपयोग की स्थिति का अध्ययन करना।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के क्षेत्र में विभिन्न विकास स्कीमों (समन्वित बाल विकास स्कीम सहित) के बारे में जनजातीय महिलाओं की जागरूकता के स्तर का आकलन करना।
- जनजातीय महिलाओं द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के उपयोग के स्तर का आकलन करना और इन सुविधाओं का कम उपयोग किए जाने, यदि हो, के लिए उत्तरदायी कारकों की पहचान करना।
- उपयुक्त पैरामीटरों के संबंध में आधारभूत आंकड़े तैयार करना और जनजातीय महिलाओं के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण सामाजिक–आर्थिक सूचकों को विकसित करना।
- उड़ीसा में जनजातीय महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक, स्वास्थ्य स्थिति में सुधार के लिए उपयुक्त कार्यनीतियों और उपायों के संबंध में सुझाव देना।

क्रियाविधिः

- उड़ीसा के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति समुदायों की विविधता और उनकी सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए उड़ीसा के चार जिलों अर्थात मयूरभंज, सुंदरगढ़, कंधमाल जिलों से नमूने एकत्रित किए गए जिनमें भौगोलिक स्थिति, जनजातियों की किस्म और उनकी साक्षरता स्थिति के संदर्भ में अत्यधिक भिन्नता है।
- विभिन्न सरकारी संगठनों अर्थात आईटीडीए, एमएडीए, आईसीडीएस आदि से संगत द्वितीयक आंकड़े एकत्र किए गए।
- इन द्वितीयक आंकड़ों के अतिरिक्त, वयस्क महिलाओं के संबंध में उनकी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य संबंधी स्थितियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एक संरचित विभिन्न स्तरों पर अनेक चरणों में किए जाने वाले यादृच्छिक नमूना सर्वेक्षण की रूपरेखा तैयार की गई और उसे साकार रूप दिया गया।
- प्रतिनिधिक नमूना के रूप में कुछ जनजातीय घरों में जाकर वहां रहने वाले जनजातीय समुदाय के लोगों का विस्तृत साक्षात्कार लिया गया और उनसे एक विस्तृत चर्चा और पहले से तैयार की गई प्रश्नावली के आधार पर व्यापक जानकारी हासिल की गई।
- प्राथमिक परिवार सर्वेक्षण के लिए 400 प्रतिदर्श जनजातीय परिवारों जो विभिन्न जनजातियों और विभिन्न जोत आकारों का प्रतिनिधित्व करते थे, की 400 जनजातीय महिलाओं से बातचीत की गई। यह सर्वेक्षण उड़ीसा के चार प्रतिदर्श जिलों में किया गया तथा प्रतिदर्श ब्लॉकों की संख्या 20 थी।

निष्कर्षः

- जनजातीय महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक प्रोफाइल से यह ज्ञात होता है कि जनजातीय समुदाय का अधिकांश परिवार (72.7 प्रतिशत) मध्यम आकार का परिवार है, अर्थात परिवार में 4–7 सदस्य शामिल हैं।
- जनजातीय समुदाय के लगभग 58.9 प्रतिशत विवाहित व्यक्तियों ने यह बताया कि उनका विवाह 19–25 वर्ष की आयु में हुआ था।
- जिन जनजातीय महिलाओं का सर्वेक्षण किया गया, उनमें से लगभग आधी महिलाएं लघु और सीमांत कृषक परिवारों से हैं।
- कुल मिलाकर, एक तिहाई जनजातीय महिलाएं (33 प्रतिशत) साक्षर मात्र हैं जबकि इस समुदाय के पुरुषों में साक्षरता दर 53.3 प्रतिशत हैं।
- ज्ञात हुआ कि इस समुदाय में बेरोजगारी की दर 24. 4 प्रतिशत है जबकि सर्वेक्षण किए गए परिवारों की

37.7 प्रतिशत वयस्क महिलाएं अपने मुख्य व्यवसाय के रूप में कृषि कार्य करती हैं। लगभग 25.5 प्रतिशत कामकाजी जनजातीय महिलाएं अपने मुख्य व्यवसाय के रूप में कृषि क्षेत्र में मजदूरी का कार्य करती हैं।

- जनजातीय महिलाएं अपने परिवार की वार्षिक आय में लगभग 9.9 प्रतिशत का योगदान करती हैं।
- सर्वेक्षण किए गए अधिकांश परिवारों (अर्थात 61.3 प्रतिशत) की पारिवारिक आय 11,000/– रुपए से भी कम है। लगभग एक–तिहाई परिवार घोर निर्धनता का शिकार हैं जिनकी आय मात्र 4800/– रुपए से 6400 रुपए/– के बीच है।
- सर्वेक्षण किए गए किसी भी परिवार में कोई भी महिला सदस्य मैट्रिकुलेशन स्तर से अधिक शिक्षित नहीं पाई गई।
- सर्वेक्षण की गई जनजातीय महिलाओं में से अधिकांश (अर्थात 72.7 प्रतिशत) के पास कोई व्यावसायिक कौशल नहीं पाया गया। केवल 23.8 प्रतिशत जनजातीय महिलाओं को किसी न किसी प्रकार का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है।
- अधिकांश जनजातीय महिलाएं (54.2 प्रतिशत) घास–फूंस से बने मकानों में रहती हैं लेकिन सर्वेक्षण किए गए जनजातीय परिवारों में से 1–5वां भाग एक कमरे के मकाने में रह रहा था। उनमें से एक–तिहाई लोगों के मकानों में बिजली के कनेक्शन लगे हुए थे।
- अधिकांश जनजातीय महिलाओं (73.5 प्रतिशत) द्वारा सुरक्षित पेय जल प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक–तिहाई जनजातीय लोग पेय जल के लिए ट्यूबवेल/हैंड पंप पर निर्भर करते हैं और वर्ष में अधिकांश समय हैंड पंप खराब रहता है। अभी भी अधिकांश व्यक्ति अपने समुदाय द्वारा खोदे गए कुएं से पानी लेते हैं।
- लगभग 91 प्रतिशत जनजातीय परिवारों के अपने घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है; जिसके कारण वे अधिकांशतः खुले मैदान में शौच करते हैं।
- लगभग 56.7 प्रतिशत जनजातीय महिलाएं व्यक्तिगत और परिवार–अभिमुख स्कीमों के बारे में जानकारी रखती हैं। लगभग 57.7 प्रतिशत जनजातीय महिलाओं को सामुदायिक स्कीमों द्वारा सहायताप्राप्त भूमि सुधार क्रियाकलापों के बारे में जानकारी है। सर्वेक्षण की गई अधिकांश (84.3 प्रतिशत) जनजातीय महिलाओं को अपने क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य और संबद्ध संचार और अवसंरचना क्रियाकलापों के बारे में जानकारी है।
- मात्र 23.4 प्रतिशत वयस्क जनजातीय महिलाएं स्व–सहायता समूहों से जुड़ी हैं। लगभग 81.2 प्रतिशत महिला कर्जदारों के बारे में यह सूचित किया गया कि उन्होंने लिए गए कर्ज को अंशतः या पूर्णतः चुका दिया है। स्व–सेवा समूह में शामिल कुल जनजातीय महिलाओं में से केवल 23 प्रतिशत महिला लाभभोगियों को प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है जबकि उनमें से अधिकांश को किसी भी प्रकार का कोई प्रशिक्षण नहीं दिया गया है।
- सर्वेक्षण की गई जनजातीय समुदाय की महिलाओं में से 14.2 प्रतिशत महिलाओं ने पंचायती राज संस्थाओं में अपनी रुचि अभिव्यक्त की और 10 प्रतिशत महिलाओं द्वारा राजनीतिक क्रियाकलापों में रुचि व्यक्त की गई। लगभग एक–तिहाई (30.3 प्रतिशत) जनजातीय महिलाओं ने निर्धनता समाप्त करने और जनजातीय समुदाय के लोगों के बीच आर्थिक पिछड़ेपन को कम करने की बलवती इच्छा प्रकट की।
- कुल सर्वेक्षित जनजातीय महिलाओं में से केवल एक–तिहाई (33.3 प्रतिशत) महिलाएं ही किसी न किसी प्रकार के ऋण का उपयोग करने में सफल हुई थीं। संपूर्ण ऋण स्रोतों में से प्रमुख स्रोत स्व–सहायता समूह है जो लगभग 39.5 प्रतिशत महिलाओं को ऋण सहायता उपलब्ध करा रहा है। वाणिज्यिक और सहकारी बैंकों नें 34.6 प्रतिशत

जनजातीय महिलाओं को ऋण सुविधा प्रदान की है। उनमें से अधिकांश (55.5 प्रतिशत) जनजातीय महिलाएं अपने क्षेत्रों में विभिन्न लघु आय उत्पादक स्कीमों से संबंधित क्रियाकलापों और छोटे व्यवसायों/व्यापारों को करने के लिए ऋण का उपयोग करती हैं। आय अर्जन कार्यक्रम के संबंध में लगभग 56.7 प्रतिशत जनजातीय महिलाओं द्वारा संबंधित कार्यक्रम के संतोषजनक होने के बारे में बताया गया जबकि उनमें से 43.3 प्रतिशत महिलाओं ने अपना असंतोष व्यक्त किया।

- लगभग 35 प्रतिशत सर्वेक्षित जनजातीय महिलाओं ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र उनके सामुदायिक क्षेत्रों से 1–3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। लगभग 80 प्रतिशत जनजातीय महिलाओं ने बताया कि वे छोटी–मोटी बीमारियों का उपचार परंपरागत रूप से और स्थानीय वैद्यों द्वारा दी गई दवाइयों से करती हैं। लगभग 85 प्रतिशत महिलाएं कुछ चिरकालिक रोगों के उपचार हेतु सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों से उपचार कराना पसंद करती हैं। निजी स्वास्थ्य संस्थाओं की तुलना में सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्भरता और पसंद की दर कहीं अधिक है। रोगग्रस्त होने की समग्र दर कंधमाल जिले में सबसे अधिक है जिसके बाद कोरापुट जिले का स्थान है। सर्वेक्षित चार जिलों में रोगग्रस्तता की घटना युवा पीढ़ी के लोगों में कहीं अधिक है।
- सर्वेक्षित जिलों में सूचित प्रसवों में से अधिकांश (66.8 प्रतिशत) प्रसव 18–25 वर्ष की आयु में हुए।
- सर्वेक्षित चार जिलों में प्रति 1000 जीवित जन्मे बच्चों में से बालिका शिशुओं की मृत्यु दर अलग–अलग स्वरूप की थी। सुंदरगढ़ में यह संख्या 94 थी जबकि कंधमाल में यह संख्या 115 थी। कुल मिलाकर, सूचित किए गए शिशु मृत्यु की संख्या में से अधिकांश 54.8 प्रतिशत बालिका शिशुओं की मृत्यु से संबंधित थी। जनजातीय परिवारों की लगभग 56.1 प्रतिशत महिलाओं के संबंध में बताया गया कि उन्होंने प्रसव से पूर्व दो–चार बार प्रसव–पूर्व जांच कराई। सर्वेक्षित महिलाओं में से आधी से अधिक (59.5 प्रतिशत) द्वारा बताया गया कि उनका प्रसव जनजातीय महिलाओं के निवास स्थान में हुआ। लगभग 34.4 प्रतिशत महिलाओं द्वारा सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव कराया गया जबकि अधिकांश महिलाओं (76.4 प्रतिशत) ने यह बताया कि उनका सामान्य प्रसव हुआ था, किंतु उन्होंने प्रसव के दौरान टिटेनस टॉक्साइड का इंजेक्शन नहीं लगवाया था। लगभग 67.7 प्रतिशत सर्वेक्षित महिलाओं ने गर्भावस्था के दौरान आयरन फोलिक की गोलियां नहीं खाई थीं।
- सर्वेक्षित जनजातीय महिलाओं में परिवार नियोजन के साधन के रूप में निरोध के इस्तेमाल के संबंध में जागरूकता में अंतर पाया गया जो कंधमाल जिले में 48 प्रतिशत से सुंदरगढ़ जिले में 62 प्रतिशत के बीच था।
- जनजातीय महिलाओं में स्त्री नलबंदी, पुरुष नसबंदी, आईयूडी और एमटीपी के संबंध में सूचना देने के लिए सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और आईसीडीएस के केंद्रों में कार्य कर रहे एएनडब्ल्यू और एडब्ल्यूडब्ल्यू तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी सूचना के निकटतम स्रोत सिद्ध हुए।

इस अध्ययन कार्यक्रम द्वारा की गई सिफारिशों का उल्लेख सिफारिश वाले अध्याय में किया गया है।

3. उत्तराखण्ड राज्य के अल्मोड़ा जिले में पंचायतों में कार्य कर रही महिलाओं के संबंध में किया गया अध्ययन (ब्लॉक–वार सर्वेक्षण पर आधारित) – जलगांव समिति सजगौरी, जिला अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित अध्ययन कार्यक्रम

अध्ययन के उद्देश्यः

- उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा जिले में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का सामाजिक–आर्थिक प्रोफाइल समझना।

- उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा जिले में पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी हासिल करना।
- उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा जिले में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के परिवार के भीतर और सामुदायिक स्तर पर सशक्तीकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करना।
- पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने से पंचायती क्षेत्र में हुए विकास की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल करना और यह ज्ञात करना कि क्या महिलाओं द्वारा अपना नेतृत्व प्रदान करने से विकासात्मक क्रियाकलापों के क्रियान्वयन और उनके निष्पादन पर कोई प्रभाव पड़ा है।
- चुनी गई महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी का स्व–सेवा समूहों, महिला संगठनों और अन्य सिविल सोसायटी मंचों पर प्रभाव का आकलन करना।
- पंचायतों में महिलाओं की स्थिति के संबंध में जमीनी सचाई को बेहतर रूप में समझना।
- उत्तराखण्ड राज्य में महिला के नेतृत्व में कार्य कर रही पंचायतों का एक प्रोफाइल तैयार करना।
- पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं की प्रकृति और उसके परिमाण को अभिज्ञात करना और उनका अध्ययन करना।
- महिलाओं के नेतृत्व में कार्य कर रही पंचायतों द्वारा शुरू किए गए विभिन्न आय अर्जक और आर्थिक क्रियाकलापों/स्कीमों के क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित सहायता के संबंध में अध्ययन करना।
- पंचायतों में कार्य कर रही महिलाओं के समक्ष संबंधित सरकारी विभागों द्वारा उत्पन्न समस्याओं के संबंध में अध्ययन करना।

क्रियाविधिः

- अध्ययन हेतु लक्षित समूह सभी तीनों स्तरों अर्थात जिला परिषद्, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर महिला पंचायत सदस्य थीं।
- डेटा एकत्र करने के लिए परिमाणात्मक और गुणात्मक सर्वेक्षण किए गए। परिमाणात्मक डेटा प्रधानों (महिला और पुरुष दोनों), वार्ड सदस्यों (महिला और पुरुष दोनों), भूतपूर्व निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों और समुदाय के सदस्यों से प्राप्त किएगए।
- गुणात्मक डेटा केंद्रित समूहों के साथ विचार–विमर्श के माध्यम से और सरकारी अधिकारियों के साथ काफी सावधानीपूर्वक आयोजित साक्षात्कार कार्यक्रमों तथा ग्राम सभा की बैठकों के कार्यवृत्तों की समीक्षा के जरिए एकत्रित किए गए।
- परिमाणात्मक सर्वेक्षण हेतु निम्नलिखित अनुसूचियां तैयार की गईं:
  1. प्रधानों/वार्ड सदस्यों हेतु अनुसूची
  2. भूतपूर्व निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों हेतु अनुसूची
  3. पंचायत सचिव हेतु अनुसूची
  4. समुदाय/परिवार हेतु अनुसूची
- गुणात्मक सर्वेक्षण हेतु निर्धारित किए गए दिशानिर्देश/अर्ध–संरचित अनुसूची निम्नानुसार थीः
  1. समुदाय के केंद्रित समूह के साथ विचार–विमर्श
  2. सरकारी अधिकारियों के साथ सावधानीपूर्वक विचार–विमर्श
  3. ग्राम सभा की बैठकों के कार्यवृत्तों की समीक्षा
- इस अध्ययन हेतु निम्नलिखित ब्लॉकों को कवर किया गयाः
  1. भिक्यासी
  2. चौखुटिया

3. ताकुला
4. द्वारिखाल
5. स्यालदी, सुल्ट
6. तारिखेत
7. धौलादेवी
8. हवालबाग
9. लम्गारा
10. भास्याल खाना

- इस अध्ययन हेतु 1363 प्रतिनिधियों का चयन किया गया। इन 1363 प्रतिनिधियों में से पंचायती राज संस्थाओं के 330 प्रधान और 1033 वार्ड सदस्य अध्ययन हेतु चुने गए थे।

निष्कर्ष:

- **निर्वाचित प्रतिनिधियों का उनकी वर्तमान टीम में प्रोफाइल:**
  - निर्वाचित प्रतिनिधियों के आयु–वार विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि उनमें से 45 प्रतिशत सदस्य 36 से 50 वर्ष के बीच की आयु के थे जबकि निर्वाचित प्रतिनिधियों का 2–5वां भाग युवा आयु वर्ग (21–25) से संबंधित था, निर्वाचित प्रतिनिधियों में से केवल 17 प्रतिशत सदस्य 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के थे।
  - निर्वाचित सदस्यों में महिला प्रतिनिधि प्रायः पुरुष प्रतिनिधियों की तुलना में कम आयु की थीं।
  - शिक्षा प्राप्ति के स्तर के संबंध में किए गए सर्वेक्षण से यह ज्ञात हुआ कि पुरुष प्रतिनिधि महिला प्रतिनिधियों की तुलना में अधिक शिक्षित हैं। 48 प्रतिशत महिला प्रतिनिधि माध्यमिक कक्षा उत्तीर्ण थीं जबकि उनमें से 19 प्रतिशत निरक्षर थीं।

- **व्यतीत समय के आधार पर प्राथमिक व्यवसाय:**
  - पुरुष प्रधानों की एक अधिक संख्या (47 प्रतिशत) के बारे में ज्ञात हुआ कि वे अपना अधिकांश समय पंचायत कार्यों में बिताते हैं जिसके पश्चात उन प्रधानों का स्थान है (36 प्रतिशत) जो अपना अधिकांश समय कृषि कार्य में बिताते हैं। अधिकांश महिला प्रधान (51 प्रतिशत) अपना समय मुख्य रूप से घरेलू कार्यों में बिताती हैं। केवल 32 प्रतिशत महिला प्रधान ही पंचायती कार्यों में अपना समय व्यतीत करती हैं।

- **निर्वाचित प्रतिनिधियों की सामाजिक पृष्ठभूमि:**
  - पंचायती राज संस्थाओं के जिन निर्वाचित सदस्यों से बात की गई, उनमें से एक बड़ी संख्या समाज के अपेक्षाकृत अधिक सुविधाविहीन तबकों से संबंधित थीं (अनुसूचित जाति – 26 प्रतिशत)। केवल 28 प्रतिशत ही सामान्य श्रेणी से संबंधित थीं।
  - निर्वाचित प्रतिनिधियों का धार्मिक समूह–वार वितरण:

    अधिकांश निर्वाचित प्रतिनिधि हिंदू समुदाय से थे (86 प्रतिशत)। जहां तक निर्वाचित प्रतिनिधियों की धार्मिक पृष्ठभूमि का संबंध है, लैंगिक आधार या समाज में उनकी हैसियत के आधार पर उसमें कोई अंतर नहीं पाया गया।

- **निर्वाचित प्रतिनिधि का आर्थिक प्रोफाइल:**
  - निर्वाचित प्रतिनिधियों में से आधे से अधिक (54 प्रतिशत) गरीबी रेखा से ऊपर थे।
  - पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित सदस्यों में से 12 प्रतिशत ने वर्ष के कुछ महीनों के दौरान अपर्याप्त भोजन प्राप्त होने की बात कही और ऐसे मामलों की संख्या वार्ड सदस्यों के मामले में अधिक थी (14 प्रतिशत) जबकि इस श्रेणी में प्रधानों की संख्या 5 प्रतिशत थी।

- निर्वाचित प्रतिनिधियों में से 54 प्रतिशत ने गत दस वर्षों के दौरान आय में वृद्धि होने की बात बताई। यह स्थिति प्रधानों के मामले में काफी अधिक (68 प्रतिशत) थी जबकि 51 प्रतिशत वार्ड सदस्यों ने ही अपनी आय में वृद्धि होने की बात बताई।

- **समानांतर निकायों की भूमिका:**
  - सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों में से 26 प्रतिशत निर्वाचित होने से पूर्व किसी स्थानीय निकाय/सीबीओ से जुड़े हुए थे। अधिकांश निर्वाचित सदस्य प्रधान (29 प्रतिशत) और उनके बाद वार्ड सदस्य (24 प्रतिशत) ने ऐसी सूचना प्रदान की।

- **महिलाओं की भागीदारी का प्रभाव और सामुदायिक विकास:**
  - सूचित 72 प्रतिशत महिलाएं जनोपयोगी सेवाएं उपलब्ध कराने में लगी हुई थीं जबकि 62 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि वे विद्यालयों में अधिकाधिक बालिकाओं को पढ़ने के लिए उनका नामांकन कराने और घरेलू हिंसा को कम करने के लिए प्रयास में जुटी हैं।

इस अध्ययन कार्यक्रम द्वारा की गई सिफारिशों का उल्लेख सिफारिश वाले अध्याय में किया गया है।

4. हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में अकेली रह रही महिलाओं की वर्तमान स्थिति के संबंध में अनुसंधान अध्ययन : ऐसी महिलाओं की संख्या ज्ञात करना और उनकी प्रमुख समस्याओं के संबंध में जानकारी एकत्र करना – प्रियंका भारद्वाज द्वारा किया गया अनुसंधान अध्ययन कार्यक्रम

उद्देश्य:

- अंतिम प्रयोक्ता के परिप्रेक्ष्य में अकेली रह रही महिला की संकल्पना की जांच करना।
- हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में अकेली रह रही महिलाओं की पहचान करना।
- कानूनी, आर्थिक और सामाजिक श्रेणियों के अंतर्गत अकेली रह रही महिलाओं की समस्याओं की पहचान करना।
- समाज में अकेली रह रही महिलाओं की सहायता और उनके लाभार्थ उपायों, नीतियों या कानूनों की सिफारिश करना।

क्रियाविधि:

- इस अध्ययन में गैर–प्रयोगात्मक, अनुसंधानात्मक और निर्धारक अनुसंधान क्रियाविधि प्रयोग में लाई गई।
- संख्यात्मक पहचान दस विकास ब्लॉकों में रहने वाली अकेली महिलाओं की कुल आबादी आकार (पी) के आधार पर की गई।
- दस विकास ब्लॉकों में ग्राम प्रधानों और क्षेत्रीय अन्वेषकों की सहायता से किए गए सर्वेक्षण के पश्चात परिकलित अकेली रह रही महिलाओं की संख्या लगभग 5017 ज्ञात हुई।
- अध्ययन में हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के दस विकास ब्लॉकों को शामिल किया गया।
- सरकारी लाभ प्राप्त करने वाली अकेली रह रही महिलाओं की जनसंख्या 4781 पाई गई।
- जिले में रह रही अकेली महिलाओं की कुल संख्या 9798 ज्ञात हुई।

निष्कर्ष:

- शिमला जिले के दस ब्लॉकों में आयोजित वर्तमान अध्ययन का उद्देश्य इनमें रह रही अकेली महिलाओं की संख्या ज्ञात करना तथा कानूनी, आर्थिक और सामाजिक पहलुओं के दृष्टिगत ऐसी महिलाओं के समक्ष आने वाली समस्याओं को उजागर करना था। नीचे इस अध्ययन के निष्कर्षों का उल्लेख किया गया है।

- अकेली रह रही ये महिलाएं सरकारी सहायता और पुनः मान्यता प्रदान करने की मांग कर रही हैं।
- सरकारी रिकार्डों के अनुसार पेंशन प्राप्त कर रही विधवा महिलाओं की संख्या 4781 ज्ञात हुई।
- वर्तमान में शिमला जिले में अकेली रह रही महिलाओं की कुल संख्या 9798 है।
- लगभग 90 प्रतिशत अकेली रह रही महिलाओं को भारत में महिलाओं को उपलब्ध कानूनी अधिकारों की जानकारी नहीं है।
- इन महिलाओं को त्वरित और आसानी से कानूनी सहायता उपलब्ध नहीं है। उन्हें अतिरिक्त कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।
- लगभग 80 प्रतिशत अकेली रह रही महिलाओं को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और वे दूसरों पर निर्भर हैं या उत्तरजीविता हेतु संघर्ष कर रही हैं।
- सामाजिक क्षेत्र में लगभग 85–90 प्रतिशत अकेली रह रही महिलाएं स्वयं को व्यक्तिगत पहचान से वंचित महसूस करती हैं।
- अकेली रहने के कारण उनके लैंगिक और मानसिक आधार पर उत्पीड़न का शिकार होने की अधिक संभावना रहती है।
- 10 विकास ब्लॉकों में से चिरगांव ब्लॉक में रह रही अकेली महिला को कानूनी जानकारी सबसे कम उपलब्ध थी और मशोबरा ब्लॉक में रह रही अकेली महिला आर्थिक दृष्टि से सर्वाधिक स्वतंत्र थी। चिरगांव और चौपाल में रह रही अकेली महिलाओं के संबंध में ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें सामाजिक उत्पीड़न का सर्वाधिक शिकार होना पड़ता है।
- लगभग 95 प्रतिशत महिलाएं यह महसूस करती हैं कि अकेली रहने के कारण उनका उत्तरोत्तर विकास बाधित हुआ है।
- 100 प्रतिशत अकेली महिलाएं आरक्षण सूचकांक में अपने लिए एक पृथक यूनिट की मांग करती हैं।
- जब इन महिलाओं ने अनेक लोगों के बीच किसी प्रश्न का उत्तर दिया तो उनके उत्तर में पर्याप्त परिवर्तन पाया गया। केवल 20–30 प्रतिशत महिलाएं ही ऐसी स्थिति में उत्तर दे पाईं और उनके द्वारा दिया गया उत्तर भी मुक्त रूप में दिया गया उत्तर नहीं था। शेष महिलाएं चुप रहीं।
- अकेली रह रहीं 90 प्रतिशत महिलाओं के हीन भावना से शिकार हो जाने और दबाव के अधीन जीवन व्यतीत करने की संभावना अधिक होती है।
- किसी गैर–सरकारी संगठन या सरकारी तंत्र से सहायता प्राप्त नहीं करने का मुख्य कारण सामाजिक भय है।
- 80 से 90 प्रतिशत अकेली रह रही महिलाएं आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से परिवार की सहायता के बिना ही संघर्ष कर रही हैं।
- "अकेली रह रही महिलाओं" की अवधारणा की अब और अधिक अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। यह वर्तमान में तेजी से बढ़ रही घटना है जिस पर राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

इस अध्ययन कार्यक्रम द्वारा की गई सिफारिशों का उल्लेख सिफारिश वाले अध्याय में किया गया है।

5. आंध्र प्रदेश में हथकरघा और विद्युतकरघा क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों द्वारा आत्महत्या के कारण उनके परिवारों और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना – नोबल सोशल एंड एजूकेशनल सोसाइटी, तिरुपति, आंध्र प्रदेश द्वारा आयोजित अध्ययन कार्यक्रम

उद्देश्यः

- आत्महत्या के शिकार हुए बुनकर परिवारों के सामाजिक–आर्थिक प्रोफाइल का अध्ययन करना।

- बुनकरों द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का अध्ययन करना।
- सरकार और अन्य स्रोतों द्वारा प्रभावित परिवारों को दी जाने वाली सहायता (राहत उपायों) की प्रकृति का आकलन करना।
- आत्महत्या के कारण प्रभावित बुनकर परिवारों में महिलाओं और बच्चों द्वारा झेली जा रही आसन्न संकटों और कठिनाइयों की प्रकृति की जांच करना।
- पीड़ित परिवारों में महिलाओं की बदलती भूमिका और इसके कारण सामान्य तौर पर परिवार पर और विशेष तौर पर बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
- ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने तथा सामान्य तौर पर भारत में और विशेषकर आंध्र प्रदेश में हथकरघा और विद्युतकरघा क्षेत्र के विकास के लिए उपयुक्त उपायों का सुझाव देना।

क्रियाविधिः

- यह अध्ययन आंध्र प्रदेश राज्य में किया गया।
- पहले चरण में, आंध्र प्रदेश में हथकरघा और विद्युतकरघा क्षेत्र में कार्य कर रहे बुनकरों द्वारा आत्महत्या के कुल मामलों से संबंधित आंकड़े हथकरघा और वस्त्र निदेशक और आयुक्त का कार्यालय, आंध्र प्रदेश सरकार, हैदराबाद से एकत्र किए गए।
- दूसरे चरण में, आत्महत्या के कुल मामलों में से 200 पीड़ित परिवारों (इनमें अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले और प्राप्त नहीं करने वाले दोनों ही प्रकार के परिवार शामिल थे) का यादृच्छिक रूप में चयन किया गया। चयनित सभी 200 प्रतिदर्श पीड़ित परिवारों में से प्रत्येक परिवार से एक महिला अर्थात मृतक की पत्नी का चयन किया गया।
- कुल चयनित पीड़ितों में से अध्ययन हेतु प्रतिदर्श पीड़ित का जिला–वार वितरण निम्नवत हैः

1. करीम नगर (105 प्रत्यर्थी)
2. वारंगल (37 प्रत्यर्थी)
3. नालगोंडा (11 प्रत्यर्थी)
4. प्रकाशम (22 प्रत्यर्थी)
5. अनंतपुर (25 प्रत्यर्थी)

- अध्ययन हेतु प्राथमिक और द्वितीयक आंकड़े एकत्र किए गए। प्राथमिक आंकड़े चुनिंदा प्रतिदर्श से साक्षात्कार अनुसूची, साक्षात्कार गाइड के माध्यम से एकत्र किए गए जबकि द्वितीयक आंकड़े प्रकाशित पुस्तकों, पत्रिकाओं, दस्तावेज और अध्ययन हेतु अन्य संगत कार्यालयों आदि से एकत्र किए गए।
- एकत्रित आंकड़ों का भिन्न–भिन्न सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय सूचकांकों का प्रयोग करके विश्लेषण किया गया।
- आंकड़ों के विश्लेषण हेतु "प्रतिशत" जैसी सरल सांख्यिकीय विधि का प्रयोग किया गया।

निष्कर्षः

- प्रतिदर्श में शामिल किए गए अधिकांश परिवार "पद्मशाली जाति" से संबंधित थे।
- हालांकि प्रतिदर्श परिवारों की कुल आबादी अनेक व्यवसायों से जुड़ी हुई थी, किंतु उनमें से एक–चौथाई लोग हथकरघा बुनाई और 10 प्रतिशत से कुछ कम लोग विद्युतकरघा क्षेत्र में कार्य कर रहे थे।
- सभी 200 परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं।
- सभी परिवार कर्ज के बोझ से दबे हैं और उनके लिए साहूकार ऋण प्राप्त करने का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है।
- आत्महत्या के अधिकांश मामले वर्ष 2003 और 2008 के बीच घटित हुए जबकि आंध्र प्रदेश में इस अवधि के दौरान बुनकर उद्योग घोर संकट के दौर से गुजर

रहा था। आत्महत्या के कारणों में अल्प–रोजगार, बेरोजगारी और कर्ज के बोझ से दबना जैसे कारण शामिल हैं।

- आत्महत्या करने वालों में से 42.50 प्रतिशत निरक्षर थे और विद्युतकरघा (51 प्रतिशत) और पिटकरघा (48 प्रतिशत) में बुनाई का कार्य करते थे।
- आत्महत्या करने वाले बुनकरों की विधवाओं में से एक बहुत बड़ी संख्या ने अपने पतियों की तत्काल मृत्यु के पश्चात अपने परिवार की जिम्मेदारी संभाल ली।
- सभी 200 प्रत्यर्थी (आत्महत्या करने वाले बुनकरों की विधवा) आजीविका हेतु किसी न किसी व्यवसाय से जुड़ी थीं। इन विधवाओं में से अधिकांश के लिए बीड़ी बनाने का कार्य आय का प्रमुख स्रोत था जिसके बाद हथकरघा बुनाई उनके लिए आय का एक दूसरा स्रोत था। हालांकि उनके मृतक पतियों में से अधिकांश विद्युतकरघा पर काम करते थे, किंतु कुल विधवाओं में से केवल 0.50 प्रतिशत ही वर्तमान में विद्युतकरघा पर कार्य कर रही हैं।
- बुनाई (पिटकरघा) के कार्य में लगी अधिकांश विधवा प्रत्यर्थी प्रमुख बुनकरों के साथ मिलकर कार्य रही हैं।
- जो विधवाएं बुनाई के कार्य में अपना स्वयं का रोजगार (पिटकरघा पर) कर रही हैं, उन्हें इसके लिए कार्यचालन पूंजी अनुग्रह राशि के रूप में, बैंकों और संबंधियों से प्राप्त हुई तथा स्व–रोजगार में लगी सभी विधवा बुनकर (पिटहरघा) अपने स्वयं के प्रयास से ही न केवल कच्ची सामग्री प्राप्त कर रही हैं बल्कि अपने तैयार उत्पादों को बाजार में बेच भी रही हैं। हथकरघा बुनाई (विद्युतकरघा और पिटकरघा, दोनों पर) में लगी अधिकांश विधवा प्रत्यर्थी इस कार्य में दिनभर में 6 घंटे का समय व्यतीत करती हैं और शेष विधवा बुनकर 7–11 घंटे तक का समय इस कार्य में लगाती हैं।
- कुल प्रतिदर्श विधवाओं में से लगभग 50 प्रतिशत को अनुग्रह भुगतान प्राप्त हुआ जबकि शेष 50 प्रतिशत को ऐसा भुगतान प्राप्त नहीं हुआ क्योंकि समिति द्वारा उनके मामले अस्वीकृत कर दिए गए। अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाली महिलाओं में से 60 प्रतिशत से भी अधिक इससे संतुष्ट हुईं जबकि शेष संतुष्ट नहीं हुईं।
- कुल 200 प्रतिदर्श परिवारों में से एक–चौथाई परिवारों में पिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के पश्चात बच्चों ने स्कूल में पढ़ना छोड़ दिया।
- अधिकांश विधवाएं अपने–अपने परिवारों में आर्थिक, व्यावसायिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और बच्चों के विवाह जैसे कार्यों को करना शीघ्र सीख गईं।

इस अध्ययन कार्यक्रम द्वारा की गई सिफारिशों का उल्लेख सिफारिश वाले अध्याय में किया गया है।

6. उत्तराखण्ड में महिलाओं की स्थिति : धारी विकास ब्लॉक का एक तुलनात्मक अध्ययन – एक्टिविस्ट ऑफ वोलंटरी एक्शन फॉर डेवलपमेंट ऑफ ह्युमेनिटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित अध्ययन कार्यक्रम

उद्देश्य:

- समाज में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति का मूल्यांकन करना।
- महिलाओं की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों का पता लगाना।
- आयु वर्ग–वार महिलाओं की स्थिति ज्ञात करना।
- समाज में हुए आधुनिक विकास के कारण महिलाओं में हुए सकारात्मक और नकारात्मक परिवर्तनों को समझना।
- महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करना।

- महिलाओं के कल्याणार्थ सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभाव का आकलन करना।
- परिवार के सदस्यों द्वारा जुआ खेलने, महिलाओं के साथ हिंसात्मक व्यवहार करने और शराब का सेवन करने से महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।
- विभिन्न जातियों में महिलाओं की स्थिति का पता लगाना।

क्रियाविधिः

- अध्ययन हेतु प्राथमिक और द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़े प्रयोग में लाए गए।
- कुल प्रतिदर्श आकार 529 परिवारों का था जिनमें से बोधिबन से 112, धनचुली से 211, अक्सोडा से 160 और कोकिलबाना से 36 परिवार शामिल किए गए थे।
- इस अध्ययन हेतु 1031 महिलाओं और बालिकाओं का चयन किया गया।

निष्कर्षः

- चयनित परिवारों (96 प्रतिशत) का मुख्य व्यवसाय कृषि है।
- अधिकांश चयनित महिलाएं (471) निरक्षर हैं। केवल 26 महिलाओं को स्नातक की उपाधि प्राप्त है।
- लगभग सभी महिलाएं अपना अधिकांश समय ईंधन, चारा और पेय जल जुटाने में व्यतीत करती थीं।
- हालांकि महिलाएं आर्थिक क्रियाकलापों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं किंतु बावजूद इसके निर्णयन की प्रक्रिया में उनकी भूमिका नगण्य है।
- अधिकांश महिलाओं को अपने परिवार की आय और साथ ही उनके स्वयं के द्वारा अर्जित आय को व्यय करने का अधिकार नहीं है। कोई भी निर्णय अधिकतर उनके पतियों द्वारा ही लिया जाता है।
- लगभग सभी महिलाओं को समाज में विद्यमान समस्याओं के बारे में जानकारी है। बेरोजगारी, गरीबी, लड़कियों की सुरक्षा, निरक्षरता और परिवार के पुरुष सदस्यों का नशे का आदी होना समाज की प्रमुख समस्या है जिसका उन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
- अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि अधिकांश महिलाएं प्रतिदिन 10 से 14 घंटे तक कार्य करती हैं बावजूद इसके उनका परिवार की संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है। लगभग 90 प्रतिशत महिलाओं का बैंक में अपना कोई खाता नहीं है।
- विवाह की औसत आयु 18 से 21 वर्ष के बीच है।
- अधिकांश महिलाएं कृषि कार्य में लगी हुई हैं।
- अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि महिलाओं के स्वास्थ्य की स्थिति सही नहीं है। ज्ञात होता है कि शीघ्र विवाह के कारण और पोषक भोजन की उपलब्धता न होने के कारण वे स्त्रीरोगों की शिकार हो जाती हैं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से घिर जाती हैं।
- अध्ययन से यह भी ज्ञात हुआ कि समय के साथ महिलाओं के साथ हिंसा में भी क्रमशः वृद्धि हो रही है।
- अध्ययन से प्राप्त आंकड़े यह दर्शाते हैं कि अधिकांश महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी स्कीमों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसके कारण वे सरकारी स्कीमों से कोई भी लाभ प्राप्त नहीं कर पाती हैं।

इस अध्ययन कार्यक्रम द्वारा की गई सिफारिशों का उल्लेख सिफारिश वाले अध्याय में किया गया है।

7 राष्ट्रीय महिला आयोग की सिफारिशें

भारतीय संविधान हमारे समाज के सभी वर्गों को न्याय और बराबरी की गारंटी देता है, चाहे उनकी जाति, पंथ, धर्म, रंग और लिंग कुछ भी हो। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा महिलाओं के हितों की रक्षा करने के लिए अनेक विधान अधिनियमित किए गए हैं और महिलाओं के प्रति अपराधों से निपटने के लिए वर्तमान कानूनों में संशोधन किए गए हैं। इन निवारक उपायों के बावजूद, महिलाओं पर होने वाले अपराधों जैसे दहेज मृत्यु, तेजाब से हमले, कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न, बलात्कार, घरेलू हिंसा आदि जारी हैं। महिलाओं के अधिकारों के अनुमोदन और संरक्षण के लिए आयोग को प्राप्त अधिदेश के अनुसरण में स्टेकहोल्डरों से व्यापक विचार–विमर्श के पश्चात वर्ष 2009–10 के दौरान, वैधानिक पहलुओं के संबंध में नीचे उल्लिखित सिफारिशें प्रस्तावित की गई हैं जिन्हें सरकार द्वारा क्रियान्वित किया जाना है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस वर्ष के दौरान महिलाओं के हितों से संबंधित विभिन्न विषयों पर अनुसंधान अध्ययनों को भी प्रायोजित किया है और इन अध्ययनों से प्राप्त सिफारिशों का भी केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा लागू किए जाने के लिए नीचे उल्लेख किया गया है।

वर्ष 2009–10 के दौरान विधिक प्रकोष्ठ द्वारा की गई सिफारिशें:

1. बलात्कार पीड़िताओं के लिए राहत और पुनर्वसन की योजना

माननीय उच्चतम न्यायालय ने देहली डोमेस्टिक वर्किंग वूमेन्स फोरम बनाम भारत संघ और अन्य रिट याचिका (सीआरएल) संख्या 362/93 में राष्ट्रीय महिला आयोग को एक ऐसी स्कीम तैयार करने का निर्देश दिया जिससे "बलात्कार की दुर्भाग्यशाली पीड़िताओं के आंसू पोछे जा सकें।" उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी की कि संविधान के अनुच्छेद 38(1) में निहित निर्देश सिद्धांतों के संदर्भ में यह आवश्यक है कि एक आपराधिक क्षति प्रतिपूर्ति बोर्ड स्थापित किया जाए क्योंकि बलात्कार पीड़िताओं को मानसिक संताप के अतिरिक्त प्रायः पर्याप्त वित्तीय हानि भी उठानी पड़ती है और कुछ मामलों में उन्हें इतना आघात पहुंचता है कि वे अपने रोजगार को जारी नहीं रख सकतीं। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि पीड़िताओं हेतु प्रतिपूर्ति का निर्णय अपराधी के दोषसिद्ध हो जाने के पश्चात न्यायालय द्वारा किया जाएगा तथा आपराधिक क्षति प्रतिपूर्ति बोर्ड प्रतिपूर्ति के संबंध में निर्णय अपराधी के दोषसिद्ध होने या न होने दोनों ही स्थितियों में कर सकता है। बोर्ड बलात्कार के कारण पीड़िता को हुए कष्ट, उसके द्वारा झेली जा रही परेशानी और मानसिक आघात तथा साथ ही गर्भधारण करने के कारण रोजगार खो देने के कारण आय से वंचित हो जाने और प्रसव पर होने वाले व्यय इन सभी मुद्दों पर विचार करेगा।

माननीय न्यायालय के उपर्युक्त निर्देश पर कार्यवाही करते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग ने वर्ष 1995 में केंद्र सरकार के समक्ष स्कीम का एक प्रारूप प्रस्तुत किया था। इस संबंध में गठित सचिवों की समिति द्वारा निम्नलिखित दिशानिर्देश सुझाए गए:

(i) बलात्कार पीड़िताओं को प्रतिपूर्ति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग/महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक योजना स्कीम तैयार की जाएगी और इस स्कीम में अंतरिम प्रतिपूर्ति प्रदान करने की भी व्यवस्था की जाएगी।

(ii) प्रतिपूर्ति की राशि का निर्धारण महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग से परामर्श करके किया जाएगा।

(iii) स्कीम के लिए बजटीय आवश्यकताओं का प्रावधान किया जाए जिसे सहायता–अनुदान के रूप में राज्यों को अंतरित कर दिया जाएगा।

(iv) किए गए दावों पर विचार करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियां गठित की जाएं।

(v) राज्य सरकार द्वारा स्कीम के क्रियान्वयन की स्थिति पर निगरानी रखने के लिए और इस संबंध में प्राप्त शिकायतों पर ध्यान देने के लिए आपराधिक क्षति प्रतिपूर्ति बोर्ड गठित करना।

(vi) गृह मंत्रालय राज्य सरकारों को उपयुक्त निदेश जारी करेगा ताकि वे लोक अभियोजकों को यह निर्देश दें कि वे पीड़िताओं को उचित प्रतिपूर्ति हेतु निर्णय देने के लिए सक्षम न्यायालय के समक्ष पीड़िता का पक्ष रखें।

(vii) राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा इस स्कीम की मानीटरिंग की जाए।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने इन दिशानिर्देशों के आलोक में इस स्कीम को फिर से तैयार किया है और स्कीम को तैयार करने में आयोग को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए पैरामीटरों और साथ ही बलात्कार पीड़िताओं की आवश्यकताओं के संबंध में इसके स्वयं के आकलन से दिशानिर्देश प्राप्त हुए हैं। 25 जुलाई, 2009 को आयोजित राष्ट्रीय परामर्श सत्र के दौरान की गई सिफारिशों के अनुसार स्कीम का प्रारूप फिर से तैयार किया गया है और उसे मंत्रालय को भेजा गया है (अनुलग्नक VI)।

2. स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 में संशोधनः

इस अधिनियम में व्यापक संशोधन का प्रस्ताव किया गया है और उसे अनुमोदनार्थ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेज दिया गया है। प्रस्तावित संशोधन अनुलग्नक–XI पर संलग्न है।

3. घरेलू कर्मचारी कल्याण और सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2010

आयोग इस बात की पुरजोर सिफारिश करता है कि घरेलू कर्मचारियों के कल्याण के लिए और उनके लिए एक सामाजिक सुरक्षा तंत्र विकसित करने के लिए एक विधेयक पारित किया जाए। व्यापक विचार–विमर्श के पश्चात "घरेलू कर्मचारी कल्याण और सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2010" शीर्षक से एक विधेयक का प्रारूप तैयार किया गया है और उसे विचारार्थ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को भेजा गया है। प्रति अनुलग्नक–XII पर संलग्न है।

राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित और वर्ष 2009–10 के दौरान आयोजित किए गए अनुसंधान अध्ययनों की सिफारिशें

1. मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर के संबंध में बिहार के 5 जिलों – पटना, नालंदा, खगड़िया, सहरसा और रोहतास में चुनिंदा गांवों में अम्बपाली हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प विकास स्वावलंबी सहकारी समिति, पटना द्वारा आयोजित अनुसंधान अध्ययन।

मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को विकास का एक संवेदनशील सूचक माना जाता है। विश्व भर में सबसे अधिक शिशु और मातृ मृत्यु दर भारत में दर्ज की गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार, वर्ष 1999 से लेकर वर्ष 2015 के बीच मातृ मृत्यु दर में 75 प्रतिशत तक की कमी किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए यह आवश्यक है कि प्रति वर्ष 5.5 प्रतिशत की दर से मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जाए और तभी अपेक्षित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

संपूर्ण भारत की तुलना में बिहार में शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर काफी अधिक है। इससे यह प्रदर्शित होता है कि बिहार राज्य में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं काफी अपर्याप्त हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की अत्यधिक अपर्याप्त उपलब्धता है। इस अध्ययन के द्वारा बिहार में विद्यमान इन समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है और

सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हेतु निम्नलिखित उपाय सुझाए गए हैं:

मुख्य सिफारिशें:

केंद्र सरकार:

- चिकित्सकों की भर्ती के संबंध में नीतिगत स्तर पर निर्णय किए जाने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात चिकित्सकों का वेतन और उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाएं इतनी पर्याप्त होनी चाहिए कि वे उनके लिए आकर्षक हों और वे वहां कार्य करने के प्रति अनिच्छुक न हों।
- सभी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षणप्राप्त दाइयों को नियुक्त करने के संबंध में एक नीति तैयार की जानी चाहिए।
- बिहार में रह रहे समुदायों द्वारा शिशुओं को आहार उपलब्ध कराने के संदर्भ में उनके बीच विकसित अभिवृत्ति का और अध्ययन किए जाने की आवश्यकता है ताकि बिहार में माताओं द्वारा अपने शिशुओं को स्तनपान कराने से झिझकने के पीछे के कारणों को समझा जा सके।
- केंद्र सरकार द्वारा राज्य स्वास्थ्य सेवाओं, सरकारी अस्पतालों, स्थानीय सेवाओं, एनआरएचएम आदि के कार्यकरण के संबंध में निरंतर मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त करते रहना चाहिए।
- इन निष्कर्षों के आधार पर छोटी स्थानीय एजेंसियों/ स्वैच्छिक संगठनों के जरिए समुदाय को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत बनाने और उनकी पहुंच में सुधार लाने के लिए योजनाएं तैयार की जानी चाहिए। इससे स्थानीय संगठनों द्वारा भी अपनी कार्य प्रणाली में परिवर्तन लाने में सहायता प्राप्त हो सकती है।

राज्य सरकार:

- रोगियों को समय पर अस्पताल पहुंचने में सहायता करने के लिए सरकारी अस्पतालों में कम से कम एक एम्बुलेंस (चालू स्थिति में) उपलब्ध होनी चाहिए।
- सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क दवाइयां, आयरन की गोलियां, ओआरएस पैकेट उपलब्ध होने चाहिए ताकि जब कभी भी कोई गर्भवती स्त्री अस्पताल में जांच के लिए आए तो उसे चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।
- सरकारी अस्पतालों और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल दाइयों, विशेषज्ञों, विशेषज्ञ चिकित्सकों को समय–समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए जाने चाहिए।
- सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वच्छता और स्वास्थ्यकर परिस्थितियों को बनाए रखने पर उपयुक्त ध्यान दिया जाना चाहिए।
- गर्भवती माताओं को फल के रस आदि जैसे पोषाहार उपलब्ध कराए जाने चाहिए। यह इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि ऐसा करने से लोगों में सरकारी अस्पतालों के प्रति विश्वास उत्पन्न होगा।
- दूरदराज के इलाकों में रह रहे रोगियों को शीघ्र सेवा उपलब्ध कराने के लिए एक अलग से सचल एम्बुलेंस–सह–डिस्पेंसरी सेवा विकसित की जानी चाहिए।
- उपयुक्त दरों पर दवाइयों की आपूर्ति करने के लिए एक मोबाइल वैन उपलब्ध होना चाहिए जो निकटवर्ती गांवों में वहां की जनसंख्या के दृष्टिगत सप्ताह में एक या दो बार जाए। इस मोबाइल वैन में सामान्य आयरन की गोलियां, ओआरएस पैकेट, दर्दनिवारक गोलियां, टॉनिक, विटामिन ए की गोलियां, निरोध आदि होने चाहिए। इससे स्वास्थ्य के संबंध में लोगों में जागरूकता विकसित होगी और साथ ही उनके मन में स्वास्थ्य केंद्रों के प्रति विश्वास भी जगेगा।
- स्थानीय अस्पताओं और स्वास्थ्य सेवाओं पर निरंतर निगरानी और उनका मूल्यांकन किया जाता रहना चाहिए तथा निष्कर्ष प्राप्त होने के तत्काल पश्चात सिफारिशों को निरंतर लागू किया जाना चाहिए।

जिला स्तरीय प्राधिकरणः

- स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में जांच कक्षों और प्रसव कक्षों में पुरुषों को जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि इससे महिलाएं काफी असहज महसूस करने लगती हैं।
- अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के परिसरों का अच्छी तरह से रखरखाव किया जाना चाहिए।
- सभी जरूरतमंद रोगियों के लिए निःशुल्क औषधियां और सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए।
- चिकित्सकों, कुशल दाइयों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियमित रूप से भरते रहना चाहिए।
- नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाना चाहिए। इन मेलों के दौरान, टीकाकरण, पूरक औषधियां प्रदान की जानी चाहिए तथा संबंधित मुद्दों जैसेकि पोषण, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छता, पेयजल आदि के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की जानी चाहिए।
- शिशुओं के लिए समय से और पर्याप्त टीकाकरण को बढ़ावा देने को प्रोत्साहित करने, उनके विकास पर निगरानी रखने, उन्हें डायरिया का शिकार हो जाने पर उनकी उचित देखभाल करने, पर्याप्त स्तनपान और माता द्वारा उनका स्तनपान छुड़ाए जाने का समय आदि के संबंध में उपयुक्त परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
- इन स्वास्थ्यकारी परिस्थितियों को प्राप्त करने के लिए स्थानीय समुदाय, स्थानीय सहकारी समितियों, गैर–सरकारी संगठनों आदि सभी संबंधितों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

स्थानीय निकाय/पंचायत/स्टेकहोल्डरः

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, एम्बुलेंस आदि का रखरखाव उपयुक्त रूप में किया जाना चाहिए।
- स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क औषधियां/सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए।
- माता और नवजात शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल, गर्भनिरोधक सुविधाओं, बच्चों को आहार देने और स्वास्थ्य संबंधी अन्य विषयों के सभी घटकों पर ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए।
- जागरूकता कैम्पों में पुरुषों की भागीदारी अत्यधिक आवश्यक है। पुरुषों के लिए अलग से कैम्प आयोजित किए जाने चाहिए क्योंकि महिलाएं/परिवार मिश्रित समूह में अपनी बात कहने में असहज महसूस करती हैं।
- अन्य कार्यकारी समूहों को विभागों, समितियों, गैर–सरकारी संगठनों आदि के बीच समन्वय होना चाहिए। इससे संसाधनों का बेहतर रूप में और अधिक प्रभावी रूप में उपयोग किया जा सकता है।
- गांव के मुखिया की सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक जागरूकता कैम्प आयोजित किए जाएं। जिन कैम्पों में पहुंचकर संबंधित मुद्दों पर विशेषज्ञों की बातचीत सुनने के लिए मुखिया द्वारा अपने साथ गांव की महिलाओं को लेकर आया जाए ताकि ग्रामीण महिलाएं स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुई नई प्रगतियों से अवगत हो सकें।
- गर्भनिरोधक विधियों और शिशुओं को स्तनपान कराने के संबंध में नियमित आधार पर वार्ता आयोजित की जानी चाहिए।
- "आंगनवाड़ी" के स्वयंसेवकों द्वारा अपने क्षेत्र में रहने वाली विशेषकर गर्भवती महिलाओं और सामान्यतः सभी महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषक के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए नियमित आधार पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

2. **उड़ीसा में जनजातीय महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और उनके स्वास्थ्य की स्थिति के आकलन हेतु अनुसंधान अध्ययन – सद्ज्योतिका, अपर्णा नगर, चौलियागंज, पी ओ नया बाजार, कटक (उड़ीसा) द्वारा आयोजित अध्ययन कार्यक्रम**

उड़ीसा में जनजातीय लोगों की सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य दशाएं गैर–जनजातीय लोगों की तुलना में काफी निम्न स्तर पर हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा कराए गए एक अध्ययन (1993) के अनुसार, जनजातीय क्षेत्रों में शिशु मृत्यु दर प्रति 1000 जीवित जन्मे बच्चों में से 115 है जबकि गैर–जनजातीय क्षेत्रों में 1000 जीवित जन्मे बच्चों में से मात्र 85 है। इससे जनजातीय समुदाय द्वारा सार्वजनिक उपयोगिता और स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं तक पहुंच और उपयोग की निम्न स्थिति प्रदर्शित होती है। इस अध्ययन द्वारा उड़ीसा में जनजातीय महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक दशा और निम्न स्वास्थ्य स्थिति के बीच संबंध का आकलन किया गया।

मुख्य सिफारिशें:

जनजातीय महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य स्थिति और प्रतिदर्श क्षेत्रों में चलाए जा रहे विभिन्न चालू विकासात्मक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी पर विचार करते हुए निम्नलिखित सुझाव और सिफारिशें की गई हैं:

- सामान्यतः जनजातीय लोगों और विशेषकर जनजातीय महिलाओं का उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति, स्वास्थ्य, शिक्षा के संदर्भ में प्रमुख विकासात्मक सूचकों की समय–समय पर निगरानी की जानी चाहिए तथा इस संबंध में प्राप्त फीडबैक से संबंधित एजेंसियों को सूचित किया जाना चाहिए।
- आईटीडीए स्तर पर क्षेत्र–विशिष्ट और जनजातीय–विशिष्ट बहु–क्षेत्रीय परियोजनाएं निर्धारित की जानी चाहिए तथा जनजातीय महिलाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए जनजातीय आबादी के समेकित विकास हेतु उनका प्रयोग किया जाना चाहिए।
- महिलाओं के विकास को बाधित करने का प्रमुख कारण महिलाओं में साक्षरता दर का कम होना है। महिलाओं में विकास की गति को त्वरित करने के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं उदाहरण के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, आयसृजन स्कीम, स्वास्थ्य सुविधा, पोषाहार सेवाएं आदि से युक्त पूर्णतः सुसज्जित शैक्षणिक परिसर उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
- और अधिक संख्या में जनजातीय महिला लाभभोगियों को आकर्षित करने के लिए इस स्कीम के संवर्धन और क्रियान्वयन हेतु इसमें अधिकाधिक अनुभवी और सक्षम शैक्षणिक संगठनों को कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
- सरकार द्वारा समर्थित विभिन्न विकास कार्यक्रमों, विशेषकर रोजगार और आयसृजन पर केंद्रित कार्यक्रमों के बारे में जनजातीय महिलाओं को जानकारी उपलब्ध न होना उन कार्यक्रमों में उनकी कम भागीदारी होने का कारण है। गांव, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर स्थानीय गैर–सरकारी संगठनों को लक्षित जनजातीय महिला समूहों के बीच जागरूकता सृजन और उन्हें अभिप्रेरित करने के लिए कार्यक्रम चलाने की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन और सहायता प्रदान की जानी चाहिए।
- अल्पकालिक तकनीकी कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को आय सृजन स्कीमों से जोड़ा जाना चाहिए।
- स्व–सहायता समूहों को आजीविका के विविध साधन उपलब्ध होने चाहिए। उनके आवश्यक कौशल को उन्नत बनाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए ताकि उनके परंपरागत कौशल को आधुनिक उत्पादन प्रक्रिया से जोड़ा जा सके।
- इन निर्धन जनजातीय महिलाओं की सफलता उन्हें उपलब्ध कराए जाने वाले सूक्ष्म ऋण की सुविधा पर निर्भर करती है। अतः यह आवश्यक है कि जनजातीय

महिलाओं द्वारा किए जाने वाले कृषि, पशुपालन, जनजातीय हस्तशिल्प, हथकरघा और वन आधारित क्रियाकलापों के लिए ऋण आबंटित करने के संबंध में अधिक सुदृढ़ और विस्तारित दृष्टिकोण अपनाया जाए।

- जनजातीय महिलाओं की स्वास्थ्य और पोषण संबंधी स्थिति का आकलन करने के लिए जनतीय बहुल क्षेत्रों में आवधिक रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। जनजातीय विकास एजेंसियों ,ारा स्थानीय स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के सहयोग से सचल स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए जाने चाहिए।
- स्थानीय गैर–सरकारी संगठनों और महिला समूहों को जनजातीय समुदाय में रोग के कारणों, विभिन्न रोगों के निवारक उपायों, प्रजनन स्वास्थ्य, सुरक्षित मातृत्व, व्यक्तिगत साफ–सफाई, स्वच्छता आदि के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए स्वास्थ्य जागरूकता और शैक्षिक अभियान चलाने हेतु अधिकाधिक प्रोत्साहन और सहायता प्रदान की जानी चाहिए। सुरक्षित पेय जल को उपयोग में लाने और स्वच्छता को अपनाने की आदत विकसित की जानी चाहिए। महिला साक्षरता, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत साफ–सफाई और स्वच्छता आदि की स्थिति में सुधार लाने के लिए दीर्घकालिक आईईसी कार्यनीति क्रियान्वित करने की आवश्यकता है।
- जनजातीय माताओं में काफी अधिक निरक्षरता पाई गई है। जनजातीय माताओं को शिक्षित किए जाने की आवश्यकता है ताकि वे अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य और साफ–सफाई आदि पर ध्यान दे सकें। जनजातीय माताओं के लिए पेय जल के शुद्धिकरण, व्यक्तिगत साफ–सफाई, डायरिया से ग्रसित हो जाने की स्थिति में ओआरएस की आवश्यकता, स्वयं और नवजात शिशु दोनों के लिए टीकाकरण आदि के संबंध में जागरूक होना आवश्यक है।
- जनजातीय महिला प्रतिनिधियों और पंचायती राज संस्थाओं की महिला सदस्यों की क्षमता को सुदृढ़ बनाने और उनके ज्ञान में वृद्धि करने के लिए जिला और राज्य स्तर पर आवधिक रूप से अल्पकालिक अभिमुखीकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए ताकि वे पंचायती राज संस्थाओं और राजनीतिक व्यवस्था में अपनी भूमिका और उत्तरदायित्व का प्रभावी रूप में वहन कर सकें।

3. उत्तराखण्ड राज्य के अल्मोड़ा जिले में पंचायतों में कार्य कर रही महिलाओं के संबंध में किया गया अध्ययन (ब्लॉक–वार सर्वेक्षण पर आधारित) – जलगांव समिति सजगौरी, गांव सजगौरी, पीओ देवली खेत, जिला अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित अध्ययन कार्यक्रम

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य अल्मोड़ा जिले में निर्वाचित प्रतिनिधियों की भागीदारी का आकलन करना और पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं की प्रकृति और उसके परिमाण का पता लगाना था। इस अध्ययन के लिए पंचायतों की महिला सदस्यों को लक्षित किया गया था। विश्लेषण हेतु परिमाणात्मक और गुणात्मक आंकड़े प्रयोग में लाए गए। यह अध्ययन अल्मोडा जिले के 10 ब्लॉकों में किया गया।

मुख्य सिफारिशें:

- निरक्षर लोगों या प्राथमिक स्कूल के स्तर से कम स्तर तक पढ़े–लिखे लोगों को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाए।
- राजनीति में आने के लिए युवा महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाए।
- सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसे नियमित आधार पर भी चलाया जाना चाहिए तथा ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अनेक विषयों को शामिल किया जाना चाहिए जैसेकि

नियम और विनियम, प्रशासनिक मुद्दे, बजटिंग और वित्त तथा विकास स्कीमों का क्रियान्वयन आदि।

- महिलाओं की प्रभावी भागीदारी में वृद्धि करने की दृष्टि से उन्हें अधिक मात्रा में मानदेय दिया जाए।
- नीतिगत स्तर पर महिला की अध्यक्षता वाले पंचायतों और वार्डों के लिए सीटों के रोटेशन की प्रणाली बंद कर दी जानी चाहिए ताकि महिलाएं मुख्यधारा में शामिल हो सकें।
- न केवल महिलाओं का अधिकाधिक प्रतिशत में राजनीति में प्रतिनिधित्व बनाए रखने का प्रयास किया जाना चाहिए बल्कि राजनीति में बने रहने के लिए उनकी सक्षमता में भी वृद्धि की जानी चाहिए।

4. शिमला, जिला हिमाचल प्रदेश में अकेली रह रही महिलाओं की वर्तमान स्थिति के संबंध में अनुसंधान अध्ययन : ऐसी महिलाओं की संख्या ज्ञात करना और उनकी प्रमुख समस्याओं के संबंध में जानकारी एकत्र करना – प्रियंका भारद्वाज द्वारा किया गया अनुसंधान अध्ययन कार्यक्रम

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य कानूनी, आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के दृष्टिगत अकेली रह रही महिलाओं की समस्याओं की पहचान करना था। इस अध्ययन हेतु गैर–प्रयोगात्मक, अन्वेषणात्मक और रचनात्मक अनुसंधान क्रियाविधि को प्रयोग में लाया गया। इस अध्ययन में एक ही जिले के 10 ब्लॉकों में अकेली रह रही 5017 महिलाओं को शामिल किया गया।

मुख्य सिफारिशें:

- आरक्षण सूचकांक में अकेली रह रही महिलाओं के पृथक यूनिट स्थापित करने का सुझाव दिया जाता है क्योंकि ऐसा करने से पहली बात तो यह है कि उन्हें मान्यता प्राप्त होगी और दूसरी यह कि इससे उन्हें राशन कार्डों, बिजली बिलों, पानी के बिलों में सरकार से वित्तीय छूट प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी।
- इन महिलाओं के लिए तत्काल कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता है। इनके लिए हिंदी माध्यम में पुस्तक और पंफलेट छपवाए जाएं और उन्हें 1/– रुपए के न्यूनतम मूल्य पर इनमें वितरित किया जाए।
- इन पंफलेटों के बारे में इन महिलाओं को ग्राम प्रधानों या उनके सहायकों द्वारा महीने में दो बार आयोजित वार्ता कार्यक्रमों में बताया जाए।
- आर्थिक श्रेणी के अंतर्गत बहुत अधिक संख्या में नौकरियों और स्व–रोजगार की आवश्यकता है। इस परियोजनार्थ 5–7 किलोमीटर की दूरी पर 10–12 लोगों को शामिल करके छोटे सहकारी केंद्र शुरू किए जा सकते हैं। ऐसे केंद्र किसी क्षेत्र के चारों ओर के कम से कम 5–7 किलोमीटर के इलाके को कवर करेंगे और इनका मुख्य उद्देश्य उन गांवों में रहने वाली महिलाओं को इन केंद्रों तक आसान पहुंच उपलब्ध कराना होगा।
- ये केंद्र सेब की खेती और उसके उत्पादों को तैयार करने से संबंधित कार्य कर सकते हैं।
- ये केंद्र बिक्री हेतु घर में निर्मित सेब उत्पादों को तैयार कर सकते हैं।
- ये सेब की खेती के लिए आवश्यक उपकरणों और कच्ची सामग्रियों के विक्रय हेतु केंद्र भी चला सकते हैं।
- इन केंद्रों का प्रयोग **स्व–विकास केंद्रों** के रूप में भी किया जा सकता है। इस केंद्र में पहले से विद्यमान पंचायती राज स्कीमों में कार्य करने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है और ये महिलाएं यदि उस क्षेत्र में पहले से पंचायती राज स्कीम में कार्य नहीं कर रही हैं तो भविष्य में ऐसी स्कीमों के शुरू होने पर उनके क्रियान्वयन में सहायता कर सकती हैं। इस प्रकार महिलाओं की

आधार स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। चूंकि इस प्रकार का केंद्र ग्रामवासियों की पहुंच के भीतर स्थित होगा और उसमें गांव की अपनी महिलाएं कार्य कर रही होंगी, अतः इन केंद्रों को अत्यधिक समर्थन प्राप्त होगा। इन केंद्रों की निगरानी ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता अधिकारी, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) द्वारा की जा सकती है। ऐसा केंद्र क्षेत्रीय महिलाओं को आत्मविश्वास और आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भरता प्रदान करेगा।

- मशोबरा, थियोग, रामपुर और रोहुर कस्बा जैसे क्षेत्रों में खोले गए केंद्रों में शिशु सदन भी खोला जा सकता है। चूंकि यहां कार्य कर रही अनेक महिलाएं या तो नौकरियां कर रही हैं या सेब की देखभाल के लिए सेब फार्मों में जाती हैं, अतः उन्हें अपने छोटे बच्चों की देखभाल के लिए सहायक की आवश्यकता है। शिशु सदन खोलना दोनों पक्षों के लिए काफी लाभदायी सिद्ध हो सकता है।
- इन महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त कराने की दिशा में दाई और नर्स या प्राथमिक सहायता करने वाली महिला के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करना एक दूसरा तरीका हो सकता है। इन केंद्रों में यदि इस प्रकार का विकल्प उपलब्ध हो तो इन केंद्रों में रोगियों को आसानी से प्राथमिक सहायता उपलब्ध हो सकती है और इस प्रकार रोगी को किसी अस्पताल या चिकित्सक के पास पहुंचाने से पहले उसकी दशा को अधिक बिगड़ने से रोका जा सकता है।
- एक लोकप्रिय सुझाव है कि इन महिलाओं के लिए पेंशन की व्यवस्था की जाए; इस संबंध में राज्य या केंद्र सरकार द्वारा विचार किया जा सकता है। इन महिलाओं को प्रतिमाह लगभग 800/– रुपए की सहायता प्रदान की जा सकती है जिससे वे कारगर ढंग से अपना जीवनयापन कर सकती हैं क्योंकि यह राशि उनके लिए एक अतिरिक्त सहायता के रूप में होगी।
- अंतिम समाधान के रूप में किंतु यह समाधान भी पूर्णतः पर्याप्त नहीं हो सकता, यह उल्लेख किया जाता है कि सामाजिक क्षेत्र एक अत्यधिक जटिल व नाजुक क्षेत्र है, जहां कोई एक या कोई अनेक कानूनों को बनाकर समस्याओं का समाधान कर पाना संभव नहीं है। समस्याओं के समाधान के लिए संपूर्ण समाज की ओर से सजग प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। अतः इस क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का सबसे अच्छा उपाय यह है कि इन महिलाओं को अपने आसपास की जीवनशैली की प्रारूपिक नकारात्मक परंपरागत मनस्थिति से बाहर निकलकर जीवनयापन करने के लिए शिक्षित किया जाए। यह कार्य वास्तव में आसान नहीं है, फिर भी "आज की महिलाएं और उनका परिवर्तित हो रहा जीवन" विषय पर नियमित कार्यशालाएं आयोजित करके इस दिशा में प्रयास किया जा सकता है। इससे वे समाज का बिना किसी हीन भावना के मुकाबला करने में सक्षम होंगी और इस प्रकार उनकी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।
- अकेली रह रही महिलाएं समाज पर बोझ नहीं हैं वरन वे समाज के लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं। इस संकल्पना को अकेली रह रही महिलाओं के लिए आरक्षण सूचकांक में एक पृथक श्रेणी सृजित करने की दिशा में एक अन्य मांग के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए किंतु यह संकल्पना मानव संसाधन को विकसित करने के रूप में देखी जानी चाहिए। चार्ल्स फूरियर के शब्दों में, **"महिला अधिकारों को व्यापकता प्रदान करना सभी सामाजिक प्रगति का मूलभूत सिद्धांत है।"**

5. आंध्र प्रदेश में हथकरघा और विद्युतकरघा क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों द्वारा आत्महत्या के कारण उनके परिवारों और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना – नोबल सोशल एंड एजूकेशनल सोसाइटी, तिरुपति, आंध्र प्रदेश द्वारा आयोजित अध्ययन कार्यक्रम

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य बुनकरों द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों और उनके परिवारों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करना था। इस अध्ययन हेतु यादृच्छिक रूप में 200 पीड़ित परिवारों (इनमें अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले और प्राप्त नहीं करने वाले दोनों ही प्रकार के परिवार शामिल थे) का चयन किया गया।

मुख्य सिफारिशें:

- ऐसे बुनकरों के परिवारों की पहचान करने की तत्काल आवश्यकता है जो घोर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं और उन्हें वित्तीय और साथ ही रोजगार संबंधी सहायता भी उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है ताकि इन परिवारों में आत्महत्या जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।
- जिन परिवारों के पुरुष द्वारा आत्महत्या कर ली गई है, उनके सदस्यों और विशेषकर आत्महत्या करने वालों की विधवाओं को परामर्श दिया जाए ताकि उन्हें अवसाद की स्थिति से बाहर निकाला जा सके और संकट का सामना करने के लिए उनकी इच्छा शक्ति को मजबूत किया जा सके।
- आत्महत्या करने वालों की विधवाओं में कौशल और नेतृत्व गुणों को विकसित करने के लिए उनके लिएं प्रशिक्षण आयोजित किए जाने की आवश्यकता है ताकि वे न केवल अपने पारिवारिक कार्यों को निपटाने में बल्कि घर से बाहर के कार्यों को निष्पादित करने में समर्थ हो सकें।
- सरकार द्वारा इस बात पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है कि आत्महत्या के कारण प्रभावित परिवारों में बच्चे अपनी पढ़ाई बीच में न छोड़ें बल्कि ऐसे परिवारों के जिन बच्चों ने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी है, उन्हें फिर से स्कूलों में भेजा जाए।
- चूंकि बहुत अधिक परिवार किराये के मकानों में और एस्बेस्टस की छत वाले कमरों में रह रहे हैं, अतः इन परिवारों को पक्का मकाने बनाने के लिए ऋण दिया जाना चाहिए।
- स्व–रोजगार से जुड़ी महिलाओं का बुनाई उपकरण (पिटकरघा) पुराना हो चुका है, अतः उन्हें नया उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
- रियायती दरों पर कच्ची सामग्री की आपूर्ति के लिए कच्ची सामग्रियों के डिपो स्थापित किए जाने चाहिए।
- तैयार उत्पादों को लाभकारी मूल्यों पर बाजार में बेचने के लिए प्रभावी उपाय किए जाने चाहिए।
- चूंकि बीड़ी बनाने के काम में पारिश्रमिक कम मिलता है और यह कार्य स्वास्थ्य के लिए भी काफी जोखिम भरा है, अतः बीड़ी बनाने के काम में लगी बुनकरों की विधवाओं को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
- कर्ज देने में साहूकारों की भूमिका को कम करने के लिए बैंकों तक पहुंच में वृद्धि की जानी चाहिए।
- अनुग्रह राशि प्रदान करने हेतु उन परिवारों की पहचान करने, जिनमें पुरुष सदस्यों द्वारा आत्महत्या कर ली गई है, के लिए पूर्णतः सुव्यवस्थित विधि विकसित की जानी चाहिए।
- सभी विधवाओं को स्व–सहायता समूहों में सदस्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और कम ब्याज दर पर ऋण लेने की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि उनके आय सृजक क्रियाकलापों में विविधता आ सके।
- केंद्र और राज्य सरकारों की सहकारी क्षेत्रों में बुनकरों पर केंद्रित सभी कल्याण स्कीमों को सहकारी क्षेत्र से बाहर के बुनकरों के लिए भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

6. **उत्तराखण्ड में महिलाओं की स्थिति : धारी विकास ब्लॉक का एक तुलनात्मक अध्ययन –**

एक्टिविस्ट ऑफ वोलंटरी एक्शन फॉर डेवलपमेंट ऑफ ह्युमेनिटी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित अध्ययन कार्यक्रम

- इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति का मूल्यांकन करना और महिलाओं की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों का पता लगाना था। इस अध्ययन हेतु प्राथमिक और द्वितीयक आंकड़े एकत्र किए गए। कुल प्रतिदर्श आकार 529 परिवारों का था जिनमें बोधिबन, धनचुली, अक्सोडा और कोकिलबाना से परिवार शामिल किए गए थे।

मुख्य सिफारिशें:

- महिलाओं के लिए परिवार और समाज में समानता की स्थिति स्थापित करना अनिवार्य है, इस प्रयोजनार्थ जागरूकता सृजन के जरिए समुदाय की सोच में परिवर्तन किए जाने की आवश्यकता है।
ii. इस रिपोर्ट में जिन तुलन–पत्र, आय और व्यय लेखा/प्राप्तियां और भुगतान लेखा पर विचार किया गया है वे वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदित प्रपत्र के अनुसार तैयार किये गये हैं।

iii. हमारे विचार से, राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 12(2) के अनुसार खाता बहियों और अन्य संगत रिकार्डों का रखरखाव उपयुक्त रूप में किया गया है, जैसाकि इन बहियों की जांच से प्रतीत होता है।

iv. हमें यह भी रिपोर्ट करनी है:

क. **तुलन–पत्र**

क.1 **परिसंपत्तियां**

क.1.1 **परिसंपत्तियों की अत्युक्ति और व्यय की न्यूनोक्ति**

आयोग ने 12.77 लाख रुपये (बही मूल्य) की परिसंपत्तियों का निपटान (विक्रय) कर दिया था और विक्रय से प्राप्त 1.07 लाख रुपये आय और व्यय खाते में आय के रूप में दर्शाए गए थे और विक्रय से प्राप्त राशि को परिसंपत्तियों की सूची में से घटा दिया था जबकि तुलन–पत्र में से परिसंपत्तियों के अवमूल्यित मूल्य को घटाया जाना था। हानि की राशि (बही मूल्य – विक्रय से प्राप्त राशि) को आय और व्यय खाते में व्यय के रूप में दर्शाया नहीं गया।

ख. सामान्य

ख.1 **अंशदायी भविष्य निधि का तुलन–पत्र और आय एवं व्यय लेखा तैयार करना**

आयोग ने अंशदायी भविष्य निधि का तुलन–पत्र और आय एवं व्यय लेखा तैयार करने का कार्य नहीं किया।

ग. सहायता अनुदान

वर्ष 2009–10 के दौरान, इसे 915.00 लाख रुपये का सहायता अनुदान (450.00 लाख रुपये योजनागत के अंतर्गत, 35.00 लाख रुपये योजनागत – पूर्वोत्तर क्षेत्र के अंतर्गत और 430.00 लाख रुपये योजनेतर शीर्ष के अंतर्गत) प्राप्त हुआ था। इसके अतिरिक्त, आयोग के पास पिछले वर्षों में खर्च न की गई 2.98 लाख रुपए (0.10 लाख रुपये योजनागत के अंतर्गत तथा 2.88 लाख रुपये योजनेतर शीर्ष के अंतर्गत) की अनुदान राशि भी थी। इसे योजनेतर शीर्ष के अंतर्गत 5.33 लाख़ रुपये की आंतरिक राशि भी प्राप्त हुई। अतः वर्ष के दौरान प्राप्त कुल 9.20 करोड़ रुपये की सहायता–अनुदान राशि (1 करोड़ रुपये मार्च में प्राप्त हुए) में से यह संगठन 9.94 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग कर सका।

v. पूर्ववर्ती पैराओं में हमारी टिप्पणी के अध्याधीन हम यह जानकारी देते हैं कि इस रिपोर्ट में जिन तुलन–पत्र तथा आय और व्यय लेखा/प्राप्ति और भुगतान लेखा पर विचार किया गया है, वे खाता बहियों के अनुरूप हैं।

vi. हमारी राय में और हमारी पूरी जानकारी तथा हमें दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार, लेखा नीतियों तथा लेखाओं पर टिप्पणों के साथ पठित उक्त वित्तीय विवरण उपरोक्त महत्वपूर्ण विषयों तथा इस लेखापरीक्षा के अनुबंध में उल्लिखित अन्य मामलों की एक सही और स्पष्ट तस्वीर पेश करते हैं जो भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप हैं।

(क) जहां तक इसका संबंध 31 मार्च, 2010 की स्थिति के अनुसार राष्ट्रीय महिला आयोग के क्रियाकलापों के संबंध में प्रस्तुत तुलन–पत्र से है; और

(ख) जहां तक इसका संबंध उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए घाटे के आय और व्यय लेखा से है।

भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक
के लिए तथा उनकी ओर से

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10.11.2010

लेखापरीक्षा महानिदेशक
(केंद्रीय व्यय)

अनुबंध

1. आंतरिक लेखापरीक्षा व्यवस्था की पर्याप्तता

इस संगठन में कोई आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग स्थापित नहीं किया गया है और न ही वर्ष 2002–03 से मंत्रालय द्वारा ऐसी कोई लेखापरीक्षा की जा रही है। आपत्तियों का निपटान करने के लिए मंत्रालय ने कोई कारगर अनुवर्ती कार्यवाही नहीं की है। वर्ष 2002–03 तक की अवधि के लिए 9 पैराओं का उत्तर अभी प्राप्त नहीं हुआ है।

2. आंतरिक नियंत्रण

निगरानी

लेखापरीक्षा पर प्रबंधन की कोई अनुक्रिया नहीं आई है। वर्ष 1998–2000 से लेकर वर्ष 2008–09 की अवधि में बाह्य लेखापरीक्षा से संबंधित अभी तक 27 पैराओं पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

3. स्थायी परिसंपत्तियों के वास्तविक सत्यापन की व्यवस्था

31.03.2010 तक स्थायी परिसंपत्तियों का वास्तविक सत्यापन पूरा कर लिया गया है और कोई त्रुटि नहीं पाई गई है।

4. वस्तुओं की सूची के वास्तविक सत्यापन की व्यवस्था

पुस्तकों और प्रकाशनों, लेखनसामग्री और अन्य उपभोज्य वस्तुओं का वर्ष 2009–10 के लिए वास्तविक सत्यापन किया गया और कोई त्रुटि नहीं पाई गई।

5. बकाया राशि के भुगतान में नियमितता

31.03.2010 की स्थिति के अनुसार आय कर, बिक्री कर, सेवा कर, सीमाशुल्क, उप–कर, अंशदायी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा जैसी सांविधिक देनदारियों के संबंध में 6 महीने से अधिक का कोई भुगतान बकाया नहीं है।

9 अनुलग्नक

अनुलग्नक–I

संगठन चार्ट



अनुलग्नक–II

राष्ट्रीय महिला आयोग में पंजीकृत शिकायतों का श्रेणी–वार ब्योरा
(वित्तीय वर्ष : 2009–2010)

क्रम सं.	शिकायतों की श्रेणी/प्रकृति	वित्तीय वर्ष 2009–2010
1.	तेजाब से हमला	04
2.	हत्या का प्रयास	08
3.	बलात्कार का प्रयास	249
4.	द्विविवाह/व्यभिचार	107
5.	बालकों की अभिरक्षा	02
6.	परित्याग	02
7.	तलाक	02
8.	घरेलू हिंसा/ वैवाहिक विवाद	2155
9.	दहेज मृत्यु	521
10.	दहेज उत्पीड़न	1339
11.	कार्यस्थल पर उत्पीड़न	401
12.	अपहरण/ भगा ले जाना	174
13.	भरण–पोषण	40
14.	विविध	6376
15.	छेड़छाड़ करना/ तंग करना	461
16.	हत्या	04
17.	अनिवासी भारतीयों से विवाह	16
18.	पुलिस की उदासीनता	2234
19.	पुलिस द्वारा उत्पीड़न	516
20.	संपत्ति (विधवा की संपत्ति, स्त्रीधन संपत्ति, माता–पिता की संपत्ति)	764
21	बलात्कार	544
22.	कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न	65
23.	आश्रय/ पुनर्वास	01
	कुल	**15985**

अनुलग्नक–III

राष्ट्रीय महिला आयोग में वित्त वर्ष 2009–10 के दौरान पंजीकृत शिकायतों का राज्य–वार ब्योरा

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्रा	वित्तीय वर्ष 2009–2010
1.	आंध्र प्रदेश	104
2.	अरुणाचल प्रदेश	05
3.	असम	32
4.	बिहार	465
5.	छत्तीसगढ़	85
6.	गोवा	09
7.	गुजरात	110
8.	हरियाणा	710
9.	हिमाचल प्रदेश	57
10.	जम्मू एवं कश्मीर	22
11.	झारखंड	209
12.	कर्नाटक	74
13.	केरल	26
14.	मध्य प्रदेश	674
15.	महाराष्ट्र	409
16.	मणिपुर	02
17.	मेघालय	09
18.	मिजोरम	01
19.	नागालैंड	03
20.	उड़ीसा	51
21.	पंजाब	209
22.	राजस्थान	1339
23.	सिक्किम	03
24.	तमिलनाडु	158

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्रा	वित्तीय वर्ष 2009–2010
25.	त्रिपुरा	04
26.	उत्तर प्रदेश	8644
27.	उत्तराखंड	304
28.	पश्चिम बंगाल	144
29.	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह (संघ राज्य क्षेत्र)	04
30.	चंडीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र)	13
31.	दादर एवं नगर हवेली (संघ राज्य क्षेत्र)	02
32.	दमन एवं दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	01
33.	लक्षद्वीप (संघ राज्य क्षेत्र)	शून्य
34.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	2094
35.	पुद्दुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र)	09
	कुल	**15985**

अनुलग्नक–IV

बलात्कार पीड़िताओं के लिए राहत और पुनर्वास की संशोधित योजना

उद्देश्यों एवं कारणों का विवरण

माननीय उच्चतम न्यायालय ने देहली डोमेस्टिक वर्किंग वूमेन्स फोरम बनाम भारत संघ और अन्य रिट याचिका (सीआरएल) संख्या 362/93 में राष्ट्रीय महिला आयोग को एक ऐसी योजना तैयार करने का निर्देश दिया जिससे "बलात्कार की दुर्भाग्यशाली पीड़िताओं के आंसू पौंछे जा सकें।" उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी की कि संविधान के अनुच्छेद 38(1) में निहित नीति–निर्देशक सिद्धांतों के संदर्भ में यह आवश्यक है कि एक आपराधिक क्षति प्रतिपूर्ति बोर्ड स्थापित किया जाए क्योंकि बलात्कार पीड़िताओं को मानसिक संताप के अतिरिक्त प्रायः पर्याप्त वित्तीय हानि भी उठानी पड़ती है और कुछ मामलों में उन्हें इतना आघात पहुंचता है कि वे अपने रोजगार को जारी नहीं रख सकतीं। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि पीड़िताओं हेतु प्रतिपूर्ति का निर्णय अपराधी के दोषसिद्ध हो जाने के पश्चात न्यायालय द्वारा किया जाएगा तथा आपराधिक क्षति प्रतिपूर्ति बोर्ड प्रतिपूर्ति के संबंध में निर्णय अपराधी के दोषसिद्ध होने या न होने दोनों ही स्थितियों में कर सकता है। बोर्ड बलात्कार के कारण पीड़िता को हुए कष्ट, उसके द्वारा झेली जा रही परेशानी और मानसिक आघात तथा साथ ही गर्भधारण करने के कारण रोजगार खो देने पर आय से वंचित हो जाने और प्रसव पर होने वाले व्यय इन सभी मुद्दों पर विचार करेगा।

माननीय न्यायालय के उपर्युक्त निर्देश पर कार्यवाही करते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग ने वर्ष 1995 में केंद्र सरकार के समक्ष स्कीम का एक प्रारूप प्रस्तुत किया था। इस संबंध में गठित सचिवों की समिति द्वारा निम्नलिखित दिशानिर्देश सुझाए गएः

(i) बलात्कार पीड़िताओं को प्रतिपूर्ति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग/महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक योजना–स्कीम तैयार की जाएगी और इस स्कीम में अंतरिम प्रतिपूर्ति प्रदान करने की भी व्यवस्था की जाएगी।

(ii) प्रतिपूर्ति की राशि का निर्धारण महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग से परामर्श करके किया जाएगा।

(iii) स्कीम के लिए बजटीय आवश्यकताओं का प्रावधान किया जाए जिसे सहायता–अनुदान के रूप में राज्यों को अंतरित कर दिया जाएगा।

(iv) किए गए दावों पर विचार करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियां गठित की जाएं।

(v) राज्य सरकार द्वारा स्कीम के क्रियान्वयन की स्थिति पर निगरानी रखने के लिए और इस संबंध में प्राप्त शिकायतों पर ध्यान देने के लिए आपराधिक क्षति प्रतिपूर्ति बोर्ड गठित करना।

(vi) गृह मंत्रालय राज्य सरकारों को उपयुक्त निदेश जारी करेगा ताकि वे लोक अभियोजकों को यह निर्देश दें कि वे पीड़िताओं को उचित प्रतिपूर्ति हेतु निर्णय देने के लिए सक्षम न्यायालय के समक्ष पीड़िता का पक्ष रखें।

(vii) राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा इस स्कीम की मानीटरिंग की जाए। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इन दिशानिर्देशों के आलोक में इस स्कीम को फिर से तैयार किया है और स्कीम को तैयार करने में आयोग को उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए पैरामीटरों और साथ ही बलात्कार पीड़िताओं की आवश्यकताओं के संबंध में इसके स्वयं के आकलन से दिशानिर्देश प्राप्त हुए हैं।

बलात्कार पीड़िताओं के लिए राहत और पुनर्वास की योजना

1. इस स्कीम को बलात्कार पीड़िताओं के लिए राहत और पुनर्वास की स्कीम, 2005 कहा जाएगा;

2. यह स्कीम संपूर्ण भारत पर लागू होगी;

3. यह स्कीम केंद्र सरकार द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होगी;

4. इस स्कीम में वे सभी मामले शामिल होंगे, जिनमें आवेदन चाहे स्वयं बलात्कार पीड़िता द्वारा प्रस्तुत किए गए हों अथवा उसकी ओर से किसी व्यक्ति/संगठन/विभाग/आयोग द्वारा;

5. "बलात्कार" का तात्पर्य वही होगा जैसाकि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 375 और 376 में परिभाषित किया गया है।

6. जिला आपराधिक क्षति राहत और पुनर्वास बोर्ड

(क) स्कीम के अधिसूचित हो जाने पर प्रत्येक जिले में जिला आपराधिक क्षति राहत पुनर्वास बोर्ड नामक एक बोर्ड की स्थापना की जाएगी;

(ख) उस जिले में इस स्कीम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को निपटाने के लिए बोर्ड का अनन्य क्षेत्राधिकार होगा;

(ग) बोर्ड की अध्यक्षता कलेक्टर अथवा जिला मजिस्ट्रेट, जिस नाम से उसे पुकारा जाता है, द्वारा की जाएगी जिसमें चार अन्य सदस्य होंगे अर्थात–

(1) पुलिस अधीक्षक या उसके द्वारा मनोनीत व्यक्ति;

(2) महिलाओं और बच्चों के सशक्तीकरण के क्षेत्र में अनुभवी एक महिला जिसे राज्य सरकार द्वारा एक बार में एक वर्ष की अवधि के लिए मनोनीत किया जाएगा (परंतु किसी भी नामित सदस्य को दो बार मनोनीत किया जा सकता है);

(3) जिला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण अधिकारी/जिला चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी या उसके द्वारा मनोनीत व्यक्ति;

(4) संबंधित जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग का उप–निदेशक/परियोजना निदेशक/राजपत्रित जिला अधिकारी जो जिला बोर्ड के सचिव की हैसियत से कार्य करेगा और रिकार्डों का रखरखाव करेगा तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में भी कार्य करेगा;

(5) बाल कल्याण समिति का प्रतिनिधि (प्रत्येक जिले या जिलों के समूह में)।

परंतु यदि राज्य सरकारों द्वारा राहत और पुनर्वास की कोई स्कीम प्रवृत्त की गई है तो जिला आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्ड का संघटन वैसी स्कीम के अनुरूप होगा और विद्यमान स्कीम के अंतर्गत आवेदक/पीड़िता को प्रदान किए जाने वाले लाभ उन बोर्डों द्वारा प्रशासित होंगे।

7. जिला बोर्ड की शक्तियां

(क) यह बोर्ड बलात्कार के सभी मामलों में दावों पर विचार करने और वित्तीय राहत प्रदान करने का प्राधिकरण होगा और मामले की परिस्थितियों में उपयुक्त ऐसे अन्य राहत और पुनर्वास के उपाय करने के आदेश देगा;

(ख) बोर्ड के अध्यक्ष की हैसियत से कलेक्टर अथवा जिला मजिस्ट्रेट इस स्कीम के अंतर्गत कार्यकलापों को निष्पादित करने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता या राज्य सरकार/केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए किसी अन्य कानून के अंतर्गत उसे प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करेगा।

8. जिला बोर्ड के कार्य

बोर्ड का गठन किए जाने पर, यह बोर्ड–

(i) इस स्कीम के अंतर्गत निर्धारित क्रियाविधि के अनुसार बलात्कार के सभी मामलों में, जैसा भी मामला हो,

वित्तीय राहत/पुनर्वास के दावों पर विचार करेगा और उपयुक्त अवार्ड प्रदान करेगा;

(ii) किसी कानूनी, चिकित्सीय, मनोवैज्ञानिक अथवा सहयोग/सहायता के किसी अन्य रूप में बलात्कार पीड़िता की सहायता के लिए किए जाने वाले कार्यों की मानीटरिंग करेगा;

(iii) राज्य या केंद्र सरकार द्वारा बलात्कार पीड़िताओं के पुनर्वास हेतु तैयार की गई किसी भी अन्य स्कीम (स्कीमों) का उपयोग करेगा;

(iv) पीड़िता के लिए मनोवैज्ञानिक, चिकित्सीय और कानूनी सहायता की व्यवस्था करेगा;

(v) पीड़िता को परामर्शदात्री सहायता की व्यवस्था करेगा;

(vi) न्यायालय में मामले की सुनवाई समाप्त होने तक पीड़िता और गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त उपाय करेगा;

(vii) जांच की प्रगति की स्थिति की समय–समय पर समीक्षा करेगा;

(viii) युवा पीड़िताओं के मामले में संबंधित पीड़िता को शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षण या स्व–रोजगार के लिए प्रशिक्षण हेतु सहायता उपलब्ध कराएगा;

(ix) पीड़िता के उपयुक्त पुनर्वास हेतु आवश्यक कोई भी अन्य सहायता प्रदान करेगा;

(x) पीड़िता द्वारा अनुरोध किए जाने पर किसी उपयुक्त मामले में जांच अधिकारी को बदलने की सिफारिश करेगा;

(xi) पीड़िता के लिए ऐसी अवधि के लिए आश्रय की व्यवस्था करेगा जो परिस्थितियों को देखते हुए आवश्यक हो;

(xii) ऐसे अन्य कार्य करेगा जो प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा समीचीन और आवश्यक समझे जाएं या जैसाकि राज्य/राष्ट्रीय बोर्ड द्वारा निदेशित किया जाए।

9. बोर्ड के समक्ष दावा करने की प्रक्रिया

(क) जैसे ही बलात्कार की घटना के संबंध में कोई सूचना प्राप्त हो और वह दर्ज कर ली जाए तो संबंधित पुलिस थाने का थानाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त के माध्यम से 72 घंटे के भीतर प्राथमिकी/शिकायत, चिकित्सा रिपोर्ट और जांच अधिकारी द्वारा की गई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की प्रति जिला बोर्ड के सचिव को अग्रेषित करेगा।

(ख) (1) कोई पीड़िता अथवा उसका कानूनी उत्तराधिकारी अथवा कोई व्यक्ति/स्वयंसेवी संगठन जो महिलाओं के हितों का पक्षधर हो/आयोग इस स्कीम के प्रावधान के अनुसार वित्तीय राहत और पुनर्वास के लिए 60 दिनों के भीतर जिला बोर्ड को आवेदन कर सकता है;

यह भी कि यदि आवेदन 60 दिनों की अवधि व्यतीत होने के पश्चात किया जाता हो तो बोर्ड उसे लिखित में प्रस्तुत किए गए विलंब के कारणों से संतुष्ट हो जाने के पश्चात विलंब हेतु छूट प्रदान कर सकता है;

(2) यदि आवेदक है:–

(i) एक बच्चा तो उसके माता–पिता, संरक्षक, किसी स्वैच्छिक संगठन/आयोग द्वारा उसकी ओर से आवेदन किया जा सकता है;

(ii) मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के अनुसार मानसिक रूप से रुग्ण व्यक्ति या मंदबुद्धि व्यक्ति के मामले में आवेदन किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है जिसके साथ पीड़िता आमतौर पर रहती हो अथवा विधिवत प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी या किसी स्वैच्छिक संगठन द्वारा किया जा सकता है;

(ग) उपर्युक्त खंड (ख) के अंतर्गत आवेदन निर्धारित प्रपत्र (अनुलग्नक–1) में किया जाएगा और आवेदन के साथ पुलिस में दर्ज कराई गई प्राथमिक/शिकायत, चिकित्सा रिपोर्ट, किसी उपयुक्त मामले में पीड़िता का मृत्यु प्रमाण–पत्र और यदि पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई हो तो सीधे न्यायालय को की गई शिकायत (इसके साथ पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज न करने के कारणों का उल्लेख हो), समाचारपत्रों में छपी रिपोर्टों (यदि हों), की प्रतियां संलग्न की जाएं।

(घ) बोर्ड द्वारा राहत का अवार्ड दिए जाने पर राहत से संबंधित राशि तत्काल आवेदन–पत्र में दिए गए बैंक खाते में जमा करा दी जाएगी। जहां तक संभव हो, संबंधित राशि इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफर के जरिए तत्काल भेजी जाए ताकि पीड़िता को शीघ्रातिशीघ्र राहत प्राप्त हो सके।

10. जिला बोर्ड द्वारा दी जा सकने वाली राहत

(क) बोर्ड पीड़िता को वित्तीय राहत और साथ ही उसके पुनर्वास हेतु व्यवस्था किए जाने के लिए भी अवार्ड घोषित कर सकता है।

(ख) बोर्ड द्वारा दी जाने वाली राहत 2.00 लाख रुपए से अधिक नहीं होगी; यह भी कि खण्ड 16 में उल्लिखित मामलों में राहत की राशि अधिकतम 3.00 लाख रुपए तक बढ़ाई जा सकती है।

11. अंतरिम राहत और पुनर्वास

(क) पुलिस से खण्ड 9(क) के अंतर्गत सूचना प्राप्त होने पर जिला बोर्ड पीड़िता के पक्ष में अधिमानतः 15 दिनों के भीतर और किसी भी स्थिति में अधिक से अधिक तीन सप्ताह के भीतर अंतरिम राहत के रूप में 20,000/– (केवल बीस हजार रुपए) की राशि जारी करेगा;

(ख) यदि आवेदन खण्ड 9(ख) के अंतर्गत किया गया हो तो पुलिस और चिकित्सक की रिपोर्ट प्राप्त हो जाने और प्रथमदृष्टया इस बात से संतुष्ट हो जाने के पश्चात कि बलात्कार का मामला वास्तव में घटित हुआ है, बोर्ड द्वारा यथासंभव 15 दिनों के भीतर और अधिक से अधिक 3 सप्ताह के भीतर पीड़िता और उसके कानूनी उत्तराधिकारी को 20,000/– (केवल बीस हजार रुपए) की अंतरिम राहत प्रदान करने का आदेश जारी करेगा।

(ग) शिकायत प्राप्त होने और पीड़िता की जांच किए जाने के पश्चात बोर्ड प्रत्येक मामले में मामले के गुणदोष के आधार पर पीड़िता के लिए किए जाने वाले पुनर्वास उपायों की प्रकृति की जांच/निर्धारण करेगा। ऐसे उपायों को करने के लिए उपयुक्त कार्रवाई शुरू करेगा तथा पीड़िता के पुनर्वास हेतु अधिकतम 50,000/– रुपए तक की राशि का व्यय करेगा।

(घ) खण्ड (ख) और खण्ड (ग) के अंतर्गत अंतरिम और अन्य राहत के संबंध में अवार्ड घोषित किए जाने से पहले बोर्ड स्वयं को किए गए दावे के संबंध में संतुष्ट करेगा, दावे की प्रकृति के बारे में प्रारंभिक आकलन करेगा तथा चिकित्सीय रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों की भी जांच करेगा।

(ड.) बोर्ड पीड़िता को उपलब्ध कराई जाने वाली वित्तीय राहत के अतिरिक्त, उसके पुनर्वास और/या उसकी किसी अन्य विशिष्ट आवश्यकता के दृष्टिगत उपयुक्त निर्देश जारी करेगा।

12. अंतिम राहत

(क) अभियोजिका द्वारा आपराधिक विचारण न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने की तारीख से एक माह के भीतर या जिन मामलों में अभियोजिका के नियंत्रण के बाहर के कारणों से साक्ष्य दर्ज करने में अनुचित विलंब हुआ हो, उन मामलों में आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक वर्ष के भीतर, इनमें से जो भी पहले हो, बोर्ड द्वारा पीड़िता को अंतिम किस्त के रूप में 1.

30 लाख रुपए तक की शेष राहत राशि प्रदान करने का आदेश जारी किया जाएगा;

(ख) जिन मामलों में अंतिम राहत से संबंधित आदेश अभियोजिका के साक्ष्य को दर्ज करने से पहले जारी कर दिया गया हो, उनमें बोर्ड ऐसा करने के कारणों और साथ ही साक्ष्य को दर्ज करने में हुए विलंब के कारणों के संबंध में लिखित में उत्तर देगा;

(ग) बोर्ड प्रत्येक मामले में पीड़िता को उपलब्ध कराई जाने वाली वित्तीय राहत की राशि के संबंध में निर्णय करने से पहले पीड़िता की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखेगा;

(घ) बोर्ड द्वारा वित्तीय राहत के संबंध में जारी किए जाने वाले आदेश प्रत्येक मामले में बोर्ड द्वारा पीड़िता के पुनर्वास हेतु जारी किए गए आदेशों/सुविधाओं के अतिरिक्त होंगे;

(ड.) यदि पीड़िता अवयस्क हो, तो राहत की राशि बोर्ड द्वारा उस पीड़िता के सर्वाधिक हित में और उसके कल्याण के लिए निधि के उपयुक्त उपयोग के संबंध में बोर्ड को समाधान हो जाने के पश्चात राहत की राशि उसके संरक्षक या जिस व्यक्ति ने उसकी ओर से आवेदन किया है, उसे जारी कर दी जाएगी। इस संबंध में जहां व्यवहार्य हो, पीड़िता से उसकी लिखित स्वीकृति प्राप्त की जाएगी;

(च) बोर्ड द्वारा कोई भी निर्णय सदैव पीड़िता के सर्वाधिक हित को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा।

13. दावों को अस्वीकार करना

(क) बोर्ड किसी आवेदन को अस्वीकार कर सकता है, यदि अच्छी तरह सोच–समझकर वह इस निर्णय पर पहुंचता हो कि:

(i) आवेदनकर्ता क्षति होने की परिस्थितियों के बारे में पुलिस को अथवा इस प्रयोजनार्थ बोर्ड द्वारा उपयुक्त समझे गए अन्य निकाय या व्यक्ति को सूचित करने के लिए अविलंब सभी उचित कदम उठाने में असफल रहा;

(ii) आवेदनकर्ता अभियुक्त/आक्रमणकारी को सजा देने का प्रयास करने में पुलिस या अन्य प्राधिकरण के साथ सहयोग करने में असफल रहा;

(iii) आवेदनकर्ता आवेदन के संबंध में बोर्ड को सभी उचित सहायता देने में असफल रहा;

(iv) यदि आवेदनकर्ता ने अपराध की पीड़िता के पुनर्वास और राहत के लिए इस योजना के तहत किसी आपराधिक क्षति के संबंध में पहले कोई दावा दायर किया है;

(v) यदि घटना इतनी विलंबित है कि कोई साक्ष्य पाना कठिन होगा;

(vi) यदि आवेदनकर्ता शिकायत दायर करने के पश्चात सुनवाई में जानबूझकर प्रतिकूल हो जाता है और अभियोग पक्ष के मामले का समर्थन नहीं करता;

(vii) 16 वर्ष से अधिक आयु की लड़कियों के भाग जाने के उन मामलों में जिनमें प्रथमदृष्टया बलात्कार का मामला नहीं बनता, बोर्ड आवेदन को अस्वीकार नहीं करेगा अपितु कोई मुआवजा देने से पूर्व सुनवाई के नतीजे की प्रतीक्षा करेगा;

(viii) यदि मामला प्रथमदृष्टया दुरभिसंधिपूर्ण प्रकृति का प्रतीत होता हो तथा बलात्कार का मामला सत्यापित तथ्यों के आधार पर दायर न किया गया हो।

14. बोर्ड द्वारा कार्य करने की प्रक्रिया

(i) बोर्ड आवेदन/शिकायत की सुनवाई और/या जांच ऐसे समय और ऐसे स्थानों पर करेगा, जो बोर्ड निर्धारित करे।

(ii) सामान्यतः, बोर्ड दस्तावेज और साक्ष्य प्राप्त करने पर और प्रथमदृष्टया मामले के संबंध में संतुष्ट हो जाने पर, पीड़िता और/या उसकी ओर से बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत एजेंट/प्रतिनिधि की सुनवाई आयोजित करेगा तथा अंतरिम और अन्य राहतों के संबंध में आदेश जारी करेगा।

तथापि जिन मामलों में बोर्ड की यह सुविचारित राय हो कि पीड़िता और अन्य पक्षों की जांच अनिवार्य है और मामले की सुनवाई करने, साक्ष्यों और विचार–विमर्शों को रिकार्ड करने की कार्रवाई करता है, उन मामलों में बोर्ड द्वारा पीड़िता को अंतरिम और अन्य राहत के संबंध में स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता से संबंधित एक सकारण आदेश जारी किया जाएगा।

यह भी कि आवेदक को सुनवाई का अवसर दिए बिना और लिखित में कोई कारण बताए बिना उसके आवेदन को अस्वीकार नहीं किया जाएगा।

(iii) बोर्ड की किसी बैठक में कोरम पूरा करने के लिए यह आवश्यक है कि उस बैठक में बोर्ड के एक–तिहाई से कम सदस्य उपस्थित न हों;

(iv) बोर्ड आवेदनकर्ता को संगत आवेदन की सुनवाई के समय और स्थान के बारे में सूचना देगा;

(v) बोर्ड को आवेदनकर्ता द्वारा किए गए आवेदन के संबंध में किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले किसी भी रिकार्ड/दस्तावेज की मांग करने और किसी भी व्यक्ति को बुलाने और उसका बयान लेने का अधिकार होगा;

(vi) बोर्ड साक्ष्य तथा सुनवाई के साथ–साथ उसे उपलब्ध अन्य जानकारी के आधार पर अपना निर्णय लेगा;

(vii) पीड़िता और/या उसके एजेंट को मौखिक सुनवाई का अधिकार होगा;

(viii) बोर्ड की कार्यवाही बंद कमरे में होगी तथा पीड़िता की पहचान हर समय और हर परिस्थिति में गुप्त रखी जाएगी;

(ix) बोर्ड की कार्यवाही मुद्रित, प्रकाशित और टेलीकास्ट नहीं की जाएगी तथा किसी भी सार्वजनिक मंच पर प्रदर्शित नहीं जाएगी;

15. पीड़िता के लिए राहत और पुनर्वास के निर्धारण को अभिशासित करने वाले सिद्धांत

मुआवजा तथा अन्य राहतें निर्धारित करते समय बोर्ड निम्नलिखित मानदंडों का ध्यान रखेगाः

(i) बलात्कार के परिणामस्वरूप पीड़िता की मृत्यु हो जाने पर :

(क) यदि पीड़िता परिवार के लिए कमाई न करने वाली सदस्या हो, तो शव–परीक्षा की रिपोर्ट में प्रथमदृष्टया मामला सिद्ध हो जाने के पश्चात बोर्ड द्वारा राहत के रूप में 1,00,000/– रुपए (केवल एक लाख रुपए) तक की राशि प्रदान की जाएगी;

(ख) यदि पीड़िता परिवार के लिए कमाई करने वाली सदस्य हो, तो शव–परीक्षा की रिपोर्ट में प्रथमदृष्टया मामला सिद्ध हो जाने के पश्चात बोर्ड द्वारा यह समाधान हो जाने के पश्चात कि पीड़िता परिवार के लिए कमाई करने वाली सदस्य थी, उसके अवयस्क बच्चों की सहायता के लिए 2,00,000/– रुपए (केवल दो लाख रुपए) की राशि प्रदान की जाएगी।

(ii) बोर्ड पीड़िता के पुनर्वास और अन्य खर्चों, यदि कोई हो, जिसकी राशि अधिकतम 50,000/–रुपए होगी, से संबंधित मामलों में विचार करेगा जिनमें निम्नलिखित शामिल होंगेः

(क) पीड़िता को हुई शारीरिक क्षति की किस्म और गंभीरता तथा पीड़िता के इलाज एवं मनोवैज्ञानिक मंत्रणा पर किया गया या होने वाला व्यय;

(ख) बलात्कार के कारण गर्भधारण हो जाने पर किया गया व्यय तथा बलात्कार के परिणामस्वरूप गर्भपात पर होने वाला व्यय;

(ग) पीड़िता की शिक्षा, अथवा व्यावसायिक अथवा व्यवसाय संबंधी प्रशिक्षण या स्व–रोजगार के लिए प्रशिक्षण पर किया गया या किया जाने वाला व्यय;

(घ) बोर्ड द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर पीड़िता के लाभ के कार्यकलाप या रोजगार के बंद होने अथवा उसमें व्यवधान होने से पीड़िता को हुई हानि;

(ड.) कष्ट, मानसिक कष्ट या भावनात्मक आघात, अपमान या असुविधा के कारण गैर–वित्तीय हानि या क्षति;

(च) यदि पीड़िता उस स्थान से भिन्न किसी अन्य स्थान की रहने वाली है जहां अपराध हुआ था, तो उसके लिए आवास की कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने पर किया गया व्यय।

(iii) वित्तीय और अन्य राहत निर्धारित करते समय बोर्ड इस बात का पूरा ध्यान रखेगा कि पीड़िता नाबालिक या मानसिक रूप से विकल नहीं है तथा ऐसा होने की स्थिति में और अधिक वित्तीय राहत देने तथा विशेष राहत का उपाय करने पर भी विचार करेगा।

(iv) बोर्ड राज्य अथवा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों और सुविधाओं के साथ राहत और पुनर्वास उपायों के लिए सरकार द्वारा पूर्ण या आंशिक रूप से वित्तपोषित संगठनों का यथासंभव उपयोग करेगा।

16. विशेष मामलों में राहत में वृद्धि–

(i) राज्य बोर्ड को राष्ट्रीय बोर्ड से पूर्व परामर्श करके निम्नलिखित मामलों में राहत के लिए दी जाने वाली राशि में वृद्धि करने का अधिकार होगा जिसके लिए राहत की राशि अधिकतम 3,00,000/– रुपए होगी:

(क) 13 वर्ष से कम आयु के बच्चों के प्रति अपराध जिनके लिए विशेष इलाज और देखभाल की जरूरत हो;

(ख) मानसिक रूप से परेशान, मानसिक बाधाग्रस्त महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध जिनके लिए विशेष इलाज और देखभाल की जरूरत हो;

(ग) जिन मामलों में बलात्कार के परिणामस्वरूप पीड़िता यौन संसर्ग द्वारा संचारित रोगों से संक्रमित हो गई हो जिनमें पीड़िता का एचआईवी/एड्स द्वारा प्रभावित होना भी शामिल है;

(घ) जिन मामलों में बलात्कार के परिणामस्वरूप पीड़िता गर्भवती हो जाए और अपने नियंत्रण से बाहर हो चुकी परिस्थितियों के कारण उसे उस बच्चे को जन्म देना पड़े;

(ड.) ऐसे मामले जिनमें पीड़िता को गंभीर चिकित्सीय समस्याओं का सामना करना पड़े जिसमें शारीरिक और मानसिक समस्याएं शामिल हैं;

(च) कोई अन्य निर्धारित आधार।

17. राज्य बोर्ड का गठनः

(i) महिला और बाल विकास या समाज कल्याण विभाग का प्रधान सचिव जो राज्य बोर्ड का अध्यक्ष होगा;

(ii) इसके अतिरिक्त, राज्य बोर्ड में पांच अन्य सदस्य होंगे जिनमें गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी, विधि मंत्रालय के कम से कम संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के परामर्श से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मनोनीत तीन प्रतिनिधि जो महिला एवं बच्चों से संबंधित कानूनों और मामलों के जानकार हों, शामिल होंगे। राज्य महिला आयोग का सदस्य–सचिव या उसके स्थान पर या आयोग की अध्यक्षा

द्वारा मनोनीत कोई अन्य अधिकारी इस बोर्ड का सचिव नियुक्त किया जाएगा;

(iii) मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष होगा परंतु उनके कार्यकाल में एक और वर्ष का विस्तार किया जा सकता है।

18. राज्य बोर्ड के कार्यः

(i) राज्य बोर्ड जिला बोर्डों के कार्यों का समन्वय करेगा और उन पर निगरानी रखेगा;

(ii) राज्य बोर्ड उसे केंद्र सरकार द्वारा आबंटित धनराशि तथा राज्य सरकार द्वारा दी गई अतिरिक्त धनराशि का जिला बोर्डों को समुचित संवितरण सुनिश्चित करेगा;

(iii) पीड़िता को उचित चिकित्सीय, मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता सुनिश्चित करने के लिए अधिनियम के तहत उपयुक्त प्राधिकरणों को निर्देश जारी करेगा;

(iv) बोर्ड पीड़िता या उसकी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा बोर्ड को कोई याचिका दिए जाने पर स्व–प्रेरणा से या अन्यथा ऐसी शिकायत की जांच करेगा जिसमें बलात्कार और/या इस योजना के प्रावधानों से संबंधित किसी अन्य मामले के बारे में आरोप लगाया गया हो और मामले को जिला बोर्ड के पास भेजेगा;

(v) बोर्ड जिला बोर्ड के निर्णयों के खिलाफ सभी अपीलों पर विचार करेगा;

(vi) साधारण परिस्थितियों के उचित मामलों में राष्ट्रीय बोर्ड की पूर्व अनुमति से मुआवजे की राशि बढ़ाएगा जो अधिक से अधिक 3,00,000/– रुपए होगी।

19. राष्ट्रीय आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्ड का गठनः

(i) राष्ट्रीय महिला आयोग के अंतर्गत राष्ट्रीय आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्ड नामक एक निकाय का गठन किया जाएगा;

(ii) राष्ट्रीय बोर्ड में निम्नलिखित सम्मिलित होंगेः

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा जो बोर्ड की अध्यक्ष होगी, और पांच अन्य सदस्य जिनमें राष्ट्रीय महिला आयोग का सदस्य–सचिव, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के कम से कम संयुक्त सचिव के रैंक का एक अधिकारी, महिला एवं बच्चों से संबंधित कानूनों और मामलों का जानकार एक सदस्य जिसे राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा मनोनीत किया जाए, महिलाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करने का अनुभवप्राप्त एक सदस्य तथा एक अन्य सदस्य जो चिकित्सक हो अथवा बलात्कार से संबंधित मामलों में अनुभव रखने वाला व्यक्ति हो जिसे राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा द्वारा नियुक्त किया जाएगा, शामिल होंगे। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य–सचिव राष्ट्रीय आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्ड के सदस्य–सचिव के रूप में भी कार्य करेंगी।

(iii) राष्ट्रीय बोर्ड के मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष होगा और इनका कार्यकाल एक अतिरिक्त बार भी बढ़ाया जा सकता है।

20. राष्ट्रीय बोर्ड के कार्यः

राष्ट्रीय बोर्ड इस स्कीम का संचालन करेगा और इस प्रयोजनार्थः–

(i) इस स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन और संचालन हेतु नीतियां और प्रक्रियाएं निर्धारित करेगा।

(ii) इस स्कीम के तहत देय राशि की मात्रा और अन्य राहतों की समय–समय पर समीक्षा करेगा और केंद्र सरकार को सलाह देगा।

(iii) बोर्ड मंत्रालय को राज्य सरकारों को लोक अभियोजकों को इस आशय के उपयुक्त निर्देश जारी करने की सलाह देगा कि वे पीड़ितों को उपयुक्त मुआवजा देने के लिए सक्षम न्यायालय के समक्ष दलील दें और

स्कीम के अंतर्गत शुरू की गई कार्यवाही से न्यायालय को अवगत कराएं।

(iv) निधियों/बजट की आवश्यकता का प्राक्कलन करेगा।

(v) राज्य बोर्डों के लिए निधियों का प्रशासन और आबंटन करेगा।

(vi) पीड़िता को उपयुक्त चिकित्सीय, मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता सुनिश्चित करने के लिए स्कीम के अंतर्गत उपयुक्त प्राधिकारियों को निर्देश जारी करेगा।

(vii) केंद्र और राज्य सरकारों के परामर्श से पुनर्वास स्कीमों के संबंध में दिशानिर्देश तैयार करेगा और उन्हें जारी करेगा।

(viii) स्कीम के क्रियान्वयन पर निगरानी रखेगा और उसका मूल्यांकन करेगा तथा समय–समय पर इस संबंध में रिपोर्ट मंगाएगा।

(ix) स्कीम के क्रियान्वयन हेतु स्कीम के तहत गठित राज्य एवं जिला प्राधिकरणों के कार्यकरण के बीच समन्वय स्थापित करेगाा और उन पर निगरानी रखेगा।

(x) बोर्ड स्वप्रेरणा से या अन्यथा अथवा पीड़िता या उसकी ओर से किसी व्यक्ति या किसी गैर–सरकारी संगठन द्वारा उसे याचिका प्रस्तुत किए जाने पर किसी ऐसी शिकायत की जांच कर सकता है या करवा सकता है जिसमें बलात्कार और/या इस स्कीम के उपबंधों से संबंधित किसी मामले के संबंध में आरोप लगाया गया है और मामले को उपयुक्त जिला या राज्य बोर्ड के पास भेजेगा।

21. वित्त/अनुदान सहायताः

(i) केंद्र सरकार स्कीम के क्रियान्वयन के लिए बजट में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को धनराशि का आबंटन करेगी जो राष्ट्रीय बोर्ड को हस्तांतरित की जाएगी और उसके माध्यम से वह निधि सहायता–अनुदान के रूप में जिला बोर्डों को अंतरित की जाएगी।

(ii) बजटीय आबंटन राष्ट्रीय आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्ड के परामर्श से किया जाएगा।

(iii) एक सक्षम न्यायालय द्वारा बलात्कार के अपराधी पाए गए व्यक्तियों से एकत्र की गई जुर्माना/लागत, मुआवजे की राशि न्यायालय के आदेश पर राष्ट्रीय आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्ड में जमा की जाएगी।

(iv) राष्ट्रीय आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्ड राज्य आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्डों को उनकी आवश्यकता के अनुसार धनराशि का आबंटन करेगा। राज्य आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्ड आगे जिला आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्डों को धनराशि आबंटित करेंगे।

(v) बजटीय आबंटन निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए प्रयोग में लाया जाएगाः

(क) इस स्कीम के तहत दी गई सहायता पर होने वाला व्यय जिसमें राज्य आपराधिक क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्डों को दिए गए अनुदान भी शामिल हैं।

(ख) राष्ट्रीय, राज्य और जिला क्षति राहत एवं पुनर्वास बोर्डों के कार्यकरण के लिए अपेक्षित कोई अन्य व्यय जिसमें पीड़िताओं के पुनर्वास के लिए आवश्यक धनराशि भी शामिल है।

22. लेखे और लेखापरीक्षा

केंद्रीय, राज्य और जिला बोर्ड सही लेखे और अन्य संगत रिकार्ड रखेंगे और एक वार्षिक लेखा विवरण तैयार करेंगे जिसमें आय और व्यय खाता और तुलन–पत्र भी सम्मिलित होंगे। इन लेखाओं की लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक एवं लेखापरीक्षक द्वारा की जाएगी।

23. इस योजना के तहत दिए जाने वाले आवेदन दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 357/357क के तहत दिए गए किसी आवेदन के अतिरिक्त होंगे।

आवेदन प्रपत्र

1. पीड़िता का नाम :
2. पीड़िता की आयु :
3. माता–पिता का नाम : (क) पिता
   (ख) माता
4. पता :
5. घटना की तारीख और समय :
6. घटना घटित होने का स्थान :
7. आवेदक का नाम :
8. पीड़िता के साथ संबंध (कानूनी उत्तराधिकारी या गैर–सरकारी संगठन)
9. क्या प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है? यदि "हा", तो प्राथमिकी की एक प्रति संलग्न करें:
   यदि "नहीं", तो इसके कारण बताएं
10. क्या न्यायालय में शिकायत दर्ज करा दी गई है?: यदि हां, तो उसकी एक प्रति संलग्न करें।
11. क्या चिकित्सीय जांच करवाई गई है?: यदि हां, तो चिकित्सीय रिपोर्ट/मृत्यु प्रमाणपत्र संलग्न करें।
12. बैंक खाते का ब्योरा :

दिनांक : आवेदक के हस्ताक्षर

अनुलग्नक–V

उन गैर–सरकारी संगठनों की सूची जिन्हें वर्ष 2009–10 के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम (एलएपी) आयोजित करने का कार्य सौंपा गया है

क्र सं.	गैर–सरकारी संगठन/संस्था का नाम और पता	विषय	संस्वीकृत राशि
1.	मेरिट एजूकेशनल सोसाइटी, गांव – लारमा, पी ओ सानेकुची, जिला नलबाड़ी, असम	एलएपी	₹ 40,000/-
2.	युवा ज्योति, ज्योति कुची, रामनगर, गुवाहाटी, जिला कामरूप, असम	एलएपी	₹ 40,000/-
3.	मिशन फॉर इंटिग्रेशन, जेंडर इक्विटी, हारमोनी एंड फाइट अगेंस्ट थ्रेट, मकान संख्या 2, भागदत्तापुर, बेलटोला बाजार, गुवाहाटी–731028, असम	एलएपी	₹ 30,000/-
4.	मणिकुंतल महिला उन्नयन केंद्र, निकट भरतठाकुर क्लिनिक, खारगुली, गुवाहाटी, असम	एलएपी	₹ 30,000/-
5.	डॉ. अम्बेडकर मिशन, असम, गांव धोपातरी, पी ओ चांदसारी, जिला कामरूप–781101, असम	एलएपी	₹ 30,000/-
6.	डिस्ट्रिक्ट सोशल वेल्फेयर ऑफिस, चालीहा नगर, बाइलेन–7, सेक्टर–2 (नाम घर के निकट), तिनसुकिया (असम)–786125	एलएपी	₹ 28,425/-
7.	नेशनल एजूकेशनल इंस्टिट्यूट, दिसपुर, लखीम नगर, गुवाहाटी–6, असम	एलएपी	₹ 40,000/-
8.	ज्योतिमय फाउंडेशन, ग्राम – रुक्मिनीगांव, मकान सं.401, पी ओ खानापाड़ा, जिला कामरूप, असम	एलएपी	₹ 40,000/-
9.	फॉर वेल्फेयर टू ऑल "हेपाह" बिहमपुर, पी ओ मुलारकुची, जिला नलबाड़ी (असम) – 781 303	एलएपी	₹ 40,000/-
10.	प्रोग्रेसिव डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन, सुहा, पी ओ भोगरपार, बारपेटा, असम	एलएपी	₹ 40,000/-
11	सोसाइटी फॉर होलिस्टिक एप्रोच फॉर रूरल पीपल डेवलपमेंट, असम	एलएपी	₹ 40,000/-
12.	अभिजन, गांव देहारकुची, पी ओ सोनेकुची, पुलिस थाना घोगरापेर, जिला नलबाड़ी, असम	एलएपी	₹ 40,000/-
13.	नॉर्थ–ईस्ट पीपल्स राइट, चाहिनीहाबी गांव, पी ओ तिमोन, जिला शिवसागर, असम – 785691	एलएपी	₹ 40,000/-
14.	इत्तेहाद सोशियो–कल्चरल आर्गेनाइजेशन, नगरिया पट्टी, पी ओ हाइबोर गांव, जिला नौगांव, असम	एलएपी	₹ 40,000/-

क्र सं.	गैर–सरकारी संगठन/संस्था का नाम और पता	विषय	संस्वीकृत राशि
15.	लाइट ऑफ विलेज इनर्जी, एच ओ ज्योतिकुची, रामनगर, गुवाहाटी–34, असम	एलएपी	₹ 40,000/-
16.	मराचवालकोवा वाटरशेड एसोसिएशन, विलेज एंड पोस्ट कमलाबाड़ी, जिला बारपेटा, असम	एलएपी	₹ 40,000/-
17.	प्रयास, बिजनी टाउन, पी ओ एवं पी एस बिजनी, जिला चिरंग, बी टी ए डी, असम – 783390	एलएपी	₹ 40,000/-
18.	ड्रीम्स, गांव धुरकुची, पी ओ चतमा, जिला नलबाड़ी, असम – 781350	एलएपी	₹ 40,000/-
19.	कुंवर चतिया संधानी महिला समिति, झांजी हंचारा, जोरहाट, असम	एलएपी	₹ 80,000/-
20.	असम राज्य महिला आयोग, असम	एलएपी	₹ 1,20,000/-
21.	नॉर्थ–ईस्ट ब्राइट सोसाइटी, आर्यभट्ट पथ, पंजाबारी, गुवाहाटी–37, जिला कामरूप, असम	एलएपी	₹ 80,000/-
22.	लुरफुइया नवजागरण क्लब, जिला बारपेटा, असम	एलएपी	₹ 80,000/-
23.	हरिजन लेबर अभ्युदय संगम, डी नंबर 16/275 – 2, नंदलपाडु, ताड़ीपतरी–515411, अनंतपुर जिला (आंध्र प्रदेश)	एलएपी	₹ 30,000/-
24.	"आइडियाज" आइडियल डेवलपमेंटल इनपावरमेंट एक्सेसरी सोसाइटी, भाग्य नगर, चौथी गली, द्वितीय क्रॉस रोड, अंगोले, जिला प्रकाशम, आंध्र प्रदेश – 523001, फोन नं. 9392475659	एलएपी	₹ 30,000/-
25.	नोबल सोशल एंड एजूकेशनल सोसाइटी, 303, अखिल अपार्टमेंट्स, नेहरू नगर, तिरुपति –517507, जिला चित्तूर, आंध्र प्रदेश	एलएपी	₹ 30,000/-
26.	कृषि महिला मण्डली, नव इंडिया (नेटवर्क एसोसिएशन ऑफ वूमेन एजेंसीज), डी नंबर, 5/10, होस्पिटल रोड, मुथुकर–524344, जिला नेल्लोर, आंध्र प्रदेश	एलएपी	₹ 20,000/-
27.	इंदिरा विकास महिला मण्डली, कडप्पा, डी नंबर 732–3, रवि नगर, कडप्पा–516003, आंध्र प्रदेश	एलएपी	₹ 20,000/-
28.	आर एम एस एस (रूरल महिला सेवा समिति), संख्या 3–6–162, कतिका रंगाडी स्ट्रीट, तिरुपति – 517501, जिला चित्तूर, आंध्र प्रदेश	एलएपी	₹ 30,000/-
29.	श्री लक्ष्मी रूरल डेवलपमेंट एंड एजूकेशनल सोसाइटी, डी नंबर 8/883, जयनगर कालोनी, कल्याण दुर्ग (एम)–515761	एलएपी	₹ 30,000/-

क्र सं.	गैर–सरकारी संगठन/संस्था का नाम और पता	विषय	संस्वीकृत राशि
30.	नोबल सोशल एंड एजूकेशनल सोसाइटी, नेहरू नगर, तिरुपति, आंध्र प्रदेश	एलएपी	₹ 30,000/-
31.	अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग	एलएपी	₹ 4,00,000/-
32.	एसोसिएशन फॉर दॅ वेल्फेयर ऑफ शेड्यूल्ड ट्राइब ऑफ हिमाचल प्रदेश, पुराना अरुणाचल टाइम्स भवन, यूको बैंक के नीचे, तेनाली, ईटा नगर, अरुणाचल प्रदेश	एलएपी	₹ 80,000/-
33.	सीईएनसीओआरईडी, सेंटर फॉर कम्युनिकेशन रिसोर्सिज डेवलपमेंट, ए–16, बुद्ध कालोनी, पटना – 800001, बिहार	एलएपी	₹ 30,000/-
34.	ग्रामदीप मधुबनी, गांव गोसांइटोला, पोस्ट राघोपुर ब्लाट, वाया रामपति, जिला मधुबनी (बिहार) – 847211	एलएपी	₹ 30,000/-
35.	महिला मदर टेरेसा सेवा संस्थान, मार्फत आलम मंजिल, मोहल्ला जय प्रकाश नगर, वार्ड सं. 22, जिला खगड़िया (बिहार) – 851204	एलएपी	₹ 30,000/-
36.	नव बिहार उद्योग मण्डल, सैदा बाजार, हिल्सा, जिला नालंद, बिहार	एलएपी	₹ 30,000/-
37.	जागृति जन कल्याण समिति, श्याम नगर, भिकनपुर, भागलपरु, बिहार	एलएपी	₹ 30,000/-
38.	हरिजन आदिवासी महिला कल्याण समिति, वीर कुंवर सिंह कालोनी, दलहट्टा बाजार, मुंगेर (बिहार)	एलएपी	₹ 30,000/-
39.	भवानी ट्रेनिंग सेंटर, मगरा, पोस्ट मगरा, जिला नालंदा (बिहार)	एलएपी	₹ 30,000/-
40.	ग्रामोद्योग आश्रम देवीस्थान, गया रोड, नवादा–805110 (बिहार)	एलएपी	₹ 30,000/-
41.	दॅ मिल्लत एजूकेशनल, इकोनोमिकल एंड सोशल रिफोर्म सोसाइटी, मोहल्ला फकीराखान, उर्दू बाजार, दरभंगा (बिहार) –846004	एलएपी	₹ 30,000/-
42.	ज्ञान सागर, छोटा बरियारपुर, हवाई अड्डा, निकट चित्रकूट मंदिर, मोतीहारी, पूर्वी चंपारन, बिहार–84540	एलएपी	₹ 30,000/-
43.	महिला उद्योग केंद्र, परमेश्वर भवन, मिर्जापुर लाइनपार, नवादा, बिहार	एलएपी	₹ 30,000/-
44.	हरिजन महिला एवं बाल विकास संस्थान, ग्राम एवं पोस्ट – जनकपुर रोड, पुपरी	एलएपी	₹ 30,000/-
45.	ऋषि सेवा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गांव शिवप्रसाद नगर, पोस्ट बांजा, भइयाथान, जिला सरगुजा, छत्तीसगढ़	एलएपी	₹ 30,000/-
46.	निर्मल सहयोगी समाज सेवी संस्था, बिलासपुर, नजदीक रेलवे क्रॉसिंग, लाल खदान, बिलासपुर, छत्तीसगढ़	एलएपी	₹ 60,000/-

क्र सं.	गैर–सरकारी संगठन/संस्था का नाम और पता	विषय	संस्वीकृत राशि
47.	पीपल फॉर एजूकेशन, रिसर्च स्कॉलरशिप एंड आउटवार्ड न्यूट्रिशन, द्वितीय तल, 39, मोहम्मदपुर, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली	एलएपी	₹ 60,000/-
48.	ईसान एनवायरनमेंटल एंड रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट, 1327, सेक्टर ए, पॉकेट बी, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070	एलएपी	₹ 60,000/-
49.	उन्नी डिजास्टर मैनेजमेंट एंड रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी, 9 न्याय मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली–110021	एलएपी	₹ 60,000/-
50.	महक सेवा समिति (रजि.), सी–8/502, सुल्तानपुरी, नई दिल्ली–110086	एलएपी	₹ 30,000/-
51.	नारी जागृति एवं सामाजिक उत्थान संगठन, मुख्यालयः मकान संख्या 56, हस्तसाल गांव, नई दिल्ली–59	एलएपी	₹ 30,000/-
52.	एसबीएस फाउंडेशन, ए–361, सरस्वती मार्ग, मंडावली, फजलपुर, दिल्ली–92	एलएपी	₹ 60,000/-
53.	क्राफ्टस एंड सोशल डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन, 3484/1, नारंग कालोनी, त्रि नगर, दिल्ली–35	एलएपी	₹ 60,000/-
54.	भगवान देवी एजूकेशनल एंड सोशल वेल्फेयर एसोसिएशन, 657/1, नई बस्ती, देवली, नई दिल्ली–62	एलएपी	₹ 30,000/-
55.	अखिल प्रोग्रेसिव एंड कल्चर, जीएच–1/80, ऊपरी तल, पश्चिम विहार, नई दिल्ली–63	एलएपी	₹ 30,000/-
56.	देहली कॉलेज डिसटेंस लर्निंग एजूकेशनल एंड वेल्फेयर सोसाइटी, एफ–10, 11–12, भगवती गार्ड एक्सटेंशन, सिद्धात्री एनक्लेव, नई दिल्ली–59	एलएपी	₹ 60,000/-
57.	दॅ सोसाइटी फॉर वूमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट एंड सर्विस, तिरुपति प्लाजा, यूजी–4, ए–212 सी, गली नं 1, विकास मार्ग, शकर पुर, दिल्ली–110092	एलएपी	₹ 60,000/-
58.	कल्पतरु समाज कल्याण संघ, आर जेड 282–ए, गली नंबर 11, गोपाल नगर, नजफगढ़, नई दिल्ली–110043	एलएपी	₹ 30,000/-
59.	सेव ऑर सोल इंडिया, ई–4/60, सुल्तानपुर, नांगलोई, नई दिल्ली	एलएपी	₹ 30,000/-
60.	पब्लिक हेल्थ एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी ऑफ इंडिया, ओम विहार, उत्तम नगर, नई दिल्ली	एलएपी	₹ 30,000/-
61.	पब्लिक हेल्थ एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी ऑफ इंडिया, आर जैड एच 163, कमला पार्क, धर्मपुरा, नई दिल्ली	एलएपी	₹ 30,000/-

क्र सं.	गैर–सरकारी संगठन/संस्था का नाम और पता	विषय	संस्वीकृत राशि
62.	बंधुआ मुक्ति मोर्चा, 7, जंतर मंतर रोड, नई दिल्ली	एलएपी	₹ 30,000/-
63.	इंडियन ऑडिट एजूकेशन एसोसिएशन, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली	एलएपी	₹ 30,000/-
64.	इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेल्फेयर एक्शन, नई पार्क सोसाइटी, निकट मारुति सोडा फेक्टरी, मालीवार, व्यारा, जिला – तापी (दक्षिण गुजरात)	एलएपी	₹ 30,000/-
65.	समाज कल्याण समिति रामगढ़, कार्यालय : वी पी ओ रामगढ़, तहसील और जिला जींद, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
66.	दॅ आदर्श नशामुक्ति समिति, न्यू एम्पलाइज कालोनी, निकट जिला जेल, गोहाना रोड, जींद (हरियाणा)	एलएपी	₹ 30,000/-
67.	"सेवा" सोसाइटी फॉर एजूकेशन एंड वेल्फेयर एक्टिविटीज, निकट बिजली घर, वी पी ओ नांगल चौधरी, नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा)	एलएपी	₹ 30,000/-
68.	विश्वकर्मा एजूकेशनल सोसाइटी, गली नंबर 1, जीवन नगर, सोनीपत, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
69.	ग्रामीण विकास समिति, पानीपत, पंजीकृत कार्यालय, पता वी पी ओ भांदरी, मडलुड, जिला पानीपत, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
70.	श्री गणेश शिक्षा समिति, सरकारी अस्पताल के पीछे, गांव और पोस्ट डॉ. चौधरी नांगल चौधरी, नारनौल, जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा–123023	एलएपी	₹ 30,000/-
71.	ग्रामीण युवा विकास मण्डल, न्यू भाटिया कालोनी, पानीपत, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
72.	मानव कल्याण एवं सुरक्षा समिति, गांव कलवाड़ी, पोस्ट डोंगरा अहीर, जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा–123021	एलएपी	₹ 30,000/-
73.	दॅ रूरल आर्गेनाइजेशन फॉर अवेयरनेस एंड डेवलपमेंट (आरओएडी), मार्फत बतरा निवास, वार्ड–24, निकट रेलवे लाइन, शिव पार्क, संजीवन एनक्लेव, रोहतक–124001 (हरियाणा)	एलएपी	₹ 30,000/-
74.	आर के एजूकेशनल सोसाइटी (रजिस्टर्ड), गांव – भानी भारोन, तहसील मेहम, जिला रोहतक, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
75.	सोना वेल्फेयर सोसाइटी, 192, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड, रोहतक–124001	एलएपी	₹ 30,000/-
76.	सर छोटू राम युवा क्लब, वी पी ओ बेरी, जिला झज्जर, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
77.	समाज विकास शिक्ष समिति, वी पी ओ बहिबा, पन्ना पनड़ी, मेहम, जिला रोहतक	एलएपी	₹ 30,000/-

क्र सं.	गैर–सरकारी संगठन/संस्था का नाम और पता	विषय	संस्वीकृत राशि
78.	शिव जन जागृति शिक्षा समिति, मकान संख्या 1809/31, शिव नगर, भिवानी रोड, रोहतक	एलएपी	₹ 30,000/-
79.	गेहलू ज्ञान भारती शिक्षा समिति, ग्राम एवं पोस्ट बोंड कलां, पाना मिरान, तहसील चरखी दादरी, जिला भिवानी (हरियाणा)	एलएपी	₹ 30,000/-
80.	युवा स्पोर्ट्स समिति, निकट बिजली घर, चौधानी, जुलाना, तहसील जींद	एलएपी	₹ 30,000/-
81.	ग्रामीण महिला विकास समिति, गांव बिरधाना, झज्जर, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
82.	नया सवेरा, हीरा भवन, न्यू अंटा कालोनी, सफीदों, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
83.	जीवन ज्योति समिति, बरनाला रोड, जिला सिरसा–125055 (हरियाणा)	एलएपी	₹ 30,000/-
84.	श्रद्धा, 2131/17, अशोक प्लाजा, दिल्ली रोड, रोहतक (हरियाणा)– 124001	एलएपी	₹ 30,000/-
85.	अखिल भारतीय समाज सुरक्षा समिति, मार्फत चमन लाल, मकान संख्या 623/12, निकट रॉयल प्लेस, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के सामने, भट्टी गेट, झज्जर (हरियाणा) – 124103	एलएपी	₹ 30,000/-
86.	अखिल भारतीय नवयुवक कला संगम, मार्फत शर्मा निवास, 54 फुटा रोड, विद्या नगर, भिवानी, हरियाणा–127021	एलएपी	₹ 30,000/-
87.	महिला चेतना समिति, भीम सिंह निवास, वी पी ओ चिमनी, बेरी, झज्जर, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
88.	दॅ एसोएिशन फॉर रूरल पीपल्स डेवलपमेंट, मार्फत ब्रह्मकुमार, मकान संख्या 232/9, शीला बाई पास चौक, जसबीर कालोनी, रोहतक (हरियाणा) – 12400	एलएपी	₹ 30,000/-
89.	हरियाणा ग्राम सुधार एवं सांस्कृतिक क्लब, दहलीज पन्ना, वी पी ओ सुनारियां कलां, जिला रोहतक (हरियाणा) – 124001	एलएपी	₹ 30,000/-
90.	ऑल इंडिया कॉमनवेल्थ आर्गेनाइजेशन, 94/22, लक्ष्मी नगर, रोहतक, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
91.	सेंटर फॉर एजूकेशन एंड सोशल वेल्फेयर, 665/20, 20, प्रेम नगर, रोहतक (हरियाणा)	एलएपी	₹ 30,000/-
92.	समाज जागृत सेवा समिति, निकट इंडियन पब्लिक स्कूल, 54 फुटा रोड, विद्या नगर, भिवानी (हरियाणा) – 127021	एलएपी	₹ 30,000/-

क्र सं.	गैर–सरकारी संगठन/संस्था का नाम और पता	विषय	संस्वीकृत राशि
93.	हरियाणा विकास संघ, मार्फत उमराव सिंह निवास, वी पी ओ चिमनी, बेरी, जिला झज्जर, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
94.	जन सेवा समिति, वार्ड 3, शिव मार्किट, तहसील मेहम, जिला रोहतक, हरियाणा – 124112	एलएपी	₹ 30,000/-
95.	हरियाण ग्रामीण विकास शिक्षा समिति, मकान संख्या 636–ए/ 20, प्रेम नगर, रोहतक–124001, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
96.	शिव वेल्फेयर सोसाइटी, वी पी ओ अहीरका, तहसील जींद, जिला जींद, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
97.	अमन ग्राम उद्योग समिति (पंजीकृत), मकान संख्या 1095, एन एच बी कालोनी, अर्बन एस्टेट, करनाल	एलएपी	₹ 30,000/-
98.	बुनियाद एजूकेशन सोसाइटी, 1560, सेक्टर 2, रोहतक–124001, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
99.	लक्ष्य एजूकेशन, आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी, मार्फत दलाल कांप्लेक्स ऑफिस, ऑफिस नंबर 4, द्वितीय तल, निकट राज मोटर्स, दिल्ली रोड, रोहतक–124001	एलएपी	₹ 30,000/-
100.	ग्रामीण महिला सशक्तीकरण संघ, निकट भारतीय विद्या मंदिर स्कूल, छोटू राम मार्ग, आर्य नगर, झज्जर–124103	एलएपी	₹ 30,000/-
101.	ग्रामीण विकास मंच, वी पी ओ गोली, असंध, जिला करनाल (हरियाणा)	एलएपी	₹ 30,000/-
102.	हंस एजूकेशन सोसाइटी, शिवनगर, भिवानी रोड, निकट शिवालिक सीनियर सेकंडरी स्कूल, रोहतक	एलएपी	₹ 30,000/-
103.	ग्राम सुधार समिति, वी पी ओ खानपुर ब्राह्मण, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
104.	सेवाहर, वी पी ओ लाहा, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
105.	विज्ञान शिक्षा केंद्र, गांव रजना कलां, पोस्ट बुद्ध खेड़ा पिल्लू खेड़ा, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
106.	ग्रामीण विकास संस्थान, वी पी ओ फरमाना खास, मेहम, जिला रोहतक, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
107.	ग्रामीण युवा विकास मण्डल, वी पी ओ भूंड कलां, ब्लॉक चरखी दादरी, जिला भिवानी, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-

क्र सं.	गैर–सरकारी संगठन/संस्था का नाम और पता	विषय	संस्वीकृत राशि
108.	गोल्डन फ्यूचर फाउंडेशन ऑफ इंडिया, जींद रोड, रोहतक, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
109.	नालंदा एजूकेशन सोसाइटी, वी पी ओ – साह चौखा, ब्लॉक पुनहाना, जिला मेवात, हरियाणा	एलएपी	₹ 30,000/-
110.	पीपल अवेयरनेस फॉर रूरल एक्शन सोसाइटी (पीएआरए), ग्राम एवं पोस्ट दराहल, ब्लॉक चौंतरा, तहसील जोगेंद्र नगर, जिला मण्डी–176120, हिमाचल प्रदेश	एलएपी	₹ 40,000/-
111.	अखिल भारतीय युवा विकास संस्थान, मोहल्ला सूखी जोहड़ी (बीडीओ ऑफिस के पीछे), धरम पुर, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश	एलएपी	₹ 40,000/-
112.	सहारा समाज सेवी संस्था, होटल थ्रि स्टार्स ब्रदर्स, नियर पेट्रोल पंप, थियोग, हिमाचल प्रदेश	एलएपी	₹ 80,000/-
113.	जन जातीय शिक्षा एवं उत्थान समिति, गांव गंगोटा, पोस्ट खनियारा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश	एलएपी	₹ 40,000/-
114.	उपकार स्वं–सेवी संस्थान, पलामू, झारखंड	एलएपी	₹ 30,000/-
115.	सोशल एंड हेल्थी एक्शन फॉर रूरल एम्पावरमेंट (एसएचएआरई), पी ओ सारजामदा, जमशेदपुर, जिला : पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड – 831002	एलएपी	₹ 30,000/-
116.	जम्मू कश्मीर राज्य महिला आयोग, 191 – वाणी हाउस (पोस्टर ऑफिस के निकट), राज बाग, श्री नगर	एलएपी	₹ 4,40,000/-
117.	जम्मू कश्मीर राज्य महिला आयोग, 191 – वाणी हाउस (पोस्टर ऑफिस के निकट), राज बाग, श्री नगर	एलएपी	₹ 1,00,000/-
118.	कणक कल्चरल फाउंडेशन (पंजी.), एलआईजी 80, हुडको कालोनी, बिदर, कर्नाटक–585401	एलएपी	₹ 30,000/-
119.	श्री विद्या सरस्वती महिला मंडल, विद्या नगर, पी ओ कादिरुद्ध यावरा, बेलतन गाडी तालुक, कर्नाटक	एलएपी	₹ 30,000/-
120.	खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, खरकुल साउथ, इम्फाल पश्चिम जिला, मणिपुर, पी ओ मंत्री पुखरी, पी एस – सिकमइ–795002, मणिपुर	एलएपी	₹ 80,000/-
121.	ट्रेडिशन कल्चर एंड बुद्धिस्ट रिसर्च सेंटर (टीसीबीआरसी), मुख्यालय – वी पी ओ अशोक पम्प, ताउबल जिला, मणिपुर–795183	एलएपी	₹ 80,000/-

क्र सं.	गैर–सरकारी संगठन/संस्था का नाम और पता	विषय	संस्वीकृत राशि
122.	वूमेन एंड चिल्ड्रन केयर सेंटर एंड रूरल डेवलपमेंट (डब्ल्यूसीसीसी आरडी), सिंगजामेई, थोडगम, लेईकई, इम्फाल पश्चिम जिला – मणिपुर	एलएपी	₹ 40,000/-
123.	खुमिडोक मुस्लिम वूमेन वेल्फेयर सोसाइटी, खुमिडोक डैम माखोंग, जामा मस्जिद मैनिंग्स, एस पी ओ – पांजेई, इम्फाल पूर्वी–795114	एलएपी	₹ 40,000/-
124.	सेल्फ एम्पलायड ट्राइबल एंड बैकवर्ड वूमेन्स एसोसिएशन, मणिपुर (एस ई ई टी ए), पोरोमपट पी डी ए कॉम्पलेक्स, इम्फाल, मणिपुर	एलएपी	₹ 40,000/-
125.	रेडको फाउंडेशन (फाउंडेशन फॉर रूरल इकोनमिक डेवलपमेंट को–आप्रेशन), ईराम सिफालाविंग लेईकई, बी पी ओ ईराम सिफई–795008, इम्फाल, पश्चिम जिला, मणिपुर	एलएपी	₹ 80,000/-
126.	मणिपुर राज्य महिला आयोग, इम्फाल, मणिपुर	एलएपी	₹ 30,000/-
127.	दि क्रिस्टी यूथ वेल्फेयर आर्गेनाइजेशन, पी ओ – नोंगक्रेम, शिलांग–793015, मेघालय	एलएपी	₹ 80,000/-
128.	नोंगक्रेम यूथ डेवलपमेंट एसोसिएशन, पूर्वी खासी पर्वतीय जिला, शिलांग, मेघालय–793015	एलएपी	₹ 80,000/-
129.	अमत्सर, किरो लोअर जेल रोड, शिलांग, मेघालय	एलएपी	₹ 40,000/-
130.	मेघालय राज्य महिला आयोग, शिलांग, मेघालय	एलएपी	₹ 80,000/-
131.	इंस्टिट्यूट ऑफ इण्डो–पब्लिक हेल्थ हाइजीन एंड मल्टीपल एजूकेशन, मित्र नगर, खोरी गली, लातूर–413439, महराष्ट्र	एलएपी	₹ 60,000/-
132.	बहुजन हिताय बहुजन सुखाय बहु–उद्देश्यीय प्रसारक मण्डल, कराद नगर, अहमदपुर, जिला लातूर, महाराष्ट्र	एलएपी	₹ 30,000/-
133.	भारतीय ध्यान वर्धिनी लोक विकास संस्था, लातूर, महाराष्ट्र	एलएपी	₹ 30,000/-
134.	दॅ वूमेन्स वेल्फेयर सोसाइटी, संख्या 146, सेक्टर 2, शिवबासव नगर, बेलगाम–590010	एलएपी	₹ 30,000/-
135.	नेटिव एजूकेशन एंड एम्पलायमेंट डेवलपिंग सोसाइटी, चैम्बर नं.3, नोटरी मार्किट, मिंटो हॉल के सामने, पुराना विधान सभा रोड, भोपाल (मध्य प्रदेश)	एलएपी	₹ 30,000/-
136.	नवेदिता कल्याण समिति, 13/164, मानस नगर (बारा), रीवा (मध्य प्रदेश)	एलएपी	₹ 30,000/-
137.	चौधरी रूपनारायाण दूबे, समाज कल्याण समिति, कुशवाहा कालोनी, इटावा रोड, भिंड, मध्य प्रदेश	एलएपी	₹ 30,000/-
